छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2026 सत्र

बुधवार, दिनांक 25 फरवरी, 2026

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अंतर्गत ग्रीनरी एवं आक्सीजोन निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

1. (*क्र. 492) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत बिलासपुर शहर में ग्रीनरी एवं आक्सीजोन बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है? **(ख)** कंडिका "क" के अंतर्गत विगत 2021 से कहां-कहां पर वृक्षारोपण के कार्य किए गए हैं? कहां-कहां पर आक्सीजोन बनाया गया है अथवा प्रस्तावित है? वृक्षारोपण हेतु कौन-कौन से मद से राशि स्वीकृत की गई है? वर्षवार विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "ख" के आक्सीजोन की वर्तमान स्थिति क्या है? किए गए वृक्षारोपण में से कितने प्रतिशत वृक्ष जीवित अवस्था में हैं? वर्षवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत बिलासपुर शहर में ग्रीनरी बढ़ाने के लिए उद्यानों का निर्माण किया गया है। आक्सीजोन का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत श्री राम टॉवर के पीछे व्यापार विहार उद्यान, रमजानी बाबा तालापारा उद्यान, वृहस्पति बाजार उद्यान, सिम्स उद्यान, हैप्पी स्ट्रीट, मैथलीशरण गुप्त उद्यान नर्मदा नगर, टाउन हाल उद्यान, नेहरू चौक से मंगला चौक के मध्य, मिनोचा कालोनी स्मार्ट सिटी सड़क, रिवर व्यू सड़क, तिफरा फ्लाई ओवर के नीचे, कोन्हेर उद्यान एवं बाल उद्यान में ग्रीनरी हेतु घास, छोटे पौधे तथा हैजिंग लगाने का कार्य किया गया है। **(ख)** बिलासपुर स्मार्ट सिटी अंतर्गत विगत 2021 से वृक्षारोपण का कार्य नहीं कराया गया है एवं आक्सीजोन का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन की मिशन अवधि मार्च 2025 में समाप्त हो चुकी है, अतएव स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कोई भी आक्सीजोन निर्माण कार्य प्रस्तावित नहीं है। अतः प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ग)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के तहत् स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

2. (*क्र. 626) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत् स्वीकृत कार्यों में से दिनांक 02 फरवरी, 2026 की स्थिति में पूर्ण, अपूर्ण व अप्रारंभ कार्यों की विकासखण्डवार ग्रामों के नाम सहित जानकारी देवें ? कार्य पूर्णता उपरांत किन-किन ग्रामों में इस योजना के अंतर्गत पेयजल की आपूर्ति की

जा रही है ? जानकारी देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' के स्वीकृत कार्यो में से विगत 02 वर्षों में किन-किन ग्रामों में धीमी गति से कार्य होने, गुणवत्ताहीन निर्माण होने, कार्य में अनियमितता बरतने आदि की शिकायतें विभाग/जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है या विभाग के संज्ञान/जानकारी में आयी है तथा प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 02 फरवरी 2026 की स्थिति में जल जीवन मिशन योजना के स्वीकृत कार्यों मे से पूर्ण, अपूर्ण व अप्रारंभ कार्यो की विकासखण्डवार, ग्रामों के नाम, कार्य पूर्ण ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना में स्वीकृत कार्यो में गुणवत्ताहीन निर्माण, कार्यो की धीमी गति, कार्यो में अनियमितता तथा अन्य प्रकार की शिकायत एवं की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

<u>प्रदेश में गिग वर्करों के लिये श्रम कानून</u>

[श्रम]

3. (*क्र. 571) श्री अजय चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश में स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकइट, रैपिडो (गिग वर्क) इस तरह की कितनी कंपनियां कार्यरत हैं? इन कंपनियों को कार्य करने हेतु अनुमति देने की प्रक्रिया क्या है? इन कंपनियों में कितने गिग वर्कर कार्यरत हैं? उनमें से छत्तीसगढ़ के कितने हैं? क्या इसके संबंध में कोई नियम-निर्देश हैं? **(ख)** क्या प्रश्नांक (क) गिग वर्करों की भर्ती हेतु शैक्षणिक या अन्य योग्यताएं निर्धारित की गयी हैं? क्या इनके वेतन, श्रमावधि एवं सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता हेतु नियम-शर्ते लागू होती हैं? इसकी निगरानी करने के लिये क्या व्यवस्था है एवं किस स्तर के अधिकारी द्वारा इनकी देख-रेख की जाती है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में श्रम विभाग अंतर्गत स्विगी, जोमैटो ब्लिंक इट, रेपिडो जैसे कंपनियाँ पंजीकृत नहीं है। उप मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय) तथा कल्याण आयुक्त (केन्द्रीय) द्वारा इस प्रकार की कंपनी पंजीकृत नहीं होने की जानकारी दी गयी है। उक्त कंपनियों के श्रम विभाग अंतर्गत पंजीयन नहीं होने के कारण इनमें कार्यरत गिग वर्कर की कुल संख्या तथा उनमें से छत्तीसगढ़ के गिग वर्करों की संख्या की जानकारी उपलब्ध नहीं है। श्रम विभाग द्वारा प्रवर्तित श्रम अधिनियम अंतर्गत उक्त कंपनियों को कार्य करने की अनुमति देने संबंधी कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं है।**(ख)** गिग वर्करों की भर्ती हेतु शैक्षणिक या अन्य योग्यताएं, वेतन एवं समयावधि निर्धारित करने का कोई प्रावधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म वर्करों की सामाजिक सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा मण्डल का गठन केन्द्रीय सरकार द्वारा किये जाने का प्रावधान किया गया है।

<u>जिला जांजगीर-चांपा में सी.एस.आर. मद से कराए गए कार्य</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

4. (*क्र. 213) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जांजगीर-चांपा जिले में औद्योगिक इकाईयों द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत विगत तीन वर्षो में कितनी राशि व्यय की गई है? इस राशि से कितने कार्य कराए गए हैं? प्रदायित राशि का ब्यौरा औद्योगिक संयंत्रवार प्रदान करें? **(ख)** सीएसआर मद से कराए गए कार्यो की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं? **(ग)** क्या सीएसआर. मद से कार्यो के चयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा को

प्राथमिकता दी जाती है? यदि हां, तो विगत दो वर्षो में किन-किन जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से कितनी राशि के कार्य स्वीकृत किये गये हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी अनुसार जांजगीर-चांपा में औद्योगिक इकाईयों द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कुल राशि 10,54,57,658 रुपये व्यय की गई है। इस राशि से कुल 47 कार्य कराए गए हैं। प्रदायित राशि का ब्यौरा औद्योगिक संयंत्रवार **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में सीएसआर मद से कराए गए कार्यों की सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। जिला जांजगीर-चांपा में सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत होने वाले कार्यों की सूची माह जुलाई, 2025 से जिले की वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/en/notice_category/information-about-construction-work पर सार्वजनिक रूप से अपलोड की जा रही है। **(ग)** कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी अनुसार सीएसआर मद से कार्यों के चयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाती है। विगत दो वर्षों में माननीया सांसद जांजगीर-चांपा के अनुशंसा से 04 कार्यों हेतु कुल राशि 25,00,000 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

कोंडागांव जिले में शालाओं का उन्नयन एवं शाला भवनों का निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

5. (*क्र. 603) सुश्री लता उसेंडी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** कोंडागांव जिले में शालाओं के उन्नयन एवं नवीन एवं क्षतिग्रस्त शाला भवन के निर्माण हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? इन आवेदनों पर 10/02/26 तक क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** स्कूल जतन योजना के अंतर्गत विगत 3 वर्षों में कोंडागांव जिले को कितनी राशि प्राप्त हुई है? इस राशि से कितने निर्माण कार्य कराए गए हैं? क्या इन निर्माण कार्यों से संबंधित कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो क्या कार्रवाई की गई है?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) कोंडागांव जिले में उन्नयन हेतु 11 शालाओं के आवेदन प्राप्त हुए है। नवीन शाला भवन निर्माण हेतु 41 आवेदन प्राप्त हुए है। क्षतिग्रस्त शाला भवन के निर्माण हेतु 95 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उक्त आवेदनों में से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेबेन्दरी में भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। **(ख)** स्कूल जतन योजना के अंतर्गत विगत 3 वर्षों में कोंडागांव जिले को 30,01,10,100/-रूपये राशि दी गई हैं। इस राशि से 711 मरम्मत के कार्य एवं 26 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कार्य कराए गये है। जी नहीं। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

प्रदेश में एस.टी.पी. निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

6. (*क्र. 467) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने एस.टी.पी. चालू हालत में हैं? कब से चालू हैं? वास्तविक ट्रीटमेन्ट कैपेसिटी कितनी है? कितनी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है? स्थान का नाम सहित सम्पूर्ण जानकारी बतावें? **(ख)** प्रदेश में कितने एस.टी.पी. निर्माणाधीन हैं? कब से निर्माणाधीन हैं? अनुबंध के अनुसार निर्माण पूर्णता तिथि क्या है? कितनी-कितनी राशि स्वीकृत हुई थी? कितनी व्यय हुई? कितनी शेष है? निर्माण की भौतिक स्थिति क्या है? निर्माण में विलम्ब को कारण सहित एस.टी.पी. निर्माण स्थल का नाम एवं एस.टी.पी. की पृथक-पृथक क्षमता सहित जानकारी देवें? **(ग)** कितनी क्षमता के कितने एस.टी.पी. प्रदेश में स्वीकृति प्रक्रिया में कब

से हैं? वर्तमान में क्या स्थिति है? कितनी राशि प्रस्तावित है? कितने कार्य प्रारंभ हो गए? कितनों का कार्य प्रारंभ होना शेष है? स्थान का नाम, क्षमता, राशि सहित सम्पूर्ण जानकारी देवें? **(घ)** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के तरल अपशिष्ट को नदियों में प्रवाहित करने की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही की विस्तृत जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश के 12 नगरीय निकायों में संचालित 18 एस.टी.पी. का विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार है।(ख)** प्रदेश में निर्माणाधीन 33 एस.टी.पी. की विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है।(ग)** राज्य के 68 नगरीय निकायों में 96 एस.टी.पी. परियोजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति, उनके वर्तमान स्थिति एवं स्वीकृत राशि का विस्तृत **विवरण संलग्न प्रपत्र-'स' अनुसार है।** प्रगतिरत् एवं अप्रारंभ कार्यों का विस्तृत **विवरण संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है।(घ)** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के तरल अपशिष्ट को नदियों में प्रवाहित करने की रोकथाम हेतु मिशन अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 01 लाख से अधिक जनसंख्या वाले (जनगणना 2011 अनुसार) 05 नगरीय निकायों एवं स्मार्ट सिटी योजना अन्तर्गत 02 नगरीय निकायों में एस.टी.पी. का निर्माण किया जा रहा है तथा 01 लाख से कम जनसंख्या (जनसंख्या 2011 अनुसार) वाले 72 नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अनुपचारित जल प्रबंधन घटक अंतर्गत एस.टी.पी. निर्माण (इन्टरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) का कार्य किया जा रहा है, जिसका विस्तृत **विवरण संलग्न प्रपत्र-'ब' एवं 'स' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

चिंगरी तथा पीहर नाले का दूषित पानी खारून नदी में आने से रोकने हेतु किए गए उपाय

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

7. (*क्र. 45) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है खारून नदी के पास 81.88 करोड़ रुपये व्यय कर 75 एम.एल.डी. क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र (एस.टी.पी.) के पूर्ण रूप से क्रियाशील होने के बाद भी चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहा गंदा पानी नदी के निर्मल जल को प्रदूषित कर रहा है? यदि हां तो क्यों तथा इसे रोकने के लिए क्या उपाय किये गए? **(ख)** चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहे गंदे तथा दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने के लिए नगर निगम रायपुर द्वारा रुपये 11 करोड़ की कार्य योजना नगरीय प्रशासन विकास विभाग को पिछले 1 वर्षो से भेजे जाने के बाद भी स्वीकृति हेतु लंबित है ? यदि हां क्यों तथा स्वीकृति कब तक दी जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। खारून नदी के पास 81.88 करोड़ रुपये व्यय कर 75 एम.एल.डी. क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र (एस.टी.पी.) का निर्माण किया गया है जो कि पूर्ण रूप से क्रियाशील है। चिंगरी नाला का दूषित जल नाले में बनाये गये पिकअप वियर से ओवर फ्लो होकर नदी में प्रवाहित हो जाता है। चिंगरी नाला का लाईनिंग तथा अप्रोच मार्ग नहीं होने से शिल्ट सफाई की समस्या, वियर की कम ऊंचाई तथा वृहद मात्रा में प्लास्टिक/सॉलिड वेस्ट प्रवाहित होकर पिकअप वियर के मुहाने को बाधित करने से ओवर फ्लो की स्थिति निर्मित हो रही है। इस हेतु मुख्य अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में समिति का गठन कर प्रस्ताव का परीक्षण किया जा रहा है। **(ख)** चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहे गंदे तथा दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने के लिए नगर निगम रायपुर द्वारा रूपये 11 करोड़ की कार्य योजना तैयार की गयी है। उक्त प्रस्ताव के परीक्षण हेतु मुख्य अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा स्थल निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुक्रम में नगर पालिक निगम रायपुर से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

सड़क परियोजनाओं में वेरिएशन ऑर्डर्स के माध्यम से बजटीय वृद्धि

[लोक निर्माण]

8. (*क्र. 579) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹100 करोड़ से अधिक की कितनी सड़क परियोजनाओं में निविदा आबंटन के पश्चात 'डिजाइन परिवर्तन' या 'एक्स्ट्रा आइटम' के नाम पर 25% से अधिक का अतिरिक्त भुगतान किया गया है? क्या कम दरों पर टेंडर आवंटित कर बाद में 'वेरिएशन ऑर्डर' के माध्यम से बजट बढ़ाया गया है? यदि हां तो क्यों ? **(ख)** क्या विभाग ने PWD Road SOR 2025 तैयार करते समय बिटुमेन (डामर) और सीमेंट की दरों को प्रचलित बाजार मूल्य से 12-15% अधिक निर्धारित किया है? यदि हां तो इस 'कृत्रिम मूल्य वृद्धि' से राज्य के खजाने को वित्तीय नुकसान हुआ? यदि हां तो कितना ? **(ग)** रायपुर के स्काईवॉक के निर्माण में हुए विलंब हेतु क्या विभाग ने अनुबंध की शर्तों के तहत ठेकेदार पर ₹7.7 करोड़ (मूल लागत का 10%) का अधिकतम जुर्माना अधिरोपित किया है? यदि नहीं, तो इस नुकसान हेतु किस सक्षम अधिकारी ने ठेकेदार को 'दंडमुक्ति' प्रदान की है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) निरंक **(ख)** जी नहीं। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में संचालित शराब दुकानें

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

9. (*क्र. 707) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के अंतर्गत किस-किस स्थान पर, कितनी शराब दुकानें कब से संचालित हैं? क्या स्थल परिवर्तन की शिकायत विभाग को मिली है? यदि शिकायत मिली है तो विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के अंतर्गत वर्तमान स्थल पर संचालित शराब दुकानों की दिनांकवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। शराब दुकानों के स्थल परिवर्तन के संबंध में 01 शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

कोरबा जिले में संचालित उद्योगों से सी एस आर मद से प्राप्त राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (*क्र. 619) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- वर्ष 2022 से 2025 तक कोरबा जिले में संचालित किन-किन उद्योगों से कितनी-कितनी राशि सी एस आर मद से प्राप्त हुई है ? सी एस आर मद की राशि प्रदान करने हेतु उद्योगों के लिए क्या- क्या नियम निर्धारित हैं? वर्षवार उद्योगवार उपलब्ध करावें ? प्राप्त राशि में से कोरबा जिले में कितनी राशि कौन-कौन से कार्यों में स्वीकृत हुई है और कहां-कहां स्वीकृत की गई है ? स्वीकृत राशि में से कौन-कौन से कार्य पूर्ण हैं और कितने कार्य अपूर्ण हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : कार्यालय कलेक्टर, कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2022 से 2025 तक कोरबा जिले में संचालित 08 उद्योगों से सीएसआर मद अंतर्गत जिला प्रशासन, कोरबा

को कुल राशि 2535.82 लाख रुपये प्राप्त हुआ है। वर्षवार उद्योगवार **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।** सीएसआर मद की राशि के मापदंड भारत शासन के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 की 18) की धारा 135 एवं इसके अधीन कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 निर्मित है, जो 01.04.2014 से प्रभावी है, के अंतर्गत नियम/प्रक्रिया निर्धारित हैं। जिसके अनुसार, प्रत्येक कम्पनी जिनका निवल संपत्ति 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, या जिसका टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, या जिसका गत वित्तीय वर्ष में शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये या अधिक हो, के द्वारा गत तीन वर्षों के औसत लाभ का न्यूनतम 2 प्रतिशत व्यय कंपनी के संचालक मंडल की अनुशंसा पर किये जाने का प्रावधान है। प्राप्त राशि में से कोरबा जिले में विभिन्न कार्यों हेतु स्वीकृति दी गई है, स्वीकृत कार्यों में से 136 कार्य पूर्ण एवं 20 कार्य अपूर्ण है, **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।**

लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में स्थापित उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

11. (*क्र. 699) श्री प्रबोध मिंज : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2021 से जनवरी, 2026 तक लुण्ड्रा विधानसभा में सामान्य/अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति वर्ग के कितने आवेदकों द्वारा किस-किस प्रकार के उद्योग, लघु उद्योग एवं सूक्ष्म उद्योग की स्थापना की गई है? वर्षवार कुल लागत राशि एवं अनुदान राशि सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** सरगुजा जिले में वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उद्योग, लघु उद्योग एवं सूक्ष्म उद्योग की स्थापना में कितनी-कितनी अनुदान राशि देने का प्रावधान है? जानकारी उपलब्ध करावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2021 से जनवरी, 2026 तक लुण्ड्रा विधानसभा के कुल 40 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा में पंजीकृत हुए हैं। सभी 40 उद्यमी सामान्य वर्ग के हैं, अनुसूचित जनजाति एवं अनूसूचित जाति वर्ग के किसी उद्यमी द्वारा उद्योग की स्थापना नहीं की गई है। **जानकारी प्रपत्र 'अ' अनुसार है।** वर्षवार कुल लागत राशि एवं प्रदत्त अनुदान राशि **प्रपत्र 'अ'** के कॉलम क्रमांक 9 तथा 10 अनुसार है। **(ख)**वर्तमान में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रचलित है। जिसके अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना हेतु विभिन्न प्रकार के अनुदान का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास नीति में राज्य के विभिन्न विकासखण्डों को समूह-01, समूह-02 एवं समूह-03 में वर्गीकृत किया गया है। सरगुजा जिले के विकासखण्ड अम्बिकापुर समूह-02 में एवं शेष विकासखण्ड समूह-03 में वर्गीकृत है। सरगुजा जिले हेतु प्रावधानित समूहवार अनुदान का **विवरण प्रपत्र-ब अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

SIR कार्य में शिक्षकों के संलग्न होने के कारण अध्यापन बाधित होने संबंधी

[स्कूल शिक्षा]

12. (*क्र. 410) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** SIR के अलावा कितने कार्यो में शिक्षकों की ड्यूटी गैर शिक्षकीय कार्यो में लगाई गई है और क्यों? कृपया स्पष्ट करेंगे? **(ख)** SIR में संलग्न शिक्षकों के एवज में अध्यापन कार्य हेतु विभाग द्वारा क्या व्यवस्था की गई है? क्या यह सत्य है कि SIR कार्य में शिक्षकों के संलग्न होने के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हुआ ? प्रदेश में कितने शिक्षक SIR में संलग्न हैं? **(ग)** विभाग में शैक्षिक गुणवत्ता के लिए क्या मापदंड तय किए गए हैं? गैर शिक्षकीय कार्यो से क्या गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो रही है? अगर हो रही है तो गुणवत्ता सुधार के लिए विभाग द्वारा क्या जिम्मेदारी तय की गई है?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) SIR के अलावा 91 शिक्षकों की विभिन्न शासकीय कार्यों में स्थानीय एवं प्रशासकीय आवश्यकता के आधार पर ड्यूटी लगाई गई है **(ख)** SIR कार्य में संलग्न सभी शिक्षक अपने पदस्थ संस्था में रहकर ही कार्य कर रहे हैं, तथा इन विद्यालयों में उपलब्ध अन्य शिक्षक संकुल स्तर के शिक्षकों से संबंधित कक्षाओं का अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। जी नहीं। प्रदेश में 18198 शिक्षक SIR में कार्य कर रहे हैं। हैं। **(ग)** विभाग में शैक्षिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए "मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान" (2025-26) के तहत नए मापदंड और रणनीतियाँ तय की गई हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था को आधुनिक और परिणाम-आधारित बनाना है। जी नहीं, शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

<u>दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था</u>

[स्कूल शिक्षा]

13. (*क्र. 380) श्री ललित चंद्राकर : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण के पश्चात् कितने प्राथमिक/पूर्व माध्य./हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल एकल शिक्षकीय हैं? कितने स्कूल भवनविहीन हैं ? विभागीय सेटअप एवं विद्यार्थी दर्ज संख्या के अनुसार रिक्त एवं भरे पदों की जानकारी ग्रामवार, संकायवार, विषयवार, स्कूलवार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार एकल शिक्षक एवं शिक्षक विहीन स्कूलों में बच्चों की शिक्षा हेतु विभाग द्वारा क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है ? यदि हां तो किन-किन स्कूलों में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ? ग्रामवार जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में ड्यूटी लगने के कारण कितने स्कूल शिक्षक विहीन अथवा एकल शिक्षकीय हैं? उक्त स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या कितनी है ? ग्रामवार स्कूलवार जानकारी दें? **(घ)** क्या दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में उन्नयन किये गये स्कूलों में भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है? यदि नहीं तो उन्नयन शाला के विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था किस प्रकार की जा रही है?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण के पश्चात् केवल 02 प्राथमिक शाला एकल शिक्षकीय है, तथा भवन विहीन निरंक है। विभागीय सेटअप एवं विद्यार्थी दर्ज संख्या के अनुसार रिक्त एवं भरे पदों की जानकारी ग्रामवार, संकायवार, विषयवार, स्कूलवार की जानकारी **"पुस्तकालय में रखे प्रपत्र (अ-1, 2, 3, 4)"** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ. जानकारी **"पुस्तकालय में रखे प्रपत्र (ब)"** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। **(घ)** जी नहीं, वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी **"पुस्तकालय में रखे प्रपत्र (स)"** अनुसार है।

<u>नगर पंचायत बसना एवं नगर पंचायत पिथौरा, जिला महासमुंद में अवैध प्लाटिंग के दर्ज प्रकरण</u>

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

14. (*क्र. 439) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पंचायत बसना एवं नगर पंचायत पिथौरा , जिला महासमुंद अंतर्गत वर्ष 2022 से दिसंबर, 2025 तक अवैध रूप से भू – खण्डों के क्रय-विक्रय के कितने प्रकरण दर्ज किये गए हैं? स्थान व खसरा नंबर सहित पृथक-पृथक बतायें? **(ख)** क्या उक्त दोनों नगर पंचायत अंतर्गत अवैध रूप से विक्रय कर रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु वर्ष 2022 से दिसंबर, 2025 तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जिला कलेक्टर व पंजीयक को पत्राचार किया गया था? क्या अवैध प्लाटिंग भूमि का नक्शा-खसरा एवं बटांकन की जानकारी तहसीलदार से मांगी गई थी? यदि हाँ, तो उन पत्रों पर क्या कार्यवाही की गई तथा कितने प्रकरणों में अवैध कब्ज़ा हटाये गए व पंजीयन निरस्त किया गया है और कितने के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही की गई एवं कितने खसरों के पंजीयन पर बैन (ब्लाक) किया गया है? पृथक-पृथक बतायें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला - महासमुंद क्षेत्रांतर्गत नगर पंचायत बसना में वर्ष 2022 से दिसंबर 2025 तक अवैध रूप से भू - खण्डों के क्रय-विक्रय हेतु 01 प्रकरण पर कार्यवाही किया गया है। जिसके तहत् संबंधित कालोनाईजर को नोटिस जारी किया गया है। नगर पंचायत पिथौरा में उक्त तिथि में अवैध रूप से भू-खडों के क्रय-विक्रय नहीं किया गया है। **(ख)** नगर पंचायत बसना क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2022 से दिसंबर 2025 तक सांई विहार कालोनी के (रजिस्ट्री) पंजीयन पर रोक लगाये जाने हेतु पंजीयक, बसना को पत्र लिखा गया है। प्रश्नांश की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

खरसिया ओवरब्रिज के निर्माण की पूर्णता अवधि

[लोक निर्माण]

15. (*क्र. 459) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- रायगढ़ जिला अंतर्गत खरसिया में खरसिया यार्ड के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? उक्त कार्य का टेंडर कब-कब हुआ है ? किसको मिला तथा कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

जिला जशपुर में लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत सड़क मरम्मत

[लोक निर्माण]

16. (*क्र. 633) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जशपुर जिले की जशपुर, पत्थलगांव एवं कुनकुरी विधानसभा क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कितनी सड़कों का निर्माण, नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य स्वीकृत एवं पूर्ण किया गया है? कृपया विधानसभावार स्वीकृत राशि, कार्य की लंबाई एवं पूर्णता की स्थिति का विवरण प्रदान किया जाए ? **(ख)** उक्त अवधि में कितने सड़कों की स्थिति वर्तमान में जर्जर अथवा गुणवत्ताहीन पाई गई है? क्या इन सड़कों की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई गई है? यदि हाँ, तो जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों से अवगत कराया जाए ? **(ग)** गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है अथवा प्रस्तावित है? कृपया विधानसभावार विवरण दिया जाए ? **(घ)** जिला जशपुर अन्तर्गत सड़क मरम्मत हेतु कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? विधानसभावार जानकारी देवें? (ड़) भविष्य में सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा कौन-कौन से ठोस कदम उठाए जा रहे हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला बिलासपुर अंतर्गत मदिरा दुकानों में राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

17. (*क्र. 75) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है कि जिला बिलासपुर अंतर्गत मदिरा दुकानों में विगत दो वर्षों के दौरान राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किए गए हैं? **(ख)** यदि हाँ, तो विगत दो वर्षों (वर्षवार एवं माहवार) कितने औचक निरीक्षण किए गए? प्रत्येक निरीक्षण की तिथि, निरीक्षण करने वाले अधिकारी का

पदनाम, निरीक्षित दुकान तथा निरीक्षण का उद्देश्य का विवरण देवें ? **(ग)** उक्त औचक निरीक्षणों में किन-किन प्रकार की अनियमितताएँ पाई गईं? **(घ)** उक्त निरीक्षणों के आधार पर किन-किन दुकानों, ठेकेदारों एवं आबकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या-क्या विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की गई? प्रकरणवार विवरण देवें ? **(ड)** भविष्य में जिला बिलासपुर में मदिरा दुकानों में नियमित औचक निरीक्षण सुनिश्चित करने हेतु क्या समयबद्ध कार्ययोजना लागू की गई है? विवरण देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हाँ। **(ख)** जिला बिलासपुर अन्तर्गत मदिरा दुकानों का वर्ष 2023-24 में कुल 701 निरीक्षण, वर्ष 2024-25 में कुल 1127 निरीक्षण एवं वर्तमान वर्ष 2025-26 (31.01.2026 तक) कुल 1212 निरीक्षण किये गये है। निरीक्षण करने वाले अधिकारियों का पदनाम, निरीक्षित दुकान का नाम, तिथिवार, माहवार एवं वर्षवार जानकारी, निरीक्षण का उद्देश्य सहित जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** औचक निरीक्षणों में पायी गयी अनियमितता की जानकारी जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** उक्त निरीक्षणों के आधार पर दुकानों एवं आबकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार किये गये कार्यवाही का प्रकरणवार विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। मदिरा दुकानों का संचालन छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा किये जाने से कोई भी ठेकेदार नहीं है। (ड.) जिला बिलासपुर में मदिरा दुकानों में नियमित औचक निरीक्षण किये जाने हेतु जिला एवं संभाग स्तर पर निरीक्षण प्रतिमान निर्धारित है। साथ ही विभाग को टोल फ्री, कार्यालय में प्राप्त शिकायत एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया जाता है।

<u>प्रदेश में औद्योगिक संस्थानों को लैण्ड बैंक से उद्योग स्थापना हेतु प्रदत्त भूमि</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

18. (*क्र. 801) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राज्य में 2019 से जनवरी, 2026 तक उद्योग विभाग/सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा कितने औद्योगिक संस्थानों को लैण्ड बैंक से उद्योग स्थापना हेतु भूमि दी गई है? किस दर पर, कब-कब, संस्थानों के नाम सहित विवरण देवें? **(ख)** क्या भूमि प्रदाय पश्चात् सभी औद्योगिक संस्थानों द्वारा राशि जमा कर उद्योग प्रारंभ किया गया है? यदि हां, तो विवरण देवें? **(ग)** उद्योग स्थापना के लिए दी गई भूमि हेतु नियम क्या हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सीएसआईडीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार 2019 से जनवरी, 2026 तक उद्योग विभाग/सीएसआईडीसी द्वारा कुल 131 उद्योगों को लैण्ड बैंक से उद्योग स्थापना हेतु भूमि आबंटित की गई है। औद्योगिक संस्थानों के नाम, आबंटित दर व आबंटन दिनांक सहित **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र अनुसार है(ख)** सीएसआईडीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योगों को भूमि प्रदाय पश्चात् सभी औद्योगिक संस्थानों द्वारा निर्धारित राशि जमा कर दी गई है। उक्त औद्योगिक संस्थानों में से 61 इकाईयों द्वारा उद्योग प्रारंभ किया गया है। जिसका**विस्तृत जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्रके कॉलम नंबर 08** अनुसार है। **(ग)** उद्योग स्थापना के लिए दी गई भूमि हेतु **नियम "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015" (यथासंशोधित)** अनुसार है।

<u>जिला-दन्तेवाड़ा में खेल मैदानों के सुधार हेतु कार्ययोजना</u>

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

19. (*क्र. 64) श्री चैतराम अटामी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला दंतेवाड़ा में कितने खेल मैदान, इन्डोर स्टेडियम अथवा खेल परिसर वर्तमान में उपलब्ध

हैं? **(ख)** इनमें से कितने मैदान उपयोग योग्य नहीं हैं और उनके सुधार हेतु क्या कार्ययोजना है ? **(ग)** दंतेवाड़ा जिले से विगत तीन वर्षों में कितने आदिवासी खिलाड़ियों का राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है ? चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन राशि समय पर मिली है या नहीं? **(घ)** दंतेवाड़ा जिले में संचालित खेल छात्रावासों में प्रशिक्षकों एवं अन्य स्टाफ के कितने पद स्वीकृत, भरे एवं रिक्त हैं ? **(ड.)** दंतेवाड़ा जिले में युवा कल्याण एवं खेल विकास हेतु विगत दो वर्षों में कितनी राशि स्वीकृत की गई ? स्वीकृत राशि का वास्तविक उपयोग कितना हुआ है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिले में 41 खेल मैदान, 02 इंडोर स्टेडियम एवं 01 खेल परिसर उपलब्ध है। (जिला प्रशासन द्वारा संचालित किया जा रहा है।) **(ख)** जिले के अंतर्गत निर्मित समस्त खेल मैदान वर्तमान में पूर्णतः क्रियाशील एवं खेल गतिविधियों हेतु उपयोग योग्य हैं। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र अ''** अनुसार। **(घ)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र ब''** अनुसार। **(ड.)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र स''** अनुसार।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि

[स्कूल शिक्षा]

20. (*क्र. 21) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या प्रदेश के शिक्षा विभाग में कार्यरत रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में 50 % की वृद्धि की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां तो कब तक ? **(ख)** क्या मध्यान्ह भोजन रसोईया अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं ? यदि हां तो क्या इस दौरान 02 रसोईयों की मौत भी हो गई है ? यदि हां तो क्या मृतक रसोईयों के परिजनों को शासन की ओर से क्षतिपूर्ति की गई ? यदि नहीं तो क्यों ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी नहीं। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ख)** जी हां। जी नहीं। अनिश्चित कालीन हड़ताल के दौरान रसोईयों की मौत धरना स्थल पर नहीं हुई है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जिला शिक्षा अधिकारियों पर की गई कार्यवाही

[स्कूल शिक्षा]

21. (*क्र. 400) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या वर्ष 2022-23 से जनवरी, 2026 तक प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों पर अनियमितता, भ्रष्टाचार, घूसखोरी, गबन के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभाग द्वारा जांच की कार्यवाही की गई है? यदि हां तो किन-किन अधिकारियों के विरूद्ध, क्या-क्या शिकायतें थी? जिला शिक्षा अधिकारियों के नाम सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अधिकारियों की जांच किस-किस स्तर के अधिकारियों द्वारा की गई? जांच में क्या पाया गया? दोषियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार जांच, अधिकारियों के नाम, पदनाम सहित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कितनी राशि वसूली, अधिरोपित की गई थी? कितनी वसूली की गई? कितनी शेष है तथा क्यों ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी हां, जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 2, 3 एवं 4अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम नं 5, 6, एवं 7अनुसार है।**(ग)** वर्तमान में किसी भी अधिकारी से राशि वसूली अधिरोपित नहीं की गई है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है ।**[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]**

विधानसभा सीतापुर क्षेत्र के विद्यालयों में शौचालय निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

22. (*क्र. 475) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा सीतापुर क्षेत्र में कितने प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंड्री विद्यालय हैं जहाँ शौचालय नहीं हैं या उपयोग की स्थिति में नहीं हैं ? ब्लॉकवार विद्यालय के नाम सहित जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** उक्त विद्यालयों में शौचालय निर्माण हेतु क्या कार्ययोजना है ? जानकारी दें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत 44 प्राथमिक शाला, 20 माध्यमिक शाला, 01 हाईस्कूल विद्यालय हैं जहाँ शौचालय नहीं हैं या उपयोग की स्थिति में नहीं हैं। ब्लॉकवार विद्यालय के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** बजट उपलब्धता के आधार पर शौचालय निर्माण की कार्यवाही की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

नगर पंचायत माना कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

23. (*क्र. 563) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत माना कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कितने मकान स्वीकृत हुये हैं या निर्मित हुये हैं? यदि नहीं हुये हैं तो क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ दिये जाने हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2024 से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी 2.0 लागू है। वर्तमान में योजनांतर्गत नगर पंचायत माना कैम्प में आवासों की स्वीकृति निरंक है। योजनांतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधित नगरीय निकायों से जिला स्तरीय मूल्यांकन एवं निगरानी समिति से अनुशंसित प्रस्ताव प्राप्त होने पर राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति के माध्यम से प्रस्ताव भारत सरकार की केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाता है। भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् आवासों की स्वीकृति संबंधित नगरीय निकायों को प्रदान की जाती है। नगर पंचायत माना कैम्प से योजनांतर्गत आवासों की स्वीकृति हेतु उक्तानुसार प्रस्ताव प्राप्त नही होने के कारण नगरीय निकाय में योजनांतर्गत आवासों की स्वीकृति निरंक है।

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी डोंगरगांव को 39 कार्यों के देयक भुगतान हेतु प्रेषित अनुशंसा पत्र

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

24. (*क्र. 595) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या क्षेत्रीय कार्यालय, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग, दुर्ग के पत्र क्रं./483/यां.प्र./अ.दे./2024, दिनांक 22.07.2024 के द्वारा मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, डोंगरगांव को 39 कार्यों के अंतिम देयक भुगतान हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया है? **(ख)** यदि हॉ तो उक्त कार्यो के अंतिम देयक हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग को प्रेषित किये जाने के पहले किन-किन दस्तावेजों के चेकलिस्ट की अनिवार्यता थी व नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा एवं क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग को किन-किन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किन-किन दस्तावेजों के मूल्यांकन एवं सत्यापन व परीक्षण पश्चात अंतिम देयक हेतु दस्तावेज प्रस्तुत कर संयुक्त संचालक की अनुशंसा की जाती है? **(ग)** जिन 07 कार्यो का अंतिम देयक लंबित है उनका भुगतान कब

तक कर दिया जावेगा एवं अपूर्ण दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुशंसा पत्र जारी कराने वाले अधिकारी पर क्या कार्यवाही की जावेगी? कार्यवार, एजेंसीवार, दस्तावेजवार, मूल्यांकन सत्यापनकर्ता, लेखापाल मुख्य लिपिक की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) यह कथन सत्य है कि, क्षेत्रीय कार्यालय, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग, दुर्ग के पत्र क्रमांक /483/यां.प्र./अ.दे./2024, दिनांक 22.07.2024 के द्वारा अंतिम देयक अनुशंसा पत्र जारी किया गया है। जारी अनुशंसा पत्र में 39 कार्यो से भिन्न अन्य 10 कार्यो हेतु भुगतान अनुशंसा जारी है। मूल अनुशंसा पत्र में उल्लेखित 10 कार्य 39 कार्य में सम्मिलित नहीं है। कूटरचना कर तैयार किये गए 39 कार्यो हेतु अनुशंसा पत्र के संबंध में तत्समय में पदस्थ प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दादू सिंह पाल, उप अभियंता श्री चन्द्रशेखर सारथी एवं श्री रेख लाल सिन्हा तथा श्री विनम्र जेमा लेखापाल एवं श्री विवेक सिंह भारद्वाज लेखापाल के उत्तरदायी होने के कारण अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित है, तथा संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास दुर्ग को कारण बताओं सूचना दिनांक 17.02.2026 को जारी किया गया है। **(ख)** उक्त कार्यो के अंतिम देयक हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग को प्रेषित किये जाने के पहले निम्नांकित दस्तावेजों के चेकलिस्ट की अनिवार्यता थी:- 1. मूल्यांकन/माप-पुस्तिका 2. छ.ग. न.पा. लेखा नियम 1971 के अंतर्गत प्रारूप 90 (नियम 149)/प्रारूप 91 (नियम 150) 3. इसके अतिरिक्त संबंधित नस्ती जिसमें प्रशासकीय स्वीकृति, निविदा आमंत्रण प्रति, समाचार पत्र में प्रकाशन की प्रति, निविदा समिति की कार्यवाही, वित्तीय स्वीकृति, अनुबंध, कार्यादेश एवं कार्य का फोटोग्राफ्स संलग्न होता है। नगर पंचायत अभियंता के माध्यम से प्रस्तुत दस्तावेजों के मूल्यांकन एवं सत्यापन व परीक्षण पश्चात् अंतिम देयक की सक्षम तकनीकी अधिकारी (यथा कार्यपालन अभियंता/अधीक्षण अभियंता) द्वारा अंतिम देयक भुगतान की अनुशंसा की जाती है। **(ग)** जिन 07 कार्यो का अंतिम देयक भुगतान हेतु लंबित था, उसमें से 03 कार्यो का भुगतान किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:- 1. किसान सभा गृह निर्माण कार्य (तहसील परिसर प्रथम तल पर) डोंगरगांव का अंतिम देयक भुगतान दिनांक 19.09.2025 को जारी किया जा चुका है। 2. वार्ड क्र. 02 में हनुमान मंदिर से सुशीला कोरे घर तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य का अंतिम देयक भुगतान दिनांक 07.11.2025 को जारी किया जा चुका है। 3. वार्ड क्र. 11 में रोहित गुप्ता के सामने से राकेश देवांगन से गौठान तक सी.सी.रोड का निर्माण कार्य का अंतिम देयक का भुगतान दिनांक 07.11.2025 को किया जा चुका है। शेष 04 कार्यो का अंतिम देयक भुगतान लंबित है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:- 1. वार्ड क्र. 01 बाहुबली हार्डवेयर से जाहीर हसन घर तक सी.सी.रोड का निर्माण कार्य की शिकायत प्राप्त होने पर संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग संभाग के जांच अनुसार संबंधित ठेकेदार को निकाय स्तर पर स्पष्टीकरण जारी कर सड़को के मरम्मत संबंधित यथोचित निर्णय लिया जाकर सड़क की गुणवत्ता/यथोचित अवधि तक उपयोगिता सुनिश्चित की जा सकें, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार से नियमानुसार क्षतिपूर्ति हेतु राशि भी वसूली किया जाना है। 2. प्राथमिक शाला डोंगरगांव में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य की शिकायत प्राप्त होने पर संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग संभाग के जांच अनुसार बिना सक्षम तकनीकी स्वीकृति के प्राक्कलन में उल्लेखित यथा तकनीकी प्रावधानों का पूर्ण पालन किये बगैर निर्माण किया गया है, साथ ही मूल्यांकन भी प्रश्नाधीन है, जिसके लिए निकाय पदस्थ अभियंता व संबंधित ठेकेदार उत्तरदायी है। चूंकि निर्माण कार्य विद्यालय के अध्यापन कक्ष से संबंधित है, ऐसी स्थिति में उपयोग के पूर्व स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी टेस्ट/यथोचित गुणवत्ता परीक्षण कराया जाना है। 3. गौठान निर्माण कार्य के संबंध में संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग संभाग के जांच अनुसार निकाय से प्राप्त प्रतिवेदन मय तकनीकी रिपोर्ट व अभिमत में मूल्यांकित राशि तथा कार्यो के संबंध में माप-पुस्तिका में की गई प्रविष्टि में भिन्नता दर्शायी गई है, जिसमें ठेकेदार द्वारा यथा उल्लेखित मापदण्ड/इंद्राज माप के अनुसार मूल्यांकित राशि से कम कार्य किये जाने के कारण ठेकेदार को रोकी गई कुल राशि रू. 229134/- का भुगतान किया जाना उचित नही होना लेख है। 4. करियाटोला स्कूल छत मरम्मत कार्य लागत

राशि 1.00 लाख में शेष राशि आबंटन हेतु जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को दिनांक 06.12.2024 को उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा किया गया है, आबंटन अद्यतन लंबित है। अपूर्ण दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुशंसा पत्र जारी कराने वाले अधिकारी पर कार्यवाही शासन स्तर से संबंधित है। कार्यवार, एजेंसीवार, दस्तावेजवार, मूल्यांकनकर्तावार एवं लेखपाल-मुख्य लिपिक की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन के स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

25. (*क्र. 672) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से जनवरी, 2026 तक महासमुंद विधानसभा के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गए हैं ? स्वीकृत कार्यो में कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? विवरण विकासखंडवार ग्रामों के नाम सहित उपलब्ध करावें? **(ख)** जल जीवन मिशन/नलजल योजना अंतर्गत कहाँ-कहाँ पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया ? कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ?टंकी निर्माण कार्य में पूर्ण, अपूर्ण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांक क के स्वीकृत कार्यो में अनियमितताएं, गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री उपयोग किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ तो कहाँ-कहाँ से एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या -क्या कार्यवाही की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2022 से जनवरी, 2026 तक महासमुंद विधानसभा के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यो की योजनावार लागत राशि, पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ तथा अपूर्ण कार्य पूर्ण किए जाने की समयावधि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन/नलजल योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण स्थल, व्यय राशि, पूर्ण, अपूर्ण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

लिंगियाडीह, बिलासपुर में स्वीकृत एवं प्रस्तावित योजना

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

1. (क्र. 1) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वार्ड नंबर 52, दुर्गानगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर में वित्तीय वर्ष 2024-2025 से जनवरी, 2026 तक कौन-कौन से विकास एवं निर्माण कार्य किया जाना स्वीकृत एवं प्रस्तावित है? विकास कार्य एवं योजना का नाम, स्थान, स्वीकृति वर्ष, मद एवं राशि क्या है? स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्य के आदेश की प्रति दे ? **(ख)** उक्त विकास एवं निर्माण कार्य के लिये कुल कितनी भूमि रकबा की आवश्यकता है? विकास कार्य एवं योजनावार भूमि रकबा की आवश्यकता की जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वार्ड नंबर 52, दुर्गानगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर में वित्तीय वर्ष 2024-2025 की जानकारी निरंक है, एवं अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक 15वें वित्त आयोग मद से 01 कार्य राशि रू. 327.00 लाख, अधोसंरचना मद से 02 कार्य कुल राशि रू. 485.62 लाख, जिला खनिज न्यास मद से 03 कार्य कुल राशि रू. 74.28 लाख एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण मद से 01 कार्य राशि रू. 12.00 लाख के कार्य स्वीकृत है। शेष **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

रतनपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में वर्क प्रोग्राम का पालन

[लोक निर्माण]

2. (क्र. 13) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** रतनपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण मे केंदाघाट के उपर से केंवची चौक तक सड़क की निर्माणकर्ता एजेंसी एवं ठेकेदार कौन है? **(ख)** उक्त एजेंसी एवं ठेकेदार द्वारा खुदाई का क्या वर्क प्रोग्राम दिया गया है?क्या ठेकेदार द्वारा दिये गये वर्क प्रोग्राम का पालन किया जा रहा है? अगर नहीं तो विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है? **(ग)** राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा उक्त सड़क मार्ग का कब-कब और किस अधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया? निरीक्षण में क्या-क्या कमियां पायी गयी? उक्त कमियों के विरूध्द ठेकेदार पर क्या कार्रवाई की गयी है ?क्या ठेकेदार द्वारा उक्त कमियों को पूर्ण कर लिया गया है? यदि हां तो कब ? उक्त की जानकारी दें ? **(घ)** ठेकेदार द्वारा किये जा रहे बेतरतीब निर्माण कार्य में यात्रियों के सुगम आवागमन के लिये क्या-क्या व्यवस्था की गयी है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)**, **(ग)** एवं **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

मड़ेली-जरगांव मार्ग पर निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल की पूर्णता अवधि

[लोक निर्माण]

3. (क्र. 31) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला गरियाबंद, विकासखंड छुरा अंतर्गत मड़ेली-जरगांव मार्ग पर निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल का कार्य 4 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् भी जनवरी, 2026 तक अपूर्ण होने के क्या कारण हैं? क्या कांट्रेक्टर को नोटिस दिया गया है? इसे कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

'पाण्डुका-जतमई-गायडबरी-मड़ेली- मुड़ागांव रोड की पूर्णता अवधि

[लोक निर्माण]

4. (क्र. 32) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क 'पाण्डुका-जतमई-गायडबरी-मड़ेली-मुड़ागांव रोड का किस एजेंसी द्वारा निर्माण किया जा रहा है? निर्माण एजेंसी को कितनी समयावधि में पूर्ण करने का लक्ष्य था ? क्या कार्य पूर्ण कर लिया गया है? **(ख)** अपूर्ण की स्थिति में जनवरी, 2026 तक कितना कार्य कर लिया गया है तथा इसके ऐवज में निर्माण एजेंसी/ठेकेदार को कितने प्रतिशत राशि का भुगतान किया गया है? **(ग)** समयावधि में कार्य पूर्ण न करने संबंधी विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? क्या इस निर्माण की गुणवत्ता की जॉच कराई गई है ? यदि हॉ तो कब और किस अधिकारी द्वारा कराई गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विषयांकित कार्य मेसर्स आर.सी.पी.एल. एण्ड आर.के.आई.पी.एल. (जे.व्ही.) रायपुर द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है। उक्त कार्य को अनुबंधानुसार 11.09.2019 से 24 माह का निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था। जी नहीं। **(ख)** कुल लंबाई 37.70 कि.मी. में से 37.25 कि.मी. का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 37.25 कि.मी. के एवज में निर्माण एजेंसी/ठेकेदार को 85.13 प्रतिशत राशि का भुगतान किया गया है। **(ग)** उक्त पैकेज में 16 कि.मी. का भाग वन क्षेत्र में था जिसमें स्टेज-2 के अनुमति के साथ वृक्ष कटाई की अनुमति दिनांक 03.05.20223 को वन विभाग से प्राप्त हुई। इसके पश्चात कैम्पा मद में राशि जमा कर वर्षा ऋतु उपरांत वृक्ष कटाई का कार्य पूर्ण कर माह अक्टूबर वर्ष 2023 कार्य प्रारंभ कर किया गया। मार्ग में जतमई एवं घटारानी के पहाड़ी क्षेत्र में घाटी को काट कर मार्ग निर्माण कराया गया। विषयांकित मार्ग के ग्राम-गायबडरी कि.मी. 20+060 से 20+430 = 370 मी. एवं 21+410 = 80 मी. इस प्रकार कुल 450 मीटर लंबाई में भू-अर्जन के कारण बाधित रहा है। गा्रमवासी द्वारा मुआवजा कम है कहकर मुआवजा राशि लेने से मना किया गया हैं तत्संबंध में उक्त ग्राम के 450 मीटर अधूरे कार्य को पूर्ण कराने हेतु कलेक्टर गरियाबंद को विभाग द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है। एडीबी परियोजना में अनुबंध के प्रावधान अनुसार विभाग द्वारा नियुक्त सुपरविजन कंसलटेंट (थर्ड पार्टी) द्वारा संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता की जांच मापदण्ड अनुसार की जाती रही है तथा सुपरविजन कंसलटेंट के नियुक्त इंजीनियर के द्वारा सतत् रुप से तथा विभागीय इंजीनियरों के द्वारा भी नियमित सुपरविजन किया गया है।

जिला दन्तेवाड़ा में एन.एम.डी.सी. (सीएसआर) में प्राप्त आबंटन एवं स्वीकृत कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

5. (क्र. 58) श्री चैतराम अटामी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला-दन्तेवाड़ा में एन.एम.डी.सी., सीएसआर में वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक कितनी राशि प्राप्त हुई हैं? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक प्राप्त राशि से क्या-क्या कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? कार्यवार भौतिक/वित्तीय प्रगति क्या है ? **(ग)** एन.एम.डी.सी., सीएसआर अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में ग्राम सभाओं की सहमति कितने मामलों में ली गई है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कलेक्टर, दन्तेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला-दन्तेवाड़ा में एन.एम.डी.सी., सीएसआर में वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक कुल राशि 948.41 लाख रुपये जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त एन.एम.डी.सी. द्वारा स्वयं एजेंसी के तौर पर राशि 4128.37 लाख रुपये का कार्य सीएसआर के तहत् किया जा रहा है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक प्राप्त राशि से स्वीकृत विभिन्न कार्यों की कार्यवार भौतिक/वित्तीय प्रगति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** कम्पनी अधिनियम, 2013 की प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन अनुसार ग्राम सभा की वैधानिक अनुमति अनिवार्य नहीं होने के कारण ग्राम सभा की सहमति नहीं ली गई है, किन्तु ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव/मांग/कार्य एजेंसी के प्रस्ताव पर कार्ययोजना अनुमोदन पश्चात् स्वीकृति दी गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

जिला दन्तेवाड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के तहत् शिक्षकों की पदस्थापना

[स्कूल शिक्षा]

6. (क्र. 65) श्री चैतराम अटामी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के तहत् अन्यत्र पदस्थापना की गयी है? प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी स्कूलों में किस सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण एवं पदस्थापना की गयी है ? **(ख)** युक्तियुक्तकरण के पश्चात क्या सभी स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना की गई है ? **(ग)** युक्तियुक्तकरण पश्चात् दन्तेवाड़ा जिला के कौन-कौन से स्कूलों काे मर्ज किया गया है ? **(घ)** क्या प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के पश्चात प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी स्कूलों का नवीन सेटअप जारी किया गया है ? **(ड.)** जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत वर्तमान में कितने प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हैं ? इन विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना कब तक की जाएगी ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी हां। छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-24/2024/20-तीन, नवा रायपुर, दिनांक 02.08.2024 एवं पत्र क्रमांक एफ 2-24/2024/20-तीन, नवा रायपुर दिनांक 28.04.2025 के अनुसार प्रक्रिया की गई है। **(ख)** जी हां। युक्तियुक्तरण प्रक्रिया की कण्डिका ''सातः- अतिशेष शिक्षकों के चिन्हांकन हेतु प्रक्रिया'' के अनुरूप प्राथमिक शाला / पूर्व माध्यमिक शाला/हाई/ हायर सेकेण्डरी स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** जी नहीं। **(ङ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

जिला बिलासपुर में नवीन स्थापित मदिरा दुकानों में कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

7. (क्र. 76) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या जिला बिलासपुर अंतर्गत विगत दो वर्षों में कई नवीन मदिरा दुकानें स्थापित की गई हैं? यदि हां तो कितनी ? **(ख)** क्या नवीन मदिरा दुकानों में बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए, अपारदर्शी ढंग से कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितता पाए जाने पर किन-किन ठेकेदारों/एजेंसियों एवं संबंधित आबकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की गई है? **(ग)** क्या यह तथ्य सही है कि कुछ दुकानों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता न देकर बाहरी व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है? यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं? विवरण दें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला बिलासपुर अंतर्गत विगत दो वर्षों में कोई भी नवीन मदिरा दुकानें स्थापित नहीं की गई हैं। **(ख)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ग)** जिला बिलासपुर अन्तर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित किसी भी मदिरा दुकानों में बाहरी व्यक्तियों की नियुक्ति नहीं की गयी है। छत्तीसगढ़ के स्थानीय बेरोजगार युवाओं को ही मदिरा दुकानों में नियोजित किया गया है।

जिला धमतरी में जल-जीवन-मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

8. (क्र. 85) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी में वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक जल-जीवन-मिशन योजना के अन्तर्गत किन-किन ग्रामों के कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? किन-किन ग्रामों के कार्य अपूर्ण हैं ? **(ख)** उपरोक्त वर्षानुसार कितनी-कितनी राशि ग्रामवार स्वीकृत की गई है ? **(ग)** निर्माण में गुणवत्ता की क्या स्थिति है ? (घ) किन-किन ठेकेदारों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य की अवहेलना की गई है तथा समय पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ? क्या ऐसे ठेकेदारों को विभाग द्वारा ब्लेक लिस्टेड किया जा रहा है ? विवरण प्रदान करें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला धमतरी में वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जिन ग्रामों के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। जिन ग्रामों के कार्य अपूर्ण है, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** उपरोक्त वर्षानुसार ग्रामवार स्वीकृत राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त कराये जा रहे है। **(घ)** ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ता की अवहेलना की जानकारी निरंक तथा ठेकेदारों द्वारा समय पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। जी नही। अपितु ठेकेदार के द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, पर अनुबंध अनुसार अर्थदण्ड अधिरोपण की कार्यवाही की गई है।

भारतमाला सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

9. (क्र. 86) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत भारतमाला सड़क निर्माण के तहत् कितने रोड क्षतिग्रस्त हुये हैं ? जानकारी देवें ? क्या क्षतिग्रस्त रोड का मरम्मत कार्य किया जा रहा है? यदि हॉ तो किन-किन सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण हुआ है ? **(ख)** प्रश्नांश (क) के तहत् क्षतिग्रस्त रोड का मरम्मत कार्य आज पर्यन्त प्रारंभ

नहीं हुआ है ? किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य अपूर्ण है ? इसके क्या कारण हैं ? **(ग)** अपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य कब-तक पूर्ण कर लिया जायेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

जांजगीर- चांपा जिले के अंतर्गत संचालित औद्योगिक उपक्रमों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतें

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (क्र. 99) श्री बालेश्वर साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जांजगीर - चांपा जिले के ग्राम अफ़रीद व भावरमाल अंतर्गत संचालित किन - किन औद्योगिक उपक्रमों के विरुद्ध 2025 से जनवरी, 2026 तक कब - कब और किस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? कृपया जानकारी दें ? **(ख)** क्या सारागाँव, बम्हनीडीह तहसील के अंतर्गत संचालित चैम्पियन सेरेमिक्स और अरविन्द इंड्रस्ट्रीज के विरुद्ध किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो वर्ष 2025 से जनवरी, 2026 तक कब-कब और किनके द्वारा? कृपया जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक "क" और "ख" के अनुसार प्राप्त शिकायतों के आधार पर जनवरी, 2026 तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो कब तक कार्यवाही की जाएगी, जानकारी दें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम अफरीद, तहसील सारागांव में संचालित उद्योग मेसर्स अरविंद सिरामिक्स के विरूद्ध 2025 से जनवरी, 2026 तक प्रदूषण संबंधी 02 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। **विवरण संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। उक्त अवधि में ग्राम भावरमाल अंतर्गत संचालित किसी उद्योग के विरूद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।**(ख)** सारागांव, बम्हनीडीह तहसील के अंतर्गत संचालित मेसर्स चैम्पियन सिरामिक्स और अरविंद इण्डस्ट्रीज के विरूद्ध प्रश्नावधि में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** उत्तरांश **(क)** के अनुसार प्राप्त शिकायतों पर जनवरी, 2026 तक कार्यवाही की जा चुकी है। कार्यवाही का **विवरण संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। उत्तरांश **(ख)** के अनुसार कोई शिकायत नहीं है, अतः शिकायतों पर कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार के सड़कों की मरम्मत, संधारण एवं पेंच वर्क हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

11. (क्र. 118) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग द्वारा पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत, संधारण, पेंच वर्क के लिए जनवरी, 2025 से जनवरी, 2026 तक की स्थिति में कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं कितनी राशि व्यय की गई ? मार्गवार जानकारी देवें? **(ख)** कितने मार्गो का कार्य पूर्ण कर लिया गया है? कितने मार्गो का कार्य अपूर्ण है एवं कितने मार्ग अप्रारंभ हैं? जानकारी देवें? **(ग)** सड़क निर्माण को लेकर कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

कोरबा जिला में सी.एस.आर. मद एवम् सी.एस.ई. मद से प्राप्त राशि के विरूद्ध व्यय

[वाणिज्य एवं उद्योग]

12. (क्र. 119) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से 30 जनवरी, 2026 तक कोरबा जिला में संचालित किन-किन उद्योगों से कितनी कितनी राशि सी.एस.आर. मद में प्राप्त हुई है? सी.एस.आर. मद में राशि प्रदान करने हेतु उद्योगों के लिए क्या-क्या नियम निर्धारित हैं? जानकारी वर्षवार उद्योगवार उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक "क" की प्राप्त राशि में से पाली तानाखार विधान सभा क्षेत्र एवम् कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य, कहां-कहां स्वीकृत किये गये हैं? स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं? अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** सी एस आर मद में प्राप्त राशि का व्यय किसकी-किसकी अनुशंसा पर, किन-किन कार्यों में व्यय किये जाने का प्रावधान है? जानकारी उपलब्ध करावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय कलेक्टर कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2022 से 30 जनवरी, 2026 तक कोरबा जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों द्वारा सी.एस.आर मद अंतर्गत जिला प्रशासन को राशि 2636.50 लाख रुपये प्राप्त हुआ है। प्राप्त राशि की वर्षवार एवं उद्योगवार की **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।** सीएसआर मद में राशि प्रदान करने हेतु भारत सरकार के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 की 18) की धारा 135 एवं इसके अधीन कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 निर्मित है, जो दिनांक 01.04.2014 से प्रभावी है। प्रत्येक कम्पनी जिनका निवल संपत्ति 5000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, या जिसका टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, या जिसका गत वित्तीय वर्ष में शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये या अधिक हो, के द्वारा गत तीन वर्षों के औसत लाभ का न्यूनतम 2 प्रतिशत व्यय सीएसआर मद अंतर्गत किये जाने का प्रावधान है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' की प्राप्त राशि में से पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र एवं कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में सी.एस.आर मद अंतर्गत किये गये कार्य की जानकारी वर्षवार क्रमशः **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-ब एवं स में संलग्न सूची अनुसार** है। कुल 89 कार्य पूर्ण एवं 19 कार्य अपूर्ण है। अपूर्ण कार्य की अद्यतन स्थिति वर्षवार क्रमशः **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-ब एवं स में दर्शित है।(ग)** सीएसआर मद की राशि का उपयोग कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसूची 7 में उल्लिखित गतिविधियों यथा भूख, गरीबी और कुपोषण का उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता प्रोत्साहन, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, वृद्धाश्रम, पर्यावरणीय स्थिरता, वनस्पति और जीव-जंतुओं की सुरक्षा, कृषि वानिकी, राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति का संरक्षण इत्यादि में किया जा सकता है। कार्यालय कलेक्टर कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार सीएसआर मद अंतर्गत जिला प्रशासन को प्राप्त राशि कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप निर्दिष्ट गतिविधियों के लिए जनप्रतिनिधियों एवं विभागों से प्राप्त होने वाली कार्यों के प्रस्ताव को कलेक्टर के अनुशंसा पर संबंधित उद्योगों को स्वीकृति हेतु भेजा जाता है। संबंधित उद्योगों द्वारा स्वीकृति पश्चात उक्त कार्यों के लिए नियमानुसार सीएसआर मद अंतर्गत राशि का व्यय किया जाता है।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभाग के द्वारा निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की लागत राशि

[लोक निर्माण]

13. (क्र. 125) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के द्वारा सत्र 2023-24 से 2025-26 तक कराए गए निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का नाम एवं कुल लागत राशि की जानकारी उपलब्ध कराएं ? **(ख)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ऐसी कितनी सड़कें हैं जिनका मरम्मत कार्य प्रत्येक वर्ष किया गया है और ऐसी कितनी सड़कें हैं जिनकी पिछले 5 सालों में न कोई मरम्मत की गयी है, और न ही कोई सुधार किया गया

है ? **(ग)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ऐसे कौन-कौन से निर्माण कार्य हैं जो स्वीकृत एवं प्रगति पर हैं या प्रारंभ ही नहीं किये गये हैं ? कौन-कौन से निर्माण कार्य की स्वीकृति की गई है एवं लागत राशि कितनी है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'स'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'द'** अनुसार है।

जल जीवन मिशन अंतर्गत अपूर्ण कार्यो के प्रकरण में विभाग द्वारा पुनः निविदा की वस्तुस्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

14. (क्र. 133) श्री अनुज शर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा क्षेत्र धरसींवा अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत किये गये कार्यो में किन-किन ग्रामों में जनवरी, 2026 तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तथा क्यों? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करने वाले किन-किन ठेकेदारों को विभाग के द्वारा नोटिस /ब्लैकलिस्ट एवं रिकवरी किये जाने संबंधी कार्यवाही कब-कब और किन पत्रों के माध्यम से की गई तथा जनवरी, 2026 तक इन प्रकरणों की क्या वस्तुस्थिति है?विवरण प्रदान करें?**(ग)**प्रश्नांक 'क' अनुसार अधूरा कार्य /पाईप डालने पश्चात सड़कों का पुनः निर्माण नहीं होने तथा कार्य बीच में बंद होने वाले कार्यो को पूर्ण कराने हेतु कितने और कौन-कौन से ग्रामों के प्रकरणों में विभाग द्वारा पुनः निविदा आंमत्रित की गई है ?विवरण प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र धरसींवा अंतर्गत जल जीवनिमशन अंतर्गत स्वीकृत किये गये कार्यों में जनवरी 2026 तक पूर्ण नहीं होने वाले कार्यों के कारण सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को विभाग के द्वारा नोटिस/ब्लैकलिस्ट एवं रिकवरी किये जाने संबंधी की गई कार्यवाही प्रेषित पत्रों की जानकारी तथा जनवरी 2026 तक इन प्रकरणों की वस्तुस्थिति का विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है । **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार अधूरा कार्य/पाईप डालने पश्चात सड़कों का पुन: निर्माण नहीं होने तथा कार्य बीच में बंद होने वाले कार्यों को पूर्ण कराने हेतु विभाग द्वारा पुन: निविदा आमंत्रित किये जाने ग्रामों का विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

सी.एस.आर.राशि का उद्योग प्रभावित क्षेत्रों में उपयोग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

15. (क्र. 135) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या सी.एस.आर राशि व्यय भारत सरकार कंपनी अधिनियम, 2013 अंतर्गत उद्योगों द्वारा स्वयं या स्वयं द्वारा निर्धारित एजेंसी से कराया जाता है?यदि हां तो प्रभावित क्षेत्र/गामों में कराये गये कार्यो की गुणवत्ता एवं राशि का मूल्यांकन शासन द्वारा किस तरह से कराया जाता है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार अधिनियम अथवा अन्य किसी नियम में क्या सी.एस.आर. की राशि का उपयोग उद्योग प्रभावित क्षेत्र/ग्रामों में कराये जाने की कोई बाध्यकारी शर्ते हैं ?यदि हां तो क्या और यदि नहीं तो प्रभावित क्षेत्रों/ग्रामों हेतु उद्योगों की क्या जवाबदारी होती है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सीएसआर मद की राशि का व्यय भारत सरकार के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 की 18) की धारा 135 एवं इसके अधीन निर्मित कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 के तहत् किया जाना प्रावधानित है, जिसके अनुसार कंपनी स्वयं अथवा नियम में

उल्लिखित किसी अन्य कंपनी के माध्यम से सीएसआर संबंधी क्रियाकलाप कर सकती है। चूँकि सीएसआर भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत है, अतः कंपनी द्वारा प्रभावित क्षेत्र/ग्रामों में कराये गये कार्यों की गुणवत्ता एवं राशि का मूल्यांकन राज्य शासन द्वारा नहीं किया जाता। **(ख)** उत्तरांश (क) अनुसार धारा 135 के तहत् सीएसआर गतिविधियों हेतु निर्धारित राशि के व्यय में कंपनी उस स्थानीय क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी, जहाँ वह कार्यरत है।

लोक निर्माण विभाग में वार्षिक मरम्मत (A.R) मद में स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

16. (क्र. 158) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगाँव व के.सी.जी. में वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी सड़कों के पैंच वर्क/सुधार व मरम्मत कार्य के लिए वार्षिक मरम्मत (A.R) मद के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई ? इसकी वर्षवार, जिलेवार, विकासखण्डवार पूर्ण जानकारी देवें ? **(ख)** उक्त दोनों जिलों में कितनी सड़कों की मरम्मत व पेंच वर्क व सुधार कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई और कौन-कौन सी सड़कों की मरम्मत व सुधार कार्य किए गए है ? जिलेवार, विकासखण्डवार, और वर्षवार पूर्ण जानकारी देवें? **(ग)** उक्त जिलों की सड़कों में पैंच वर्क कार्य में क्या-क्या अनियमितता किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई? शिकायत के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई और इनमें कौन-कौन से अधिकारी व ठेकेदार संलिप्त हैं और उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? सम्पूर्ण जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण

[लोक निर्माण]

17. (क्र. 169) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बजट वर्ष 2022-23 से जनवरी, 2026 तक विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कुल कितनी सड़कों की स्वीकृति हुई? कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति किस-किस दिनांक को प्राप्त हुई? कितने की प्रशासकीय स्वीकृति जनवरी, 2026 तक लंबित है, कब तक स्वीकृति की जावेगी? कितनी सड़कों का निर्माण प्रारंभ हो चुका है तथा कितनी सड़कों का निर्माण प्रक्रिया में है तथा कितनी सड़कों का निर्माण प्रशासकीय स्वीकृति होने के उपरांत भी नहीं किया जा सका है? सड़कवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्न "क" अनुसार विभाग की कौन-कौन सी सड़कों की 5 वर्ष की संधारण अवधि पूर्ण हो चुकी है? उन पुरानी एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत के कार्य कितने पूर्ण हैं तथा कितने अपूर्ण हैं तथा कब तक की जावेगी? विकासखण्डवार, सड़कवार विस्तृत जानकारी देवें? **(ग)** क्या तीन वर्ष पूर्व बजट में शामिल सड़क निर्माण कार्यों को निरस्त कर दिया गया है। यदि हां तो कितने कार्य हो ? क्या बजट में प्रावधानित निरस्त किये गये कार्यों को पुनः स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु वित्त विभाग से अनुमति चाही गई है ? यदि हां तो कितने की स्वीकृति प्राप्त हुई एवं कितने की नहीं ? अद्यतन स्थिति बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]**

विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

18. (क्र. 170) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में जल जीवन मिशन कितने ग्रामों मे प्रारंभ किया गया है ? जनवरी, 2026 तक कितने ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किस-किस प्रकार के कितने कार्य पूर्ण किये गये हैं तथा कितने अपूर्ण हैं? कितने ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण किया गया है ? कितनी टंकियों से जल का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है, कितनों में नहीं? कितने ग्रामों में पाईपलाईन का विस्तार कार्य पूर्ण किया गया है? कितने अपूर्ण है? **(ख)** प्रश्नांक क अनुसार किस-किस ठेकेदारों को जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यादेश जारी किये गये हैं? किन-किन ठेकेदारों द्वारा किन-किन ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सड़कों की खुदाई किये जाने के बाद यथास्थिति छोड़ देने पर क्या कार्यवाही की गई है ? ग्रामवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में जल जीवन मिशन 303 ग्रामों में प्रारंभ किया गया है। जनवरी 2026 तक 131 ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग योजना के 25 कार्य, एकल ग्राम योजना के 82 कार्य, सोलर जल प्रदाय योजना के 28 कार्य सहित कुल 135 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रेट्रोफिटिंग योजना के 25 कार्य, एकल ग्राम योजना के 133 कार्य, सोलर जल प्रदाय योजना के 24 कार्य कुल 182 कार्य अपूर्ण है। 206 ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण किया गया है। 157 पानी टंकियों से जल का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। 68 टंकियों से जल प्रदाय प्रारंभ नहीं है। 265 ग्रामों में पाईप लाईन का विस्तार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 38 ग्रामों में पाईप लाईन विस्तार कार्य अपूर्ण है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार जिन-जिन ठेकेदारों को जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यादेश जारी किये गये हैं, की ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। सड़कों की खुदाई किये जाने बाद यथास्थिति छोड़ देने वाले ठेकेदारों की जानकारी निरंक है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में पानी की समस्या का निराकरण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

19. (क्र. 195) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कितने गाँवों में सत्र 2024-25 में पानी की समस्या का सामना करना पड़ा था? क्षेत्र के कितने गाँवों में अभी तक पानी टंकी का निर्माण कार्य हो चुका है तथा कितने गाँवों में अधूरा है? क्या निर्मित पानी की टंकियों से सभी गाँवों में नल कनेक्शन चालू कर दिया गया है? नही तो क्यों? **(ख)** क्षेत्र के कितने गाँवों में पीने लायक पानी की उपलब्धता नहीं है तथा साफ पानी के लिए क्या व्यवस्था की गयी है? कृपया जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसी भी गांवों में सत्र 2024-25 में पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा था। क्षेत्र के 290 गांवों में अभी तक पानी टंकी का निर्माण कार्य हो चुका है तथा 37 गांवों में पानी टंकी निर्माण का कार्य प्रगतिरत (अधुरा) है। जी नहीं। समूह जल प्रदाय योजना के कार्य प्रगतिरत होने से इनमें शामिल ग्रामों में जल प्रदाय प्रारम्भ नहीं हुआ है। **(ख)** क्षेत्र के सभी गांवों में पीने लायक पानी उपलब्ध है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

वुमन फॉर ट्री योजना के तहत् पौधा रोपण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

20. (क्र. 257) श्री देवेन्द्र यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला-दुर्ग में वुमन फॉर ट्री योजना के तहत् कौन-कौन से स्थलों में पौधारोपण कार्य किया गया है? उक्त योजना कब से प्रारंभ की गयी है एवं कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? **(ख)** प्रश्नानुसार पौधा रोपण स्थल की देखरेख का कार्य किसको दिया गया है व कितनी राशि दी जा रही है? जानकारी देवें ? **(ग)** जनवरी, 2026 तक कितने स्थलों में कितने पौधे लगाए गए हैं व कितने प्रतिशत मर गए हैं? स्थलवार जानकारी देवें? **(घ)** क्या इस योजना का संचालन सभी जिलों में किया जाना है ? यदि नहीं तो कहां-कहां प्रस्तावित है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला-दुर्ग में वुमन फॉर ट्री योजना के तहत् कुल 66 स्थलों में पौधारोपण का कार्य किया गया है। स्थलवार रोपित पौधों, कार्यादेश जारी दिनांक एवं प्रावधानित राशि का **विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** पौधा रोपण स्थल की देखरेख का कार्य महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। स्थलवार चयनित स्व-सहायता समूह एवं राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र में समाहित है।(ग)** जनवरी, 2026 तक कुल 66 स्थलों में 24310 पौधे लगाए गये एवं 0.32 प्रतिशत मर गये है। स्थलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र में समाहित है।(घ)** इस योजना का संचालन जिला मोहला-मानपुर-चौकी को छोड़कर राज्य के शेष 32 जिलों के चयनित 133 नगरीय निकायों में किया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

राजधानी की सड़को के खम्भों पर लगे विज्ञापन से प्राप्त राजस्व

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

21. (क्र. 265) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राजधानी में सड़कों के बीच डिवाईडर पर लगे सभी विज्ञापन पोल शासकीय हैं ? **(ख)** यदि हां, तो इन विज्ञापन पोल के माध्यम से शासन के कितनी आय हुई है ? **(ग)** शासकीय संपत्ति पर लगे इन पोल से किस दर पर किराया लिया जा रहा है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। राजधानी में सड़कों के बीच डिवाईडर पर लगे सभी विज्ञापन पोल शासकीय (नगर पालिक निगम रायपुर के स्वामित्व) हैं। **(ख)** नगर पालिक निगम रायपुर शहर के रोड़ डिवाईडर में लगे मिनी यूनिपोल, क्योरक पोल एवं पॉयलान बोर्ड के माध्यम से दिनांक 09.02.2026 तक कुल राशि रू. 19,90,51,257.00 की आय हुई है। **(ग)** शासकीय संपत्ति (नगर पालिक निगम रायपुर के स्वामित्व) के रोड़ डिवाईडर में लगे मिनी यूनिपोल, क्योरक पोल एवं पॉयलान बोर्ड को निविदा के माध्यम से अधिकतम दर वाले एजेंसी को अनुबंधित कर किराया लिया जा रहा है।

सरकारी शालाओं में काम करने वाले रसोइयों का मानदेय

[स्कूल शिक्षा]

22. (क्र. 321) श्री भोलाराम साहू : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवा रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर मिड-डे मील योजना के तहत सरकारी शालाओं में काम करने वाले कितने रसोइयों की मौत धरना प्रदर्शन स्थल में तबियत बिगड़ने के कारण हुई है ? मृतकों के नाम पता सहित जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के मृतकों के परिजनों को शासन द्वारा कितनी-कितनी राशि की मुआवजा/सहयोग राशि प्रदान की गई है ? **(ग)** वर्तमान में सरकारी शालाओं में काम करने वाले रसोइयों को प्रति माह कितना मानदेय प्रदान किया जा रहा है तथा रसोइयों की मांगों को कब तक पूरा किया जावेगा ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी नहीं। शेषांश का प्रश्न ही नहीं उपस्थित होता है। **(ख)** निरंक। **(ग)** वर्तमान में सरकारी शालाओं में काम करने वाले रसोइयों को प्रति माह राशि रू. 2000/- मानदेय प्रदान किया जा रहा है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क निर्माण एवं मरम्मत

[लोक निर्माण]

23. (क्र. 322) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की कौन-कौन सी सड़कें कहाँ से कहाँ तक चिन्हांकित हैं ? विकासखण्डवार पृथक-पृथक सड़क के नाम पता एवं कि.मी. सहित जानकारी देवें ? **(ख)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा किन-किन जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण व चौड़ीकरण सड़क निर्माण हेतु 01 अप्रेल, 2024 से 31 जनवरी, 2026 तक कितनी राशि व्यय की गई है ? वर्षवार, विकासखण्डवार, सड़कों के नामवार, कि.मी. एवं व्यय की गई राशि बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

नल-जल योजना (जल जीवन मिशन) के तहत कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

24. (क्र. 332) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिल्हा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मंगला-पासिद व शिवनाथ-मद्कू द्वीप के लिए समूह नल-जल योजना (जल जीवन मिशन) के तहत कब स्वीकृत की गई थी? योजनाओं में उक्तानुसार किन-किन ग्रामों में कितने घरों में जल पहुंचाने व अन्य किस प्रकार की सुविधा दी जानी थी एवं वर्तमान स्थिति क्या है? जनवरी, 2026 तक उक्त योजनांतर्गत ग्रामवार क्या-क्या कार्य के लक्ष्यों के विरूद्व कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण व अप्रारंभ है तथा अपूर्ण/अप्रारंभ कार्यो को कब तक पूर्ण/प्रारंभ किया जावेगा? इन कार्यो के लिए कितनी-कितनी राशि स्वीकृत/जारी, कितनी भुगतान की गई व कितनी राशि भुगतान किया जाना शेष है? कार्यवार, एजेंसीवार, राशिवार जानकारी देवें? **(ख)** तारांकित प्रश्न संख्या-06 (क्रमांक 231) दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 के उत्तर **(ख)** एवं **(ग)** में बताया गया है कि ''प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में पारित निर्णय दिनांक 27.11.2025 के पालन में पुनः कार्यवाही प्रक्रियाधीन है'', इस प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा क्या निर्णय दिया गया व निर्णय के पालन हेतु कितने दिनों का समय प्रदान किया गया है? विभाग/समिति द्वारा उक्तानुसार प्रकरण में माननीय न्यायालय के पारित निर्णय के आधार पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं तो क्यों तथा न्यायालय द्वारा प्रदत्त समय-सीमा पूर्ण कब हो रही है? विस्तृत जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बिल्हा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मंगला-पासिद व मदकू समूह जल प्रदाय योजना (बल्क वाटर सप्लाई) दिनांक 22.02.2022 को स्वीकृत की गई थी। स्वीकृत योजना अनुसार मंगला- पासिद समूह जल प्रदाय योजना के 23 गांवों के 7044 घरों में तथा मदकू समूह जल प्रदाय योजना के 34 गांवों के 8546 घरों में मात्र पेयजल पहुंचाने की सुविधा दी जानी थी। मंगला-पासिद समूह जल प्रदाय योजना का कार्य 32 प्रतिशत एवं मदकू समूह जल प्रदाय योजना का कार्य 52 प्रतिशत पूर्ण है एवं कार्य प्रगतिरत है। समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत ग्राम के अंदर के कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है। मंगला- पासिद समूह जल प्रदाय योजना की एजेंसी मेसर्स स्वास्का कंस्ट्रक्शन, भिलाई है। अनुबंधित राशि रु. 3266.30 लाख है, रु. 1041.86 लाख भुगतान की गयी है तथा रु. 2224.44 लाख भुगतान

किया जाना शेष है। मदकू समूह जल प्रदाय योजना की एजेंसी मेसर्स मनोज केड़िया, सारंगढ़ है। अनुबंधित राशि रु. 4693.85 लाख है, रु. 2419.61 लाख भुगतान की गयी है तथा रु. 2274.24 लाख भुगतान किया जाना शेष है। **(ख)** इस प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 27.11.2025 को मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के स्थान पर राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की शीर्ष समिति को प्रकरण में गुण–दोष के आधार पर निर्णय लेने हेतु आदेशित किया गया। निर्णय के पालन हेतु 45 दिनों का समय प्रदान किया गया था। जिसके परिपालन में शीर्ष समिति द्वारा समय-सीमा में बैठक दिनांक 02.12.2025 को, दिनांक 20.12.2024 को पारित निर्णय को यथावत रखते हुए भविष्य में समस्त संबंधित निविदाकारों (कुल 6) को निर्माण कार्यों में तीन वर्ष के लिये ब्लैक लिस्ट किये जाने का निर्णय लिया गया। शीर्ष समिति के निर्णय अनुसार सम्बंधित निविदाकारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है तथा सभी 11 समूह जल प्रदाय की पुनः निविदा आंमत्रित की गई है। निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।

<u>नगरीय निकायों में सामग्री क्रय/सेवा प्राप्त करने हेतु जारी निविदा</u>

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

25. (क्र. 333) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि जनवरी,2025 से जनवरी, 2026 तक रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर जिले में स्थित नगर पालिका निगम एवं नगर पालिकाओं द्वारा सामग्री क्रय करने व सेवा प्राप्त करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है? यदि हॉ तो कौन-कौन सी निविदा जेम पोर्टल(GeM) के अतिरिक्त अन्य किस माध्यम/प्रकार से जारी की गई तथा कब-कब, किसको व किस दर पर स्वीकृत की गई है? जेम के अतिरिक्त अन्य माध्यम/प्रकार से निविदा आमंत्रित करने स्वीकृति किस अधिकारी द्वारा कब व किन नियमों के आधार दी गई है? पदवार व नामवार तथा निविदावार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश क अवधि में उक्त संस्थाओं द्वारा कब-कब ईओआई(EoI) किन-किन कार्यो के लिए छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत उल्लेखित किन-किन नियमों के आधार पर आमंत्रित व स्वीकृत की गई है? यदि ईओआई (EoI) का प्रावधान भण्डार क्रय नियम में नहीं है तो किस आधार पर आमंत्रित की गई है? ईओआई वार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां, जनवरी 2025 से जनवरी 2026 तक निकायों द्वारा सामग्री क्रय करने व सेवा प्राप्त करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जेम पोर्टल के अतिरिक्त सामग्री क्रय करने व सेवा प्राप्त करने हेतु ई-निविदा/मैन्यूअल निविदा जारी की गई है। जिसकी निकायवार कार्यो की विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ''अ'' अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश-क की अवधि में निकायों द्वारा वूमेन फोर ट्री/अमृत मित्र योजना हेतु स्व-सहायता समूह के चयन हेतु भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा -निर्देश तथा स्वच्छता श्रृंगार योजना हेतु छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप ईओआई आमंत्रित की गई। जिसकी निकायवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ''ब'' अनुसार है।**

<u>रायपुर के तात्यापारा से शारदा चौक सड़क का चौड़ीकरण</u>

[लोक निर्माण]

26. (क्र. 341) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- राजधानी रायपुर के तात्यापारा से शारदा चौक सड़क के चौड़ीकरण की कार्ययोजना प्रारंभ होने में विलंब के क्या कारण हैं ? उक्त योजना के क्रियान्वयन में किन-किन विभागों को शामिल किया गया है ? क्या कार्य प्रारंभ होने एवं पूर्ण होने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है ? कृपया ब्यौरा प्रदान करेंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : राजधानी रायपुर के तात्यापारा से शारदा चौक सड़क के चौड़ीकरण की कार्य योजना प्रारंभ होने में विलम्ब का मुख्य कारण बाधारहित जमीन की अनुपलब्धता है। माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में बैठक दिनांक 19.07.2024 के अनुसार कलेक्टर रायपुर की अध्यक्षता में कमेंटी गठन हेतु आदेशित है। कलेक्टर रायपुर की अध्यक्षता में बैठक दिंक 23.07.2024 में लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका निगम रायपुर, रायपुर विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश रायपुर, पुलिस विभाग, जिला पंजीयक, जिला कोषालय (वित्त विभाग) को शामिल किया गया है। जी नहीं, बाधारहित भूमि उपलब्ध होने के पश्चात ही निर्माण कार्य हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी।

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्मित पानी टंकी की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

27. (क्र. 347) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकी की अद्यतन स्थिति क्या है ? कितने निर्माण कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार कितने ग्रामों में पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं तथा कितने ग्रामों में अर्थवर्क फिलिंग अपूर्ण है ? ग्रामवार जानकारी देवें ? **(ग)** पूर्ण में से कितने स्थानों पर पेयजल सुचारू रूप से संचालित है एवं कितने स्थानों पर अभी भी संचालित नहीं है ? संचालित नहीं होने का क्या कारण है ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकी की अद्यतन स्थिति 189 पूर्ण एवं 21 अपूर्ण है। निर्माण कार्य पूर्ण/अपूर्ण की विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 203 ग्रामों में पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्ण एवं 21 ग्रामों में अपूर्ण है तथा 21 ग्रामों में अर्थवर्क फिलिंग का कार्य अपूर्ण है। ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** 149 पूर्ण ग्राम में से 143 स्थानों पर पेयजल सुचारू रूप से संचालित है एवं 06 स्थानों पर पेयजल संचालित नहीं है। पेयजल संचालित नहीं होने का कारण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में चयनित खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता/सुविधा

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

28. (क्र. 348) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या सत्र फरवरी-मार्च, 2025 में ता.प्र.सं. 04 (क्र.274), दिनांक 25.02.2025 को गुण्डरदेही विधानसभा हेतु माननीय मंत्री जी द्वारा व्यायाम शाला भवन निर्माण सह सामग्री तथा कबड्डी मेट एवं किट प्रदाय हेतु आश्वासन दिया गया था ? यदि हाँ तो अब तक कितने ग्रामों को कबड्डी मेट एवं किट प्रदाय किया गया है तथा कितने स्थानों में व्यायाम शाला भवन निर्माण सह सामग्री प्रदाय किया गया है ? ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या राज्य से चयनित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को विभाग के द्वारा किसी प्रकार की आर्थिक सहायता/सुविधा प्रदान करने की योजना बनाई गई है ? यदि हाँ तो जिले के किन-किन खिलाड़ियों को योजना का लाभ दिया गया है विवरण देवें ? **(ग)** छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खिलाड़ियों/संस्था को कितनी राशि का प्रावधान है ? उक्त योजना हेतु जिले के कितनेखिलाड़ियों/संस्था द्वारा आवेदन किया गया ? कितने लाभान्वित हुए तथा कितने वंचित हुए है? लाभान्वित नहीं होने का क्या कारण है ? नामवार, स्थानवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खेल उपकरण क्रय हेतु जिला बालोद को रुपये 22 लाख दिनांक 28.02.2025 द्वारा आबंटित किया गया है। उक्त राशि से कबड्डी मेट खरीदी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ख)** हॉ। जानकारी संलग्न **प्रपत्र ''अ''** अनुसार। **(ग)** संलग्न **प्रपत्र ''ब''** अनुसार

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

विधान सभा क्षेत्र अभनपुर मे अधोसंरचना मद से स्वीकृत कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

29. (क्र. 358) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अधोसंरचना मद अंतर्गत कुल कितने प्रकार के व किन-किन प्रकृति के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा सकती है? **(ख)** क्या मुख्य मार्ग संरचनाओं एवं आवश्यक स्थान पर प्रवेश द्वार तथा प्रकाश व्यवस्था हेतु इलेक्ट्रिक पोल एवं लाइट स्थापना कार्य को अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत किया जा सकता है? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र अभनपुर अंतर्गत नगर पालिका परिषद, अभनपुर एवं नगर पालिका परिषद, गोबरा नवापारा में वर्ष 2020 से 2025 के मध्य अधोसंरचना मद से कितनी-कितनी राशि के प्रवेश द्वार तथा प्रकाश व्यवस्था हेतु इलेक्ट्रिक पोल एवं लाइट स्थापना कार्य को स्वीकृति प्रदान की गयी है? **(घ)** क्या कंडिका **(ग)** अनुसार स्वीकृत कार्यों को प्रारम्भ किया जा चुका है? यदि नहीं तो किस कारण से अप्रारंभ है तथा कब तक प्रारम्भ कर लिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) अधोसंरचना मद से कुल 25 बिन्दु अंतर्गत शामिल विभिन्न प्रकार के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। कार्यों की प्रकृति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** मुख्य मार्ग संरचनाओं एवं आवश्यक स्थान पर प्रवेश द्वार की स्वीकृति का प्रावधान नहीं है। प्रकाश व्यवस्था के कार्य अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत किया जा सकता है। **(ग)** विधानसभा क्षेत्र अभनपुर अंतर्गत नगर पालिका परिषद अभनपुर एवं नगर पालिका परिषद गोबरानवापारा में वर्ष 2020 से 2025 के मध्य अधोसंरचना मद से प्रवेश द्वार तथा प्रकाश व्यवस्था हेतु इलेक्ट्रिक पोल एवं लाईट स्थापना कार्य हेतु स्वीकृत की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	निकाय का नाम	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत राशि		प्रपत्र
			प्रवेश द्वार	इलेक्ट्रिक पोल एवं लाईट स्थापना कार्य	
1	न.पा.अभनपुर	2020-21	0.00	0.00	**प्रपत्र - ब संलग्न**
		2021-22	2.00	0.00	
		2022-23	0.00	0.00	
		2023-24	0.00	0.00	
		2024-25	0.00	0.00	
		2025-26	0.00	0.00	
		योग	**2.00**	**0.00**	

2	न.पा.गोबरानवापारा	2020-21	0.00	0.00	**प्रपत्र - ब संलग्न**
		2021-22	0.00	0.00	
		2022-23	0.00	0.00	
		2023-24	0.00	0.00	
		2024-25	0.00	0.00	
		2025-26	0.00	0.00	
		योग	**0.00**	**0.00**	

(घ) कंडिका **(ग)** अनुसार स्वीकृत कार्यों की प्रारंभ/अप्रारंभ की स्थिति तथा अप्रारंभ होने पर प्रारंभ किये जाने की संभावित तिथि **संलग्न ''प्रपत्र - ब'' में समाहित है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

नवीन जिला सक्ती बनने के उपरांत लोक निर्माण विभाग के संभाग एवं उप-संभाग का गठन

[लोक निर्माण]

30. (क्र. 364) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या नवीन जिला सक्ती का गठन किया गया है? यदि हाॅ तो कब? दिनांक सहित विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार नवीन जिला सक्ती बनने के उपरांत जिले के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग का गठन कब हुआ ? दिनांक सहित विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' एवं ''ख'' के अनुसार उक्त जिले के अंतर्गत लोक निर्माण गठन में कितने संभाग, उप-संभाग बनाये गये हैं और कितना बनाना शेष है? विवरण देवें? शेष उप-संभागों को कब तक बना दिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के अधिसूचना क्रमांक एफ 11-38/2021/सात-4 दिनांक 8 सिंतबर 2022 द्वारा जिला सक्ती का गठन किया गया है। **(ख)** छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 3-2/2023/19/स्था-1, दिनांक 14.07.2023 द्वारा नवीन जिला सक्ती में लोक निर्माण विभाग के 01 सिविल संभागीय कार्यालय एवं 01 विद्युत/यांत्रिकी उपसंभागीय कार्यालय के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सक्ती संभाग सक्ती का संचालन दिनांक 05.12.2024 से एवं अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग विद्युत/यांत्रिकी उपसंभाग सक्ती दिनांक 09.10.2023 से संचालित है। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' एवं ''ख'' के अनुसार नवीन जिला सक्ती के गठन के बाद लोक निर्माण विभाग के 01 सिविल संभाग एवं 01 विद्युत/यांत्रिकी उपसंभाग कार्यालय का गठन किया गया है। नवीन जिला सक्ती में लोक निर्माण विभाग का और एक उपसंभाग डभरा में बनाने का प्रस्ताव प्रचलन में है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

जिला खैरागढ-छुईखदान-गंडई में संचालित भवन विहीन शालाएं

[स्कूल शिक्षा]

31. (क्र. 375) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वर्तमान में कितनी प्राथमिक शालाएँ, पूर्व माध्यमिक शालाएँ, माध्यमिक शालाएँ तथा उच्चतर माध्यमिक शालाएँ संचालित हैं? (शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों की पृथक-पृथक जानकारी सहित) जानकारी प्रदान करें? **(ख)** जिले में कुल कितनी शालाएँ भवनविहीन हैं तथा कितनी शालाओं के भवन जर्जर स्थिति में हैं? भवनविहीन शालाएँ वर्तमान में कहाँ-कहाँ हैं एवं किस प्रकार कब से अस्थायी भवनों/स्थानों (जैसे आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन,निजी भवन आदि) में संचालित की जा रही

हैं विद्यालय-वार विवरण सहित जानकारी देवें ? **(ग)** क्या भवनविहीन एवं जर्जर शालाओं के नवीन भवन निर्माण/मरम्मत हेतु प्रस्ताव जिला अथवा राज्य स्तर पर भेजे गए हैं यदि हाँ तो कब तक स्वीकृति मिल जाएगी? जानकारी प्रदान करें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वर्तमान में 455 शासकीय प्राथमिक शालाएँ, 182 शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाएँ, 33 शासकीय माध्यमिक शालाएँ तथा 44 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाएँ संचालित है। जिले में कोई भी अनुदान प्राप्त विद्यालय संचालित नहीं है। **(ख)** जिले में कुल 10 शाला भवन विहीन हैं तथा 178 शालाओं के भवन जर्जर स्थिति में हैं। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

जल जीवन मिशन के तहत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में कार्यों की स्वीकृति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

32. (क्र. 376) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 2022 से जनवरी, 2026 तक जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कुल कितने ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य स्वीकृत किए गए हैं? ग्रामवार सूची सहित जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण हुए और कितने कार्य अभी तक अपूर्ण हैं? अपूर्ण का कारण क्या है? किस स्तर पर निर्माणाधीन कार्य अपूर्ण हैं? स्वीकृत कार्य ग्रामों के अनुसार ठेकेदारों के नाम तक कुल कितना भुगतान किया गया? कार्यवार,ठेकेदार के अनुसार भुगतान राशि के विवरण सहित जानकारी प्रदान करें? **(ग)** जिन ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहाँ क्या पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से चालू है? यदि हाँ ,तो ग्रामों के नाम सहित विवरण प्रस्तुत करें? अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण करा कर ग्रामीणों को हर घर नल, हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा दिया जाएगा? जानकारी प्रदान करें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 2022 से जनवरी 2026 तक जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कुल 78 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य स्वीकृत किए गए है। ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत कार्यों में 17 कार्य पूर्ण और 61 कार्य अपूर्ण हैं। हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य स्तर पर निर्माणाधीन कार्य अपूर्ण है। स्वीकृत कार्य ग्रामों के अनुसार ठेकेदारों के नाम, कुल भुगतान राशि की कार्यवार एवं ठेकेदारवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। ग्रामों के नाम सहित विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिये निश्चित समय सीमा बताना संभव नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्थापित लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

33. (क्र. 382) श्री ललित चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विगत 05 वर्षों में स्वीकृत लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों में से कितने उद्योग संचालित हो रहे हैं ? कितने बंद हो गये हैं? ग्रामवार वर्षवार उद्योगों की जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या उद्योग स्थापना हेतु भूमि आबंटन के बाद भी कई इकाईयों में निर्धारित समय में उत्पादन प्रारंभ नहीं है ? ऐसी कितनी इकाईयां हैं ? क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों को राज्य शासन द्वारा कितना अनुदान/सब्सिडी राशि स्वीकृत की गई है? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार उद्योग विभाग द्वारा दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने हेतु पिछले 03 वर्षों में कितने कार्यक्रम, बैठक या उद्योग संवाद आयोजित किये गये हैं ? क्या विभाग द्वारा

क्षेत्र में खाद्य, प्रसंस्करण कृषि आधारित एवं नवीन उद्योग स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव तैयार किया गया है ? भविष्य में ऐसे उद्योगों की स्थापना के लिए क्या योजनाएं हैं ? विस्तृत विवरण दें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विगत 05 वर्षों में कुल 83 लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योग कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग में पंजीकृत हुए हैं। किसी भी उद्योग के बंद होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामवार, वर्षवार, उद्योगों की **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है। (ख)** जी नहीं, औद्योगिक विकास केन्द्र, बोरई में भू-आबंटन प्राप्त करने वाले कुल 24 इकाइयों में से 02 इकाई द्वारा समयावधि में उत्पादन प्रारम्भ किया जा चुका है एवं शेष इकाइयां समयावधि में निर्माणाधीन हैं। राज्य में प्रचलित औद्योगिक नीति के तहत, क्षेत्र की कुल 30 औद्योगिक इकाइयों को स्थायी पूंजी निवेश अनुदान राशि रु.1162.53 लाख तथा कुल 42 इकाइयों को ब्याज अनुदान राशि रु.363.20 लाख स्वीकृत कर वितरित की गई है। **(ग)** दुर्ग जिले में निवेशकों को आकर्षित करने हेतु पिछले 03 वर्षों में कुल 15 उद्यमिता/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय रखे "प्रपत्र-ब" में अनुसार है।** विभाग द्वारा क्षेत्र में खाद्य, प्रसंस्करण कृषि आधारित एवं नवीन उद्योग स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में इस क्षेत्र को थ्रस्ट सेक्टर उद्योगों में सम्मिलित करते हुए सामान्य उद्योगों से अतिरिक्त निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान लागू किया गया है। वर्तमान में प्रचलित औद्योगिक विकास नीति मार्च 2030 तक लागू है, खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि आधारित उद्योगों हेतु औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में प्रावधानित औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय रखे "प्रपत्र-स" में अनुसार है।**

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में सी.एस.आर. मद की राशि का उपयोग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

34. (क्र. 384) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** छत्तीसगढ़ में सी.एस.आर. की राशि के उपयोग के क्या नियम व प्रक्रिया हैं? किन-किन कार्यों/उद्देश्यों हेतु सी.एस.आर. मद की राशि का उपयोग, कितनी-कितनी मात्रा/प्रतिशत में किनकी अनुशंसा/अनुमति से किया जा सकता है? **(ख)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 व 2025-26 के दौरान जनवरी, 2026 तक किन-किन उद्योगों/संयंत्रों/बैंकों/संस्थानों से सी.एस.आर. मद में कितनी कितनी राशि प्रावधानित की गई? कृपया वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** कंडिका **(ख)** अंतर्गत उद्योगों/संयंत्रों से प्रावधानित सी.एस.आर. मद की राशि का किन किन उद्देश्यों हेतु प्रयोग किया गया? वर्षवार, उद्योग/संयंत्रवार खर्च की गयी राशि तथा शेष राशि की जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सीएसआर मद की राशि के मापदंड भारत शासन के कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 की 18) की धारा 135 एवं इसके अधीन कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 निर्मित है, जो 01.04.2014 से प्रभावी है, के अंतर्गत नियम/प्रक्रिया निर्धारित हैं। सी.एस.आर. मद की राशि का उपयोग कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसूची 7 में उल्लिखित गतिविधियों यथा भूख, गरीबी और कुपोषण का उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता प्रोत्साहन, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, वृद्धाश्रम, पर्यावरणीय स्थिरता, वनस्पति और जीव-जंतुओं की सुरक्षा, कृषि वानिकी, राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति का संरक्षण इत्यादि में किया जा सकता है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, के अनुसार, प्रत्येक कम्पनी जिनका निवल संपत्ति 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, या जिसका टर्नओवर 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, या जिसका गत वित्तीय वर्ष में शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये या अधिक हो, के द्वारा गत तीन वर्षों के औसत लाभ का न्यूनतम 2 प्रतिशत व्यय कंपनी के संचालक मंडल की अनुशंसा पर किये

जाने का प्रावधान है। **(ख)** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार अभनपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 व 2025-26 के दौरान जनवरी, 2026 तककिसी उद्योग/संयंत्र/बैंक/संस्थान से सीएसआर मद में जिला प्रशासन रायपुर को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** उत्तरांश **(ख)** के अनुसार चूँकि राशि प्राप्त नहीं हुई है, अतः राशि के प्रयोग का प्रश्न ही नहीं है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्कूलों को प्रतिवर्ष खेल सामग्रियां देने का प्रावधान

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

35. (क्र. 401) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्कूलों को प्रतिवर्ष क्या-क्या खेल सामग्रियां देने का प्रावधान है? खेल सामग्रियों की मांग क्या थी? वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी,2026 तक कितने-कितने स्कूलों को क्या-क्या खेल सामग्रियां प्रदाय की गई? तथा कितने स्कूलों को खेल सामग्री प्रदाय नही की गई? वर्षवार, जिलेवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की अवधि में वर्षवार कितना बजट प्रावधान था? विभाग द्वारा कितनी राशि की स्वीकृति दी गई? कितनी राशि व्यय की गई? खेल सामग्रियों की खरीदी किस प्रक्रिया से किन-किन फर्मो से की गई ? वर्षवार विस्तृत जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत चयनित स्कूलों को प्रतिवर्ष खेल सामग्री जैसे खो-खो पोल, व्हॉलीबॉल नेट एवं बॉल, बास्केटबॉल नेट एवं बॉल, फुटबॉल गोलपोस्ट, बॉल, नेट, हॉकी गोलपोस्ट, बॉल, स्टीक, नेट, खेल परिधान जैसे- टी-शर्ट, निकर, जूता, टैकशूट, नीकेप, ऐक्लेट, रीस्टबैंड आदि एथलेटिक्स खेल उपकरण जेवलिन, शॉटपुट, डिस्कस, हाई जंप की उपकरण, कबड्डी मेट, जूडो मेट तथा जो खेल ओलंपिक, एशियाई खेल, कामनवेल्थ खेल में सम्मिलित है तथा इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर प्रचलित खेलों के सामग्री दिये जाने का प्रावधान है। योजना अंतर्गत प्रति विकासखंड तीन स्कूलों को खेल सामग्री दिये जाने का प्रावधान है। जिला स्तर पर चयनित स्कूलों को खेल सामग्री प्रदान किये जाने जिलों को आवंटन दिया जाता है। छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर शासकीय खेल मैदानों, अधोसंरचनाओं (इंडोर/आउटडोर) को खेल उपकरण खेल सामग्रियां हेतु 02 लाख प्रति खेल मैदान का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी 2026 तक स्कूलों को प्रदाय किये गये सामाग्रियां की जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में प्रतिवर्ष 28000000.00 (दो करोड़ अस्सी लाख रूपये) का प्रावधान था। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में प्रतिवर्ष 2,62,80,000/- (दो करोड़ बैसठ लाख अस्सी हजार रूपये) अर्थात दो वर्ष हेतु कुल राषि 5,25,60,000/(पांच करोड़ पच्चीस लाख साठ हजार रूपये) की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2024-25 में 23146844 (दो करोड़ इक्तीस लाख छियालिस हजार आठ सौ चवालिस रूपये) व्यय किया गया है एवं वर्ष 2025-26 में 5527133 (पचपन लाख सत्ताईस हजार एक सौ तैतीस रूपये) व्यय किया गया है। छ.ग. क्रीडा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खेल उपकरण/बेल सामग्री घटक में वर्ष 2025-26 में 7.5 करोड़ का प्रावधान था, जिसमें 3.5 करोड़ की स्वीकृति दी गई तथा 62.9 लाख का व्यय किया गया। छ.ग. क्रीडा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 20 करोड़ का प्रावधान था जिसमें से 3.83 कारोड़ की स्वीकृति दी गई थी एवं 3.35 करोड़ का व्यय किया गया। खेल सामग्रियों की खरीदी प्रक्रिया एवं व्यय की जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र**अनुसार है।

बालोद से डौण्डीलोहारा मार्ग की स्थिति

[लोक निर्माण]

36. (क्र. 411) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिला मुख्यालय से डौण्डीलोहारा मुख्यमार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है? क्या यह मार्ग नवीन निर्माण/मजबूतीकरण हेतु पूर्व के वर्ष के बजट में शामिल था? यदि हां तो इस मार्ग के निर्माण/मजबूतीकरण हेतु कितनी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी? निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी या नहीं? यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** प्रश्नांक(क) अनुसार यदि हां तो उक्त कार्य आज पर्यन्त प्रारंभ क्यों नहीं हो पाया है? भविष्य में यह कार्य कब तक प्रारंभ हो जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

बस्तर संभाग में नलकूप खनन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

37. (क्र. 413) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग के सभी जिलों में वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक नलकूप खनन् हेतु कितने लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं? यदि हां तो लक्ष्यों की जिलावार, वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के संबंध में अद्यतन स्थिति क्या है? उक्त जिलों में कुल कितनी नलकूप मशीनें किन-किन फर्मो से उपलब्ध कराई गई हैं? इनके द्वारा कितने नलकूपों का खनन् अब तक किया गया है? जानकारी देवें? कितना व्यय हुआ है? वर्षवार, जिलावार विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार कौन-कौन से मदों से निविदा कब हुई है? कितने निविदाकार इस निविदा में भाग लिए थे? जिलावार, फर्मवार, वर्षवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बस्तर संभाग के सभी जिलों में वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक नलकूप खनन के निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी जिलावार, वर्षवार **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के संबंध में अद्यतन स्थिति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त जिलों में नलकूप खनन हेतु फर्मों एवं विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई मशीनों की जानकारी फर्मवार **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। फर्मवार खनित नलकूपों की संख्या एवं व्यय की वर्षवार, जिलावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार राज्य मद, निक्षेप मद (विशेष केन्द्रीय सहायता, डी.एम.एफ.) एवं जल जीवन मिशन मदों में नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा हुई है। निविदा की तिथि एवं निविदा में भाग लिए निविदाकारों की जिलावार, फर्मवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

जिला बीजापुर एवं दंतेवाड़ा में विज्ञान एवं फर्नीचर सामग्री क्रय एवं वितरण

[स्कूल शिक्षा]

38. (क्र. 414) श्री विक्रम मंडावी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क) वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला बीजापुर एवं दंतेवाड़ा में शिक्षा विभाग अंतर्गत फर्नीचर, पेपर, पुस्तक छपाई एवं विज्ञान सामग्री इत्यादि का क्रय एवं वितरण कब-कब, कितनी-कितनी राशि का किस प्रक्रिया का पालन करते हुए किया गया है? वर्षवार सम्पूर्ण विवरण देवें? **(ख)** क्या इस प्रक्रिया में निविदा

आमंत्रित की गयी थी? यदि हॉ तो प्रश्नावधि में सामग्री क्रय एवं वितरण हेतु प्रथम न्यूनतम निविदाकार के नाम सहित व्यय की गई राशि का विवरण देवें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' हेतु डी.एम.एफ. मद से राशि व्यय की गई है? यदि हां तो वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 मे जनवरी, 2026 तक प्राप्त एवं व्यय राशि की मदवार, कार्यवार वर्षवार जानकारी देवें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) शासन द्वारा निर्धारित जेम पोर्टल व सी.एस.आई.डी.सी. के ई-मानक पोर्टल के माध्यम से छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित) का पालन करते हुए क्रय किया गया है, शेष जानकारी **संलग्न प्रपत्र "अ"** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ, जानकारी **संलग्न प्रपत्र "ब"** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र "स"** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

विकासखण्ड सारंगढ़ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की पूर्णता

[लोक निर्माण]

39. (क्र. 416) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विकासखण्ड सारंगढ़ के अंतर्गत सत्र 2022-23 से 2025-26 की अवधि में स्वीकृत कार्यो को कब तक पूर्ण कराया जायेगा कृपया जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

राज्य के खिलाड़ियों को प्रदत्त सुविधाएं तथा में खेल सामग्री की खरीदी

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

40. (क्र. 419) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विगत तीन वर्षों में राज्य के खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, खेल प्रोत्साहन राशि, प्रशिक्षण, आवास एवं चिकित्सा सुविधाओं के अंतर्गत कितनी राशि वितरित की गई है? खेल-वार एवं जिला-वार विवरण दें **(ख)** उक्त अवधि में कांकेर, धमतरी एवं बालोद जिलों में खेल सामग्री की कितनी खरीदी की गई है? क्या यह खरीदी GeM पोर्टल/ई-निविदा/स्थानीय क्रय अथवा अन्य किस प्रक्रिया से की गई? प्रत्येक जिले में खरीदी गई सामग्री का नाम, मात्रा एवं भुगतान की गई राशि का विवरण दें? **(ग)** क्या उपरोक्त खेल सामग्री की खरीदी बाजार प्रचलित दरों की तुलना में अधिक मूल्य पर करने संबंधी कोई शिकायतें/अनियमितता पाई गई हैं? यदि हाँ, तो कराई गई जांच तथा दोषी अधिकारियों/आपूर्तिकर्ताओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण दें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **''प्रपत्र अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **''प्रपत्र ब''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 निर्माण के दौरान घटित दुर्घटनाओं के पिड़ितों को मुआवजा

[लोक निर्माण]

41. (क्र. 431) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राष्ट्रीय राजमार्ग 930 निर्माण के दौरान कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं? दुर्घटना में कितने लोगों की जान गई है? क्या पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है? यदि नहीं तो कब तक प्रदाय किया जावेगा? जानकारी देवें? **(ख)** राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में ग्राम ईरागांव ब्रिज के पास क्या रिटेनिंग वाल टूटी है? यदि हां तो क्यों? रिटेनिंग

वाल को कब तक पूर्ण करा लिया जावेगा? **(ग)** रिटेनिंग वाल टुटने से किसानों की फसल क्षति उपरांत किसानों को कितना मुआवजा प्रदाय किया गया है? यदि नहीं तो निर्माण एजेन्सी के ऊपर क्या कार्रवाई की गई है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) निरंक। निरंक। प्रश्न ही नहीं उठता। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

गेल इंडिया के साथ गैस-आधारित उर्वरक परियोजना हेतु किया गया एमओयू

[वाणिज्य एवं उद्योग]

42. (क्र. 436) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के साथ राज्य में ग्रीनफील्ड गैस-आधारित उर्वरक परियोजना हेतु एमओयू किया है? यदि हाँ, तो क्या परियोजना हेतु (EIA) कराया गया है? यदि नहीं, तो अब तक (EIA) न कराए जाने के कारण बताएं ? **(ख)** क्या परियोजना के संबंध में लोक-सुनवाई आयोजित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों नहीं कराई गई तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है? **(ग)** क्या परियोजना के संबंध में स्थानीय ग्राम पंचायतों से लिखित सहमति/आपत्ति प्राप्त की गई है? यदि हाँ, तो उनकी सूची दे और यदि नहीं, तो बिना स्थानीय सहमति के परियोजना आगे किस आधार पर बढ़ाई गई ? **(घ)** क्या गैस-आधारित परियोजना को देखते हुए आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा योजना तैयार की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हां, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के साथ राज्य में ग्रीनफील्ड गैस-आधारित उर्वरक परियोजना हेतु दिनांक 23.12.2025 को एमओयू किया गया है। परियोजना हेतु विस्तृत व्यवहार्यता मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अतः परियोजना से संबंधित समस्त कार्यवाही रिपोर्ट तैयार होने के पश्चात की जावेगी। **(ख)** जी नहीं, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार निवेशक द्वारा परियोजना की स्थापना हेतु स्थल चयन नहीं किया गया है। अतः लोक सुनवाई का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** उत्तराश "ख" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** परियोजना हेतु विस्तृत व्यवहार्यता मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

आत्मानंद स्कूलों में शौचालय निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

43. (क्र. 443) श्री देवेन्द्र यादव : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक प्रदेश के कितने आत्मानंद स्कूलों में शौचालयों के निर्माण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं? स्कूल सहित जानकारी दीजिए? **(ख)** प्राप्त हुए आवेदनों में से कितने स्कूलों में शौचालय निर्माण कार्य किया गया है? पूर्ण व अपूर्ण सहित जानकारी दीजिए?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक 8 आत्मानंद स्कूलों में निर्माण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। स्कूलों की जानकारी संलग्नप्रपत्र के कालम 3अनुसार है। **(ख)** प्राप्त हुए आवेदनों में से समस्त स्कूलों में शौचालय निर्माण कार्य किय जा रहा है। 03 कार्य पूर्ण एव 08 प्रगति पर है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कालम 9 एवं 10अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

स्कूलों में विकास कार्यों की स्वीकृति

[स्कूल शिक्षा]

44. (क्र. 444) श्री देवेन्द्र यादव : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक दुर्ग जिला अंतर्गत कितने स्कूलों में विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदाय की गयी है? निर्माण कार्य, राशिवार जानकारी दीजिए? **(ख)** प्रश्नानुसार दुर्ग जिला के सभी आत्मानंद स्कूलों में निर्माण कार्य संबंधी क्या-क्या मांग की गयी है? स्थान, कार्य सहित जानकारी दीजिए?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) वर्ष 2024 से जनवरी 2026 तक दुर्ग जिला अंतर्गत 14 स्कूलों में विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदाय की गयी है। निर्माण कार्य एवं राशिवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

प्रदेश की भवनविहीन शालाओं हेतु भवन की व्यवस्था

[स्कूल शिक्षा]

45. (क्र. 460) श्री उमेश पटेल : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश में कितने स्कूल भवनप्राथमिक /माध्यमिक /हाई /हायर सेकन्डेरी भवनविहीन हैं? कितने जर्जर हैं? जिलेवार व विकासखण्डवार जानकारी देवें ? जर्जर एवं भवनविहीन स्कूलों के लिए क्या व्यवस्था की गयी है? जानकारी देवें ? प्रदेश के स्कूली बच्चे सुरक्षित व व्यवस्थित भवनों मे अध्यापन कार्य कर सकें, इसके लिए सरकार की क्या कार्ययोजना है ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : चाही गई जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। जर्जर एवं भवन विहीन स्कूलों के लिए अतिरिक्त कक्ष, आंगनबाड़ी, शासकीय भवनों एवं अन्य भवनों में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। बजट उपलब्धता के आधार पर शासकीय विद्यालयों में मरम्मत कार्य एवं नवीन भवन की स्वीकृति की कार्यवाही की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

साक्षरता सर्वे के अनुसार सीतापुर वि.स. क्षेत्र की ब्लॉकवार साक्षरता दर

[स्कूल शिक्षा]

46. (क्र. 481) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ राज्य में साक्षरता सर्वे अंतिम बार कब हुआ था एवं उस सर्वे के अनुसार विधानसभा क्षेत्र सीतापुर की ब्लॉकवार साक्षरता दर क्या थी और वर्तमान स्थिति क्या है ? ब्लॉकवार जानकारी प्रदान करें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : वर्ष 2011 की जनगणना में साक्षरता का सर्वे अंतिम बार किया गया था। सीतापुर ब्लॉक का साक्षरता दर 62.67 % , बतौली ब्लॉक का साक्षरता दर - 58.31% एवं मैनपाठ ब्लॉक का साक्षरता दर 47.05 % है। वर्तमान में अधिकृत सर्वे नहीं किया गया है, साक्षरता हेतु जनगणना सर्वे को ही अंतिम रूप से मान्य किया जाता है।

लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

47. (क्र. 484) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों के कितने घरो में हर घर नल योजना की स्वीकृति की गई थी? कितने ग्रामों के कितने घरों में नल लगा दिए गए हैं ? कितने ग्रामों के कितने घरो में नल से जल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है? ग्राम पंचायतवार ग्राम का नाम सहित विवरण देवें? **(ख)** कितने घरों में स्वीकृति के बाद भी नल नहीं लगाया गया है? कारण बतावें? पाईपलाईन कार्य से क्षतिग्रस्त गलियों का संधारण क्यों नहीं किया गया है? **(ग)** जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र हेतु अब तक कितनी राशि स्वीकृत हुई है? कितनी व्यय हुई? कितनी व्यय होना शेष है? क्यों शेष है? कारण बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के 277 ग्रामों के 69779 घरों में हर घर नल योजना की स्वीकृति की गई है। 277 ग्रामों के 53806 घरों में नल लगा दिए गए हैं। 187 ग्रामों के 27227 घरो में नल से जल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है। ग्राम पंचायतवार, ग्राम के नाम सहित विवरण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 15973 घरों में स्वीकृति के बाद नल लगाया जाना शेष है। योजना के कार्य प्रगतिरत् होने से। पाईप लाईन कार्य से क्षतिग्रस्त गलियों का संधारण पाईप लाईन के टेस्टिंग कार्य शेष होने के कारण नहीं किया गया है। **(ग)** जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में अब तक राशि रू. 30330.83 लाख स्वीकृत हुई है। राशि रू. 15353.29 लाख व्यय हुई। राशि रू. 14977.54 लाख व्यय होना शेष है। योजना के कार्य प्रगतिरत् होने के कारण शेष है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित स्कूल

[स्कूल शिक्षा]

48. (क्र. 485) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री स्कूल दिसम्बर, 2023 तक संचालित थे? जनवरी, 2024 से जनवरीी, 2026 तक कितने अतिरिक्त संचालित किए गए अथवा कम किए गए? स्कूलों के नाम सहित सम्पूर्ण विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कितने स्कूल शिक्षकविहीन, कितने एकल शिक्षकीय, कितने प्राचार्य विहीन, कितने में प्रभारी प्राचार्य पदस्थ हैं? स्कूल के नाम सहित जानकारी देवें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 464 प्रायमरी, 205 मिडिल, 25 हाईस्कूल, 41 हायर सेकेण्डरी स्कूल दिसम्बर, 2023 संचालित थे। जानकारी निरंक है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ', 'ब', 'स' एवं प्रपत्र-द** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत सेंदरी-रमतला-कोनी बायपास सड़क निर्माण

[लोक निर्माण]

49. (क्र. 499) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेंदरी से रमतला होकर कोनी बायपास पहुँच मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां तो उक्त सड़क के निर्माण हेतु स्वीकृति कब प्रदान की गई? निर्माण में कितना

व्यय संभावित है ? निविदा कब आमंत्रित की गयी? कार्य किस एजेंसी / कंपनी / ठेकदार को प्रदान किया गया ? निर्माण पूर्णता की समय सीमा सहित विवरण प्रदान करें? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" की सड़क हेतु निर्माण की तय समय सीमा से अधिक समय पश्चात भी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ? यदि हां तो संबंधित एजेंसी / कंपनी / ठेकदार पर क्या कार्यवाही की जानी चाहिए एवं क्या-क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** सड़क का निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। प्रशासकीय स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन। **(ख)** एवं **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता है।

राज्य में आर.टी.ई. के तहत नर्सरी की कक्षाओं में बच्चों का प्रवेश समाप्त किये जाने का निर्णय

[स्कूल शिक्षा]

50. (क्र. 507) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश की निजी शालाओं में शिक्षा सत्र 2025-26 में आर.टी.ई के तहत नर्सरी कक्षाओं (नर्सरी, पी.पी.-1 व पी.पी.-2) में कुल कितने बच्चों को प्रवेश मिला? कितनी राशि का भार शासन के ऊपर पड़ेगा? **(ख)** क्या आगामी शिक्षा सत्र (2026-27) से नर्सरी की कक्षाओं में प्रवेश को बंद किए जाने का निर्णय लिया गया है? यदि हां तो यह निर्णय किसके द्वारा लिया गया व क्यों? कारण बतावें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क)प्रदेश की निजी शालाओं में शिक्षा सत्र 2025-26 में आर.टी.ई. के तहत् नर्सरी कक्षाओं में प्रवेशित बच्चों की जानकारी निम्नानुसार है:-

नर्सरी	पी.पी.-1	पी.पी.-2	योग
21648	16528	0	38176

उपरोक्त प्रवेशित बच्चों के शुल्क प्रतिपूर्ति का व्ययभार सत्र 2025-26 में राशि रू. 11.00 करोड़ (शब्दों में राशि रू. ग्यारह करोड़ मात्र) शासन को आना अनुमानित है। **(ख)** जी हां । यह निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। मुख्य रूप से निम्न कारणों से आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से केवल 1 ली कक्षा में प्रवेश का निर्णय लिया गया है:- 1 ''निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009" केवल 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिये है अतः 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों के लिये यह लागू नहीं होता है।

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित सड़कों की मरम्मत एवं रख-रखाव

[लोक निर्माण]

51. (क्र. 508) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि राज्य शासन अथवा लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश की सभी सड़कों को 31 दिसम्बर, 2025 तक गड्ढा मुक्त करने का निर्णय लिया गया था? यदि हां तो निर्धारित समय अवधि में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र की कितनी सड़को के गड्ढों को भरकर मुक्त कराया गया है? एवं कितनी शेष हैं? सड़कवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित लोक निर्माण विभाग की कौन-कौन सी सड़कें विशेष मरम्मत एवं नवीनीकरण योग्य हैं? इस वर्ष उक्त सड़कों के रख-रखाव एवं नवीनीकरण हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत हुई है? कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है? सड़कवार जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।**[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]**

लोक निर्माण विभाग को आबंटित बजट

[लोक निर्माण]

52. (क्र. 523) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में लोक निर्माण के लिए कितनी राशि का प्रावधान किया गया था ? कितनी राशि खर्च की गई है और कितनी राशि खर्च किया जाना शेष है ? वर्षानुसार, मदवार जानकारी बताएं? **(ख)** क्या आबंटित बजट में से पूरी राशि खर्च करने में लोक निर्माण विभाग विफल रहा है ? यदि हाँ तो इसके लिए दोषी कौन है और क्या कार्रवाई की गई है ? **(ग)** उपरोक्त समयावधि के दौरान महासमुंद जिले में किन-किन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति किन कारणों से लम्बित है ? कार्य का नाम, स्वीकृति राशि की जानकारी वर्षवार प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब' एवं 'स'** अनुसार है।

प्रदेश की शराब दुकानों में मेन पॉवर सप्लाई करने वाली कम्पनियों हेतु निर्धारित शर्तें

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

53. (क्र. 524) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश की शराब दुकानों में मेन पॉवर सप्लाई का ठेका किन-किन कम्पनियों को किन-किन शर्तों के अधीन दिया गया है ? उपरोक्त कम्पनियों द्वारा किन मापदंडों के तहत कर्मचारियों की नियुक्तियां की जाती है? क्या आरक्षण के रोस्टर का पालन किया जाता है ? यदि हाँ तो किस आधार पर और यदि नहीं तो क्यों ? कम्पनियों द्वारा नियुक्त कर्मचारियों का भुगतान किस दर पर किया जाता है ? पीएफ सहित अन्य क्या-क्या सुविधाएं कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों को दी जाती है ? पूर्ण जानकारी दें? **(ख)** उक्त कम्पनियों और उसके अधीन कर्मचारियों के खिलाफ किस-किस प्रकार की अनियमितताओं की शिकायतें वर्ष 2023 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक प्राप्त हुई हैं ? प्राप्त शिकायतों पर कब-कब क्या कार्रवाई की गई है ? वर्षवार, जिलावार जानकारी दे?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश की शराब दुकानों में मैनपॉवर सप्लाई हेतु निविदा की शर्तों के अधीन प्लेसमेंट एजेंसियों को कार्यादेश जारी किया गया है, जिसकी जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र अ** एवं **ब** अनुसार है। निविदा शर्तों में निहित मापदण्ड अनुसार प्लेसमेंट एजेंसियों के द्वारा आऊटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों को नियोजित किया जाता है। निर्धारित अर्हताओं की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र स** अनुसार है। आऊटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों के नियोजन हेतु आरक्षण प्रावधान नहीं है। नियोजित कर्मचारियों के भुगतान की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र द** अनुसार है **(ख)** उक्त कम्पनियों और उसके अधीन कर्मचारियों के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायतों एवं की गई कार्यवाही की वर्ष 2023 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक वर्षवार, जिलावार जानकारी **पुस्तकालय** में रख **प्रपत्र इ** एवं **ई** अनुसार है।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण की स्थिति

[लोक निर्माण]

54. (क्र. 532) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कितने सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए? उक्त की जानकारी वर्षवार, योजनावार, सड़कवार, कार्य नाम

एवं स्वीकृत राशि सहित बतायें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित सड़कों की कार्य स्थिति दिनांक 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ के रूप में सड़कवार बतायें? **(ग)** विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत प्रश्नांश **(ख)** में उल्लिखित अपूर्ण एवं अप्रारंभ सड़कों के लंबित रहने के कारण सड़कवार बतायें? साथ ही, इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति एवं कार्य एजेंसी के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की जर्जर स्थिति

[लोक निर्माण]

55. (क्र. 539) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विगत तीन वर्षों (2023 से जनवरी, 2026 तक) में कितनी सड़कों और पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है? उनकी वर्तमान भौतिक और वित्तीय स्थिति क्या है? सूची उपलब्ध कराएं? **(ख)** क्या यह सच है कि बिलाईगढ़ से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली कई सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं और गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं? क्या विभाग द्वारा इन सड़कों के डामरीकरण या नवीनीकरण हेतु कोई बजट आबंटित किया है? **(ग)** क्षेत्र में ऐसे कितने निर्माण कार्य हैं जो अपनी समय सीमा पूरी होने के बाद भी अधूरे हैं? ठेकेदारों द्वारा कार्य में देरी करने पर विभाग ने अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की है? **(घ)** क्या शासन बिलाईगढ़ नगर में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए 'बाईपास रोड' या 'रिंग रोड' के निर्माण की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो इसका सर्वेक्षण कब तक पूर्ण होगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं, बिलाईगढ़ से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली केवल 01 सड़क भिनोदा से गगोरी मार्ग जर्जर स्थिति में था, वर्तमान में डब्ल्यू.एम.एम. से मरम्मत किया जा चुका है। मार्ग निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो चुका है। निविदा प्रक्रियाधीन है। **(ग)** विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** जी नहीं। प्रश्न ही नहीं उठता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदानों के विकास एवं खिलाड़ियों हेतु सुविधाओं की उपलब्धता

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

56. (क्र. 542) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर वर्तमान में कितने खेल स्टेडियम या मिनी स्टेडियम स्वीकृत हैं और उनमें से कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? (स्थानवार सूची देवें)? **(ख)** क्या बिलाईगढ़ नगर और आसपास के क्षेत्रों में एक सुसज्जित खेल परिसर के अभाव में खिलाड़ियों को अभ्यास में असुविधा को द्वष्टिगत रखते हुए एक 'बहुउद्देशीय खेल परिसर' निर्माण करने की योजना प्रस्तावित है? यदि हां तो वहां पर? **(ग)** विगत तीन वर्षों में विभाग द्वारा बिलाईगढ़ क्षेत्र की कितनी ग्राम पंचायतों को खेल सामग्री वितरित की गई है? क्या सामग्री वितरण का कोई रोस्टर निर्धारित है? **(घ)** क्या विभाग द्वारा बिलाईगढ़ की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को चिन्हित कर उन्हें राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कोई विशेष 'कोचिंग कैंप' या 'अकादमी' संचालित की जा रही है? यदि नहीं, तो क्या भविष्य में ऐसी कोई योजना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी निरंक। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** विगत तीन

वर्षो में विभाग द्वारा बिलाईगढ़ क्षेत्र की 04 ग्राम पंचायतों को खेल सामग्री वितरित की गई है।सामग्री वितरण का कोई रोस्टर निर्धारित नही है। **(घ)** जी नहीं।

<u>जिला बलौदाबाजार भाटापारा के स्पंज आयरन औद्योगिक संस्थान में दुर्घटना के दोषियों पर कार्यवाही</u>

[श्रम]

57. (क्र. 547) श्री संदीप साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अंतर्गत स्पंज आयरन औद्योगिक संस्थान की दुर्घटना में कितने श्रमिकों की मृत्यु हुई और कितने गंभीर रूप से घायल हुए? मुख्य कारण क्या पाए गए? **(ख)** औद्योगिक दुर्घटना के मुख्य दोषी कौन-कौन हैं? उनके नाम पते क्या हैं? उनके विरूद्ध जनवरी, 2026 तक क्या कार्यवाही हुई है? घायल श्रमिकों और मृतक श्रमिकों के परिजनों को किस प्रकार का मुआवजा और सामाजिक सुरक्षा पुनर्वास लाभ प्रदान किया गया?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अंतर्गत स्थापित स्पंज आयरन कारखानों में वर्ष 2025 में 01 दुर्घटना घटी जिसमें 01 श्रमिक की मृत्यु हुई तथा वर्ष 2026 (31 जनवरी 2026 तक) में 01 दुर्घटना घटी जिसमें 07 श्रमिकों की मृत्यु हुई तथा 04 श्रमिक घायल हुए। दुर्घटना का मुख्य कारण **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार है।(ख)** सामान्यत: कारखाने में दुर्घटना होने पर कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कारखाने के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक उत्तरदायी होते है। वर्तमान प्रकरण श्रम न्यायालय में विचाराधीन हैं।प्रश्नांक **(क)** की अवधि मे कारखाने के अधिभोगी एवं प्रबंधक के विरूद्ध की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है।**दुर्घटना में घायल श्रमिको एवं मृतक श्रमिको के आश्रितों को कारखाना प्रबंधन द्वारा दिए गए मुआवजा/सहायता राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स' अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

<u>जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं रायपुर के स्कूलों में भवन निर्माण/मरम्मत/नवीनीकरण हेतु बजट</u>

[स्कूल शिक्षा]

58. (क्र. 548) श्री संदीप साहू : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला बलौदाबाजार भाटापारा के कितने स्कूलों में भवन निर्माण, मरम्मत या नवीनीकरण के लिए बजट आबंटित किया गया? विकासखण्डवार स्कूलों की सूची दें? कितने प्रकरणों में निर्माण कार्य अधूरा या घटिया सामग्री से किया गया? पूर्ण/अपूर्ण की स्थिति में विकासखण्डवार स्कूलों की सूची दें? दोषियों के विरुद्ध क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई? **(ख)** जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अंतर्गत शिक्षा विभाग ने फर्नीचर, सामग्री वितरण, निर्माण कार्य और योजनाओं पर कितने ऑडिट कराए हैं? ऑडिट में क्या-क्या अनियमितताएं पायी गई हैं ? इनके दोषियों के विरूद्ध अब तक क्या-क्या कार्यवाही संस्थित हुई हैं? जनकारी दे ? **(ग)** विभाग ने वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कौन सी नई डिजिटल या ऑनलाइन प्रणाली लागू की है?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) चाही गई जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** अधुरा निर्माण कार्य, घटिया सामग्री से निर्माण की जानकारी निरंक है। पूर्ण/अपूर्ण की सूची **संलग्न प्रपत्र के कॉलम क्रमांक 06 के अनुसार** है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अंतर्गत शिक्षा विभाग ने फर्नीचर, सामग्री वितरण, निर्माण कार्य और योजनाओं का वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऑडिट

कराया गया। ऑडिट प्रतिवेदन अप्राप्त है। शेषांश की जानकारी निरंक है। **(ग)** विभाग ने वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय प्रक्रिया लागू की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

नगर पालिका परिषद भाटापारा एवं सिमगा में विभाग की योजनाओं के अंतर्गत निर्माण कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

59. (क्र. 556) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 के तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 921) दिनांक 6 मार्च 2025 अनुसार उत्तर में योजना हेतु जारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरांत स्वीकृति हेतु प्रकरण पर विचार किये जाने एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने के उपरांत नियमानुसार निविदा के पश्चात कार्य प्रारंभ किया जावेगा कहा गया था उक्त पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ? **(ख)** उपरोक्त प्रश्नांश ''क'' अनुसार मांग किये गए निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु क्या नगर पालिका परिषद, भाटापारा एवं नगर पालिका परिषद, सिमगा के द्वारा उपरोक्त नगरीय प्रशासन विभाग के योजनांतर्गत मांग किए गए निर्माण कार्यों के प्रस्ताव इस्टीमेट प्राक्कलन विभाग को प्राप्त हो गए हैं अथवा नहीं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) जी हां विगत विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 के तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र.921) दिनांक 6 मार्च 2025 के उत्तर अनुसार नगरपालिका परिषद भाटापारा हेतु हथनीपारा वार्ड में रावणभाठा में मुक्तिधाम निर्माण कार्य एवं नगर पालिका परिषद सिमगा हेतु वार्ड क्रमांक 15 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य हेतु स्वीकृति जारी की गई है। शेष कार्यों हेतु पूर्ण प्रस्ताव प्रेषित किये जाने सूडा के पत्र क्रमांक 8240 दिनांक 27.02.2025, पत्र क्रमांक 2686 दिनांक 22.07.2025 एवं पत्र क्रमांक 7289 दिनांक 03.02.2026 के माध्यम से नगर पालिका भाटापारा एवं पत्र क्रमांक 1870 दिनांक 23.06.2025, 2685 दिनांक 22.07.2025 एवं पत्र क्रमांक 7289 दिनांक 03.02.2026 के माध्यम से नगर पालिका सिमगा को पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु पत्र भेजा गया है। अद्यतन पूर्ण प्रस्ताव अप्राप्त है। **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

भाटापारा-मोपका-धनेली मार्ग निर्माण कार्य हेतु भूमि क्रय की अनुमति पश्चात राशि भुगतान न होना

[लोक निर्माण]

60. (क्र. 557) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 के तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 447) दिनांक 27 फरवरी 2025 में भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत भाटापारा-मोपका-धनेली मार्ग निर्माण हेतु ग्राम धुर्राबांधा, प.ह.नं. 44, तहसील-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के लगभग 28 कृषक/भू-धारक की स्वीकृति/सहमति उपरांत उनके स्वत्व की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के पक्ष में क्रय करने की अनुमति कलेक्टर जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा प्रदान की गई है ? यदि हां तो क्या इन कृषक/भू-धारकों को राशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जा चुका है ? यदि नहीं तो राशि का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ? इस संबंध में अभी तक क्या कार्यवाही विभाग द्वारा की गई है ? जानकारी दे ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार भाटापारा-मोपका-धनेली मार्ग निर्माण कार्य हेतु लगभग 29 कृषकों/भू-धारकों को प्रस्तावित रकबा हेक्ट. 2.258 जिसकी कुल भू-अर्जन राशि 92,53,356 रूपए राशि का भुगतान विभाग द्वारा

किया जाना है ? भुगतान नहीं होने के क्या कारण है ? भू-अर्जन राशि का भुगतान कब किया जावेगा? समय सीमा बताएं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। जी नहीं। भुगतान की तिथि बताया जाना संभव नहीं है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत जर्जर स्कूलों की मरम्मत हेतु स्वीकृत राशि

[स्कूल शिक्षा]

61. (क्र. 565) श्री मोतीलाल साहू : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के जर्जर स्कूलों की मरम्मत एवं पुनर्निमाण हेतु मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत वर्ष 2023-24, वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 तक कितनी राशि की स्वीकृति राज्य शासन द्वारा की गई तथा कितने कार्य स्वीकृत किये गये? पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है? **(ग)** क्या सभी कार्यों का पूर्ण भुगतान हो चुका है? **(घ)** कार्यों में अनियमितता की शिकायत कहां-कहां हुई है एवं क्या कार्यवाही की गई?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के जर्जर स्कूलों की मरम्मत एवं पुनर्निमाण हेतु मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत वर्ष 2023-24, में राशि रू. 667.08 लाख की स्वीकृति राज्य शासन द्वारा की गई तथा 40 कार्य स्वीकृत किये गये। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की जानकारी निरंक है। **(ख)** स्वीकृत 40 कार्यों में से 23 कार्य पूर्ण एवं 17 कार्य अप्रारंभ की स्थिति में है। **(ग)** जी नहीं 23 पूर्ण कार्यों का 90 प्रतिशत राशि भुगतान कर दिया गया है। **(घ)** जानकारी निरंक है।

स्कूलों में पुस्तक वितरण की प्रक्रिया

[स्कूल शिक्षा]

62. (क्र. 572) श्री अजय चंद्राकर : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पाठ्य पुस्तक निगम अंतर्गत सरकारी एवं निजी स्कूलों में पुस्तक वितरण की प्रक्रिया क्या है? शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कितने स्कूलों में कौन-कौन सी कक्षाओं के लिये कितनी मात्रा में पुस्तक वितरण का लक्ष्य रखा गया था? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** लक्ष्य के अनुरूप पुस्तक वितरण की समायावधि क्या तय की गयी थी? निर्धारित अवधि में कितने स्कूलों में वितरण की गयी एवं कितना प्रतिशत वितरण समयावधि में पूर्ण नहीं कर पाये उसके कारण क्या-क्या थे व जिम्मेदार कौन-कौन थे? उनके खिलाफ क्या-क्या कार्यवाही की गयी? 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में कितने स्कूलों में, किन-किन कक्षाओं की, कितनी मात्रा में पुस्तक वितरण नहीं की गयी है? **(ग)** उक्त पुस्तकों की छपाई हेतु निविदा कब जारी की गयी? उसके नियम-शर्ते क्या-क्या थी? कौन-कौन सी एजेंसियों ने उस निविदा में भाग लिया और किस एजेंसी को, किन शर्तो पर कार्यादेश जारी किया गया? छपाई की समयावधि क्या तय की गयी थी व निर्धारित समयावधि में छपाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया था कि नहीं? यदि नहीं तो कारण क्या हैं और उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त आदेशानुसार सरकारी एवं निजी स्कूलों में कक्षा पहली से दसवीं तक की हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पाठ्यपुस्तकों का वितरण प्रदेश के समस्त जिलों में निम्नानुसार किया जाता है:-

क्र	विद्यालय का प्रकार	कक्षा	माध्यम	वितरण स्थान
01	शासकीय एवं अनुदान प्राप्त	कक्षा 01 से 8वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	संकुल स्तर तक
02	शासकीय एवं अनुदान प्राप्त	कक्षा 9वीं एवं 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	हाईस्कूल स्तर तक
03	स्वामी आत्मानंद विद्यालय	कक्षा 01 से 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	हाईस्कूल स्तर तक
04	पीएमश्री विद्यालय	कक्षा 01 से 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	हाईस्कूल स्तर तक
05	अशासकीय विद्यालय	कक्षा 01 से 10वीं	हिन्दी एवं अंग्रेजी	निगम के छः स्थायी पुस्तक डिपो काउन्टर से

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में समग्र शिक्षा से प्राप्त यू-डाइस डाटा अनुसार लगभग 62525 स्कूलों में निम्नानुसार कक्षावार वि।ार्थियों को पुस्तक वितरण का लक्ष्य रखा गया था:-

कक्षा का नाम	हिन्दी माध्यम	अंग्रेजी माध्यम	योग (हिन्दी+अंग्रेजी)
1	2	3	4
कक्षा-1	367757	90361	458118
कक्षा-2	367757	90361	458118
कक्षा-3	365513	77823	443336
कक्षा-4	373405	72753	446158
कक्षा-5	403136	68509	471645
कक्षा-6	389827	59293	449120
कक्षा-7	392096	56532	448628
कक्षा-8	399156	51189	450345
कक्षा-9	405483	45296	450779
कक्षा-10	362680	55091	417771
योग	**3826810**	**667208**	**4494018**

(ख) लक्ष्य के अनुरूप पुस्तक वितरण की समयावधि 16 जून से पूर्व तय की गयी थी। निर्धारित अवधि में शत् प्रतिशत स्कूलों में वितरण कार्य पूर्ण कर दिया गया था। देरी के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम में प्राप्त नहीं हुई है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। (**(ग)** छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु जेम के माध्यम से Gem-Bid क्रमांक GeM-Tender No. GeM/2025/B/5840510 for Printing, Binding and Distribution of Textbooks (without Paper) निविदा क्रमांक पी-3/2025-26 (2nd Call) Date 05.03.2025को जारी किया गया था। उक्त जारी की गई निविदा के नियम एवं शर्तें **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। उक्त निविदा में कुल-40 एजेंसियों ने भाग लिये थे जिसकी सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। उपरोक्त एजेंसियों में से कुल-29 एजेंसी पात्र पाये गये थे जिसकी सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र स** अनुसार है। कार्यादेश की नियम एवं शर्तें निविदा में उल्लेखित है, जो **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। छपाई की समयावधि 30 मई तय की गयी थी जिसमें सभी एजेंसियों द्वारा निर्धारित समयावधि में छपाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

<u>जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमितता की शिकायतें</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

63. (क्र. 580) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत वर्तमान में कितने ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन

देने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक कितना प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है? जिलावार जानकारी दें? **(ख)** क्या यह सत्य है कि सुकमा और बीजापुर जैसे जिलों में 'हर घर जल' के तहत 70% से अधिक कार्य पूर्ण बताया गया है, परंतु विभाग की अपनी रिपोर्ट के अनुसार 50% से अधिक कनेक्शन 'फंक्शनल' (चालू) नहीं हैं? क्या विभाग ने इन क्षेत्रों में जल स्रोत की उपलब्धता की जांच किए बिना ही पाइपलाइन बिछाने का भुगतान ठेकेदारों को कर दिया है? **(घ)** क्या वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान मिशन के तहत केंद्र से प्राप्त राशि का हिस्सा 'यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट' समय पर न मिलने के कारण लंबित है? सुकमा और जशपुर जैसे पिछड़े जिलों के लिए आवंटित कितनी राशि बिना कार्य पूर्ण हुए आहरित की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान में 49.97 लाख ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 82 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। जिलावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। जी नहीं। **(घ)** जी नहीं। सुकमा और जशपुर जैसे पिछड़े जिलों में बिना कार्य पूर्ण हुए कोई राशि आहरित नहीं की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

इन्वेस्टर कनेक्ट और स्थानीय रोजगार देने के नियम का पालन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

64. (क्र. 587) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** अप्रैल 2024 से जनवरी, 2026 तक विभिन्न आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट/समिट कार्यक्रम या अन्य निवेश सम्मेलनों में कुल कितने करोड़ रुपये के MoU हस्ताक्षरित हुए हैं? **(ख)** उपरोक्त MoU में से कितनी इकाइयों ने धरातल पर कार्य (भूमि आबंटन/उत्पादन) शुरू कर दिया है? पृथक-पृथक जानकारी दें? **(ग)** क्या राज्य की नई औद्योगिक नीति के तहत स्थापित उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 70% से अधिक रोजगार देने के नियम का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्या विभाग ने पिछले 3 महीनों में निरीक्षण किया है? क्या नियम का उल्लंघन करने वाले किसी उद्योग पर कार्यवाही की गई है? जिलेवार विवरण प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार अप्रैल, 2024 सेजनवरी, 2026 तक विभिन्न आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट/समिट कार्यक्रम या अन्य निवेश सम्मेलनों में राशि 5,51,524.87 करोड़ रुपये के इनविटेशन टू इन्वेस्ट/अभिस्वीकृति पत्र निष्पादित किये गए हैं। **(ख)** नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, रायपुर एवं सीएसआईडीसी, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार उपरोक्त इनविटेशन टू इन्वेस्ट/अभिस्वीकृति पत्र में से 12 इकाईयों को भूमि आबंटन किया गया है। विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ** अनुसार है। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार उपरोक्त इनविटेशन टू इन्वेस्ट/अभिस्वीकृति पत्र में से 08 इकाईयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है। विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है। **(ग)** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति के तहत स्थापित उद्योगों में स्थानीय युवाओं को कुशल श्रेणी में 70% एवं अधिक रोजगार देने के नियम का पालन सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने पिछले 3 महीनों में कुल 167 निरीक्षण किया है, निरीक्षण में नियम का उल्लंघन करने वाली इकाईयों की संख्या निरंक है, अतः कार्यवाही का प्रश्न नहीं है। जिलेवार विवरण **संलग्न प्रपत्र स** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

नल जल योजना की लक्ष्यपूर्ति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

65. (क्र. 588) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पिछले 12 महीनों में कितने जिलों/शहरों में नल जल योजना को जोड़ लिया गया है? कितने जिलों में योजना पूर्ण कर ली गई है? बचे हुए जिलों में कब तक यह योजना पूर्ण कर ली जाएगी ? **(ख)** वर्तमान में छत्तीसगढ़ नल जल योजना की लक्ष्य पूर्ति में किस स्थान पर है? **(ग)** आगामी ग्रीष्मकाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिए विभाग की क्या योजना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) पिछले 12 महीनों में राज्य के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों को नल जल योजना से जोड़ लिया गया है। शहरों में नल जल योजना लागू नहीं है। राज्य के किसी भी जिला में योजना पूर्ण नहीं की गई है। संभावित तिथि बताना संभव नहीं है। **(ख)** वर्तमान में छत्तीसगढ़ नल जल येाजना की लक्ष्य पूर्ति में 24वें नंबर में है। **(ग)** आगामी ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्य योजना निम्नानुसार है:- विभाग में सभी जिलों में हैण्डपंप संधारण के लिये पर्याप्त हैण्डपंप तकनीशियन नियुक्त है। हैण्डपंप संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में हैण्डपंप स्पेयर पार्ट्स एवं 32 मी.मी. व्यास के जी.आई. राईजर पाईप की व्यवस्था सभी जिलों में सुनिश्चित कर ली गई है। ग्रीष्म ऋतु के पूर्व विभाग के द्वारा 15 मार्च से 15 अप्रैल तक एक माह का विशेष हैण्डपंप संधारण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें हैण्डपंपों के सुधार कार्य के साथ-साथ जल स्तर से नीचे चले जाने वाले हैण्डपंपों में राईजर पाईप बढ़ाने के साथ पेयजल की गुणवत्ता का सतत् परीक्षण कर पेयजल स्रोतों के क्लोरिनेशन का भी कार्य किया जायेगा। विगत वर्ष ग्रीष्म ऋतु में भू-जल स्तर गिरने से पेयजल प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। ग्रीष्मकाल के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां आकस्मिक पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती है, वहां तत्काल विभागीय रिग मशीनों के द्वारा नलकूप खनन कर स्रोत तैयार किया जावेगा। आवश्यकतानुसार पेयजल संकट वाले जिलों में ग्रीष्म पूर्व पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 अधिरोपित कराने की कार्यवाही की जायेगी। पेयजल व्यवस्था मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम तैयार कर जिलों के कार्यपालन/सहायक/उप अभियंताओं/ हैण्डपंप तकनीशियनों के मोबाईल नंबरों का समाचार पत्रों मे प्रचार-प्रसार किया जायेगा। पेयजल आपूर्ति के संबंध में संचालित शिकायत निवारण प्रणाली टोल-फ्री नंबर 1916 एवं 1800-233-0008 का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जायेगा। आगामी ग्रीष्मकाल में शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की कार्य योजना निम्नानुसार है:- आगामी ग्रीष्मकाल में प्रदेश के 194 नगरीय निकायों में पेयजल आपूर्ति हेतु निकायों द्वारा 15 मार्च के पूर्व हैण्डपंप, बोरवेल के आसपास सफाई, मरम्मत संधारण का कार्य करते हुए क्लोरिनेशन का कार्य किया जायेगा। सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना अंतर्गत इंटेकवेल, डब्ल्यू.टी.पी. में मोटर पंप मशीनरी का मरम्मत कर अधोसंरचनाओं का सुदृढीकरण किया जायेगा। टंकियों की सफाई किया जायेगा। टुटे-फूटे, लिकेज पाईप लाईन का मरम्मत सुधार कार्य किया जायेगा। पेयजल संकट ग्रस्त वार्डो में आवश्यकता होने पर टैंकरों के माध्यम से जलप्रदाय किया जावेगा। पेयजल संकट की सूचना/शिकायत किये जाने हेतु टोल फ्री नम्बर निदान 1100 का उपयोग किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त निकाय के अधिकारियों द्वारा मार्निंग विजिट किया जा कर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्य किया जावेगा। अद्यतन आयुक्त/ मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा मार्निंग विजिट किया जाता रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट निवारण हेतु नगरीय निकायों को कुल राशि रू. 18.00 करोड़ आबंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था हेतु 25 नगरीय निकायों को अधोसंरचना मद से राशि रू. 5.63 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई थी। 15 वे वित्त आयोग टाईड ग्राण्ट के जल घटक अंतर्गत विगत 03 वर्षों में पेयजल व्यवस्था हेतु राशि रू. 566.33 करोड की अनुमति निकायों को दी गई है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेयजल संकट निवारण हेतु कुल राशि रू. 18.03 करोड़ जारी किया गया है।

नगर पंचायत डोंगरगांव में थोक सब्जी मण्डी का नया बस स्टैंड के बेसमेंट में व्यवस्थापन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

66. (क्र. 596) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या राजनांदगांव जिला के नगर पंचायत डोंगरगांव में थोक सब्जी मण्डी को नया बस स्टैंड के बेसमेंट में व्यवस्थापन हेतु दुकानों के लिए नए व्यापारियों से आबंटन हेतु अमानत राशि 80000/- रू. की दो रसीदें काटी गई हैं? यदि तो अमानत राशि लिये जाने के संबंध में परिषद की सामान्य सभा की बैठक कब आयोजित की गई और उक्त बैठक में क्या निर्णय लिया गया? **(ख)** क्या निर्णय अमानत राशि लेने के पक्ष में पारित हुआ है या नहीं? नगर पालिका अधिनियम की किस धारा के तहत अमानत राशि लिये जाने का प्रावधान है? **(ग)** परिषद एवं पी.आई.सी. की कौन सी बैठक दिनांक में प्रस्ताव पारित किया गया? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) राजनांदगांव जिले के अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव में थोक सब्जी मण्डी को नया बस स्टैण्ड के बेसमेंट में व्यवस्थापन हेतु दुकानों के लिए नये व्यापारियों से आबंटन हेतु अमानत राशि 80000/-रू. की 20 रसीदें, 160000/- की 02 रसीदें तथा 240000/- की 01 रसीदें काटी गई हैं। अमानत राशि लिये जाने के संबंध में परिषद की बैठक आयोजित नहीं की गई। **(ख)** अमानत राशि लेने के पक्ष में परिषद् की कोई बैठक आयोजित नहीं हुआ है। छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के अंतर्गत छ.ग. नगर पालिका (अचल संपत्ति अंतरण) नियम 1996 के नियम 6 (एक) में नीलाम/प्रस्ताव के अनुमानित मूल्य के 10 प्रतिशत से कम नहीं की राशि प्रतिभूति निक्षेप के रूप में जमा कराने का प्रावधान है। **(ग)** पी.आई.सी. की बैठक दिनांक 20.09.2023 के प्रस्ताव क्रमांक 13 एवं पी.आई.सी. बैठक दिनांक 04.03.2024 के प्रस्ताव क्रमांक 11 में थोक सब्जी मार्केट को बस स्टैण्ड के पीछे व्यवस्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

कोण्डागांव वि.स. क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय भवनों का निर्माण

[लोक निर्माण]

67. (क्र. 605) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों में कितने शासकीय भवनों का निर्माण कराया गया है? वर्तमान में ऐसे कितने भवन हैं जिनकी आयु (लाइफ साइकल) पूर्ण हो चुकी है तथा वर्तमान में उनका उपयोग किया जा रहा है? **(ख)** कोंडागांव जिले अंतर्गत विगत 3 वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विभाग द्वारा टेंट, पंडाल, बैठक एवं अन्य कार्यक्रम व्यवस्था हेतु किन-किन एजेंसियों को कार्य प्रदान किया गया? उक्त कार्य हेतु एजेंसी चयन की अहर्ताएं एवं कार्यादेश एवं भुगतान विवरण की जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** कोंडागांव जिले अंतर्गत कंडिका ख अनुसार कितने आयोजनों के भुगतान शेष हैं? कार्यक्रमवार, फर्मवार जानकारी देवें? क्या उक्त संबंधित आयोजन के भुगतान संबंधित कोई शिकायत या आवेदन प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है एवं शेष भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों में कुल 10 शासकीय भवनों का निर्माण कराया गया है। उक्त निर्मित किसी भी भवन की आयु (लाइफ साइकल) पूर्ण नहीं हुआ है तथा कोई भी भवन जर्जर नहीं हैं एवं सभी निर्मित भवनों का उपयोग किया जा रहा है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र बस्तर की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

68. (क्र. 611) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर की ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति क्या है ? (ग्राम का नाम, टंकी निर्माण, बोर खनन सफल/असफल, बोर खनन कार्य पूर्ण/ अपूर्ण, पाईप लाईन बिछाव की स्थिति, स्वीकृत नल कनेक्शन की अद्यतन स्थिति, पेयजल सप्लाई की स्थिति)? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अंतर्गत ही जल जीवन मिशन मिशन से संबंधित कार्यों के लिए स्वीकृत राशि, व्यय एवं एजेंसियों को भुगतान की स्थिति बतावें? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' की निरंतरता में एजेंसियों को राशि भुगतान नहीं होने के कारण अपूर्ण, अप्रारंभ स्थिति में बंद कार्यों की स्थिति बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र बस्तर की ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति (ग्राम का नाम, टंकी निर्माण, बोर खनन सफल/असफल, बोर खनन कार्य पूर्ण अपूर्ण, पाईप लाईन बिछाव की स्थिति, स्वीकृत नल कनेक्शन की अद्यतन स्थिति, पेयजल सप्लाई की स्थिति) **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के अंतर्गत जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों के लिए स्वीकृत राशि, एजेंसियों को भुगतान एवं व्यय की स्थिति **पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र - ब** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश "ख" की निरंतरता में एजेंसियों को राशि भुगतान नहीं होने के कारण कार्य अपूर्ण, अप्रारंभ या बंद की स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र - ब** अनुसार है।

बस्तर वि.स. क्षेत्र में श्रम विभाग के द्वारा संचालित योजनायें/कार्यक्रम

[श्रम]

69. (क्र. 614) श्री बघेल लखेश्वर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** बस्तर वि.स. क्षेत्र में वर्ष 2025-26 में जनवरी, 2026 तक श्रम विभाग के द्वारा संचालित योजनायें/कार्यक्रम, प्राप्त आबंटन व व्यय तथा लक्ष्य एवं पूर्ति की स्थिति बतावें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अंतर्गत ही विधानसभा क्षेत्र बस्तर में योजना/कार्यक्रमवार लाभान्वित हितग्राही, दिये गये लाभ की जानकारी दें। **(ग)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में श्रम विभाग के अधीन आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिविर व अन्य कार्यक्रमों हेतु प्राप्त आबंटन एवं व्यय की स्थिति तथा साथ ही स्थल का नाम व प्रतिभागियों की संख्या बतावें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बस्तर विधानसभा क्षेत्र में श्रम विभाग अंतर्गत छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ'अनुसार है।**छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा विधानसभावार बजट आबंटन एवं योजनाओं में लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है।**(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्तर में विभाग के अधीन मंडलों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत लाभांवित हितग्राही को देयलाभ एवं व्यय राशि की मंडलवार एवं योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है।(ग)**वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में श्रम विभाग के अधीन आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिविर व अन्य कार्यक्रमों हेतु प्राप्त आबंटन एवं व्यय की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

कोरबा जिले में पंजीकृत उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

70. (क्र. 620) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- कोरबा जिले में कितने उद्योग पंजीकृत हैं ? कितने उद्योग शासकीय भूमि पर संचालित हैं एवं लीज की अवधि कब तक है और किन-किन उद्योगों की लीज की राशि समय अवधि के अनुसार कितनी है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार कोरबा जिले में 468 उद्योग पंजीकृत हैं। सीएसआईडीसी तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार कोरबा जिले में 130 उद्योग शासकीय भूमि पर संचालित हैं। उद्योगवार लीज की अवधि एवं लीज की राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

प्रदेश की शालाओं में शिक्षकों के रिक्त पद

[स्कूल शिक्षा]

71. (क्र. 627) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** दिनांक 01 मार्च, 2025 एवं दिनांक 31 जुलाई, 2025 की स्थिति में प्रदेश में संचालित समस्त स्तर की शालाओं में समस्त वर्ग के शिक्षकों के कुल रिक्त पदों की संख्या क्रमश: कितनी-कितनी थी एवं दिनांक 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में इनके रिक्त् पदों की कुल संख्या कितनी है? **(ख)** दिनांक 01 मार्च, 2025 से दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक की अवधि में कुल कितने शिक्षकों की नई नियुक्ति की गई है ? जानकारी देवें ? **(ग)** वर्ष 2025 में प्रदेश के कुल कितने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है ? दिनांक 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में प्रदेश में शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या कितनी है ? जिलेवार, शालाओं के स्तरवार जानकारी देवें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र "अ"** अनुसार है। **(ख)** दिनांक 01 मार्च 2025 से दिनांक 31 जनवरी 2026 तक की अवधि में कुल 3332 शिक्षकों की नई नियुक्ति की गई। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र "ब" एवं "स"** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

विधानसभा क्षेत्र बसना में नल-जल योजना की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

72. (क्र. 651) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बसना विधानसभा क्षेत्र में नल-जल योजना कितने ग्रामों में स्वीकृत है? **(ख)** नल-जल योजना स्वीकृत ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था कितने ग्रामों में पूर्ण होकर संचालित है? **(ग)** ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था शत-प्रतिशत कब तक चालू कर दी जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बसना विधानसभा क्षेत्र में नलजल योजना 319 ग्रामों में स्वीकृत है। **(ख)** नलजल योजना स्वीकृत ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था 98 ग्रामों में पूर्ण होकर संचालित है। **(ग)** ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था शत्-प्रतिशत चालू करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नही है।

नगर पंचायत प्रतापपुर स्टेट हाईवे बाईपास सड़क निर्माण की योजना

[लोक निर्माण]

73. (क्र. 694) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत नगर पंचायत प्रतापपुर स्टेट हाईवे बाईपास सड़क निर्माण की कोई कार्ययोजना है? यदि हाँ, तो योजना से सम्बंधित डी.पी.आर., लागत एवं कार्य पूर्णता की समय सीमा बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हां। विषयांकित कार्य केवल सर्वेक्षण एवं DPR तैयार करने हेतु बजट वर्ष 2025-26 में अनुमानित लागत रु. 5.00 करोड़ एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बजट प्रावधान रु. 1.00 करोड़ के साथ शामिल है। अतः कार्यपूर्णता की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

सरगुजा जिले में पुल एवं सड़कों की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

74. (क्र. 700) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सरगुजा जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक कितने पुल एवं सड़कों की स्वीकृति कहां-कहां एवं कितनी-कितनी राशि की मिली है? वर्षवार सूची उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा पश्चात अनुबंधित राशि एवं समय सीमा एवं ठेकेदारों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** इनमें से कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं? मूल्यांकित राशि सहित विकासखंडवार सम्पूर्ण जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया एवं भवन निर्माण की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

75. (क्र. 706) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले अंतर्गत वर्ष 2022-23 से जनवरी, 2026 तक कितने सड़क, पुल, पुलिया एवं भवन निर्माण एवं मरम्मत की स्वीकृति प्रदान की गई है? विकासखण्डवार कार्यवार लागत सहित जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है? कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति किन कारणों से लंबित है? लंबित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक जारी कर कार्य प्रारंभ कर दिया जावेगा ? पूर्ण/अपूर्ण तथा आरंभ कार्यों की जानकारी भुगतान की गई राशि सहित विकासखण्डवार देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।

नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग के अन्तर्गत 293 भूखण्डों की जांच हेतु गठित समिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

76. (क्र. 731) श्री रिकेश सेन : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सच है कि नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग के अन्तर्गत 293 भूखण्डों के प्रकरणों

की जाँच समिति गठित की गई थी? यदि हाँ तो समिति के निष्कर्ष क्या है? उन पर जनवरी, 2026 क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** क्या छत्तीसगढ नगर पालिक निगम, 1994 के अंतर्गत संपत्तियों के अंतरण की शक्तियाँ वर्तमान में जिले के कलेक्टर को प्रत्यायोजित की गई हैं? यदि हाँ तो यह आदेश किस तिथि से प्रभावी है? **(ग)** क्या विभाग द्वारा उक्त नियमों और शक्तियों के संदर्भ में नगर पालिक निगम, भिलाई को आवश्यक कार्यवाही हेतु कोई पत्र या निर्देश जारी किये गये हैं? यदि हां, तो किस दिनांक को और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? यदि नहीं तो इस विलंब का कारण क्या है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। नगर पालिक निगम भिलाई में अनियमित भूमि आबंटन, अनियमित निर्माण/विक्रय की जांच हेतु विभाग द्वारा आदेश क्रमांक 383/ लोनिआनप्र/ 2001 दिनांक 31.03.2001 से जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार वित्तीय वर्ष 1998-99 में आबंटित 220 तथा वर्ष 1999-2000 में आबंटित 74, इस प्रकार कुल 294 भू-खण्डों के निर्वतन में प्रचलित वैधानिक प्रावधानो एवं स्थापित नियमों का अनुसरण नहीं किये जाने से जहां एक ओर अनियमित विकास की संभावना बनी वहीं दूसरी ओर निगम को आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ा प्रतिवेदित है। प्रकरण में विभाग द्वारा छ.ग. नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 417 के अधीन हितग्राहियों को सुनवाई हेतु अवसर प्रदाय करते हुए क्रमशः दिनांक 21.08.2003, 22.08.2003, 23.08.2003, 27.08.2003 28.08.2003, 29.08.2003, 10.09.2003 11.09.2003 एवं 25.09.2003 को की गई। जिसमें 100 आबंटितियों को सुना गया। शेष 200 प्रकरणों की सुनवाई हेतु शासन द्वारा प्रकरण संचालनालय को दिनांक 04.09.2010 को प्रेषित किया गया। जिसके अनुक्रम में आबंटितियों को पक्ष रखने हेतु दिनांक 14.12.2010, 21.12.2010, 06.01.2011, 11.01.2011, 03.02.2011, 09.02.2011, 15.02.2011 व 22.02.2011 को सुनवाई की गई। उपरोक्त तिथि में उपस्थित नहीं हुए पक्षकारों को अपना पक्ष रखने हेतु नगर निगम भिलाई के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन कराकर 08.03.2011 को सुनवाई का अवसर दिया गया। जिसमें 300 आबंटितो में से 258 उपस्थित हुए तथा 42 अनुपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 417 के अंतर्गत सुनवाई पूर्ण कर विभाग को प्रतिवेदन वर्ष 2011 को प्रेषित है। विभाग स्तर पर निर्णय हेतु प्रकरण विचाराधीन है। **(ख)** जी हां। विभाग की अधिसूचना दिनांक 17.05.2022 द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 80 की उपधारा (5) के परंन्तुक (ii) तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (अचल संपत्ति का अतंरण) नियम 1994 के अधीन शासन में निहित शक्तियों मे से रूपये 10 करोड़ तक की संपत्ति अतंरण की समस्त कार्यवाही हेतु जिला कलेक्टर को अधिकार प्रत्यायोजित किया गया है। उक्त अधिसूचना प्रकाशन तिथि से समस्त नगर निगमों में प्रभावी है। **(ग)** जी हां। विभाग के पत्र क्रमांक एफ-8-3/ 2022/ 18 दिनांक 25.05.2022 द्वारा समस्त नगर निगमों को प्रत्यायोजित अधिकारों की सीमा तक नियमानुसार अंतरण की कार्यवाही हेतु निर्देश प्रसारित करते हुए राजपत्र की प्रति प्रेषित किये गये। उक्त अधिसूचना पश्चात कलेक्टर, जिला दुर्ग के द्वारा कुल 176 भुखण्डों के निवर्तन की अनुमति प्रदान की गई है।

<u>दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम काचांदूर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्य प्रगति</u>

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

77. (क्र. 732) श्री रिकेश सेन : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या दुर्ग जिला अंतर्गत काचांदूर में निर्माणाधीन 189 करोड़ के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य किया जा रहा है ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार उक्त कार्य को पूरा करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है? **(ग)** क्या प्रश्नांश **(ख)** अनुसार कार्य में देरी के लिए संबंधित अधिकारी व एजेंसी के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) मिशन अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा दुर्ग जिले के काचांदूर में 150 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु कुल राशि रू. 189.57 करोड़ का कार्यादेश जारी किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के कार्य को पूर्ण करने हेतु कार्यादेश उपरांत 27 माह (ट्रायल रन सहित) यथा दिनांक 09.10.2027 तक की समय-सीमा निर्धारित की गयी है। **(ग)** उक्त कार्य को दिनांक 09.10.2027 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। वर्तमान में कार्य प्रगतिरत है तथा अनुबंधित अवधि की सीमा में है। अतः वर्तमान में दंडात्मक कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

जिला सूरजपुर में खेलकूद हेतु पहल

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

78. (क्र. 739) श्री भूलन सिंह मराबी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला सूरजपुर में खेलकूद के क्षेत्र में वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक युवाओं के लिए सरकार ने क्या पहल/कार्य किए गए?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी संलग्न **''प्रपत्र''** अनुसार।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित रेशम व कोसा उद्योग

[ग्रामोद्योग]

79. (क्र. 771) श्री फूलसिंह राठिया : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) कोरबा जिला के रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल कितने रेशम व कोसा उद्योग संचालित हैं ? इनके द्वारा कब-कब कहां-कहां प्रशिक्षण दिया जाता है ? प्रशिक्षण देने का प्रमुख उद्देश्य क्या है ? प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को इसका भली-भांति लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं ? **(ख)** रेशम उत्पादन के लिए शासन के द्वारा कोई अनुदान राशि की व्यवस्था है या नहीं ? यदि है तो सत्र 2020-21 से 2025-26 के मध्य कितने हितग्राहियों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है ? नाम एवं राशि सहित जानकारी उपलब्ध कराएं? रेशम एवं कोसा की बिक्री के लिए बाजार की क्या व्यवस्था है ? व इसका सर्मथन मूल्य क्या है ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 01 रेशम केन्द्र व 20 टसर कोसा केन्द्र संचालित हैं। रेशम अनुसंधान विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, बिलासपुर द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में टसर, मलबरी कोसा, एवं ककून की गुणवत्ता व उत्पादन में वृद्धि, कर्मचारियों व हितग्राहियों का तकनीकी ज्ञानवर्धन है। जी हाँ, लाभ प्राप्त हो रहा है। **(ख)** जी हाँ, केन्द्रीय रेशम बोर्ड बैंगलूरू द्वारा सिल्क समग्र योजना 1 एवं 2 अन्तर्गत शहतूत पौधरोपण योजना में 5.00 लाख तक अनुदान राशि की व्यवस्था है, जिसमें 80 प्रतिशत केन्द्र एवं 20 प्रतिशत राज्य शासन का होता है। वर्ष 2020-21 से 2025-26 के मध्य कुल 32 हितग्राहियों को लाभ प्राप्त हुआ है। नाम एवं राशि सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। विभाग द्वारा संचालित ककून बैंक एवं खुले बाजार के माध्यम से क्रय-विक्रय की व्यवस्था है। समर्थन मूल्य की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

समग्र शिक्षा अभियान हेतु केन्द्र शासन से प्राप्त आबंटन

[स्कूल शिक्षा]

80. (क्र. 802) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान (स्कूल शिक्षा विभाग) को केंद्र शासन से कितना आबंटन प्राप्त एवं व्यय हुआ मदवार/योजनावार राशि का विवरण देवें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान (स्कूल शिक्षा विभाग) को केन्द्र शासन से प्राप्त आबंटन एवं व्यय का विवरण निम्नानुसार है -

(राशि लाख में)

स्कूल शिक्षा विभाग	वर्ष	प्रारम्भिक शेष	केन्द्रांश	राज्यांश	योग	व्यय
समग्र शिक्षा	2024-25	27212.00	83065.46	55376.98	165654.44	125033.37
	2025-26	43862.00	41944.09	27962.73	113768.82	91778.92

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रारभिंक शेष एवं इस वर्ष आहरित राशि में से व्यय किया गया। मदवार/योजनावार व्यय राशि का वर्षवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला महासमुंद अंतर्गत विवाहों का पंजीयन

[विधि एवं विधायी कार्य]

81. (क्र. 862) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश में छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 अंतर्गत विवाह पंजीयन के लिए अनिवार्य प्रपत्र कौन-कौन से हैं? **(ख)** जिला महासमुंद में वर्ष जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक प्रति वर्ष कितने विवाहों का पंजीयन किया गया? विकासखंडवार सूची प्रदान करें? **(ग)** शत-प्रतिशत विवाह पंजीयन हो इस हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? जानकारी प्रदान करें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) विवाह पंजीयन हेतु अनिवार्य प्रपत्र की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ख)** जिला महासमुंद में वर्ष जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक प्रति वर्ष विवाहों का पंजीयन की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ग)**शत प्रतिशत विवाह पंजीयन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के द्वारा जिला स्तर पर सभी विकास खण्डों में एवं जिला स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों में पोस्टर, पम्पलेट एवं ग्रामों में दिवाल लेखन से जन जागरूकता किया जाता है।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

कांकेर जिले अंतर्गत भवनविहीन हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

1. (क्र. 22) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- कांकेर जिले अंतर्गत कितने हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवनविहीन हैं ? कृपया स्कूलों के नाम सहित जानकारी देवें ? इन भवनविहीन स्कूलों के भवन कब तक बन जाएंगे ? समय सीमा बतायें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : कांकेर जिले अंतर्गत 13 हाई स्कूल एवं 01 हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन विहीन है। स्कूलों के नाम की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

वि.ख. फिंगेश्वर एवं छुरा में समूह जलप्रदाय योजना अंतर्गत पेयजल व्यवस्था

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

2. (क्र. 33) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या समूह जलप्रदाय योजना अंतर्गत विकासखंड फिंगेश्वर के लगभग 93 ग्राम एवं विकासखंड छुरा के 43 ग्राम मिलाकर लगभग 136 ग्रामों की पेयजल व्यवस्था हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत प्राक्कलन तैयार किया गया है ? यदि हां तो यह कार्य कब तक चालू कर दिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

नगरीय क्षेत्रों में सिटी बस सुविधा हेतु बसों का संचालन न होना

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

3. (क्र. 47) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि दिनांक 15 जुलाई, 2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रं. 86) के उत्तर में यह बताया गया था कि 130 बसों की मरम्मत की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है? यदि हां तो क्या इन बसों की मरम्मत हो गई एवं इनका संचालन किया जा रहा है? यदि हां तो विवरण दें ? यदि नहीं तो क्यों ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के तहत जो 155 बसें कंडम हो गई हैं, क्या वह नीलाम हो गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जुलाई 2025 की स्थिति में 130 बसों को मरम्मत योग्य पाया गया था जिनमें से 59 बसों (रायपुर-37, बिलासपुर-13, राजनांदगांव-5 एवं रायगढ़-4) की मरम्मत कराकर संचालन किया जा रहा है। शेष 71 बसों हेतु वर्तमान में सोसायटियों एवं बस ऑपरेटर्स के मध्य कारित 10 वर्षीय अनुबंध की अवधि समाप्त हो चुकी है। तदानुसार शेष बसों की मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है। **(ख)** जुलाई 2025 की स्थिति में 155 बसें अनुपयोगी पाई गई थी जिसमें से 86 बसों की नीलामी एमएसटीसी

ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाधीन है। शेष बसों की नीलामी के संबंध में संबंधित सोसायटियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नगर निमग, रायपुर को अमृत मिशन योजना की केंद्रांश राशि का आबंटन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

4. (क्र. 48) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2019-20 से वर्ष 2024-25 तक अमृत मिशन योजना अंतर्गत परियोजना मद में राज्य शासन को कुल 56122.40 लाख रुपये केंद्रांश मिला है ? यदि हां तो मात्र 26,282.68 लाख रुपये ही नगर निगम, रायपुर को देने का क्या कारण है? शेष राशि कितनी राशि नगर निगम रायपुर को कब दी जायेगी? **(ख)** नगर निगम रायपुर के 70 वार्डो में पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए अमृत मिशन की केंद्रांश की शेष कितनी राशि है तथा उक्त राशि नगर निगम रायपुर को कब तक प्रदान की जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) अमृत मिशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2024-2025 तक परियोजना मद में राज्य को कुल राशि रू. 56122.40 लाख केन्द्र सरकार से 09 अमृत शहरों के लिये प्राप्त हुई है, इस राशि में से रायपुर नगर निगम हेतु प्राप्त कुल राशि रू. 17432.98 लाख निकाय को प्रदान की गयी है। **(ख)** अमृत मिशन योजना की मिशन अवधि समाप्त होने के कारण नगर पालिक निगम रायपुर को मिशन अंतर्गत राशि प्रदाय नहीं की जा सकेगी।

जिला दन्तेवाड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत् एन.जी.ओ. को कार्य आबंटन की प्रक्रिया

[स्कूल शिक्षा]

5. (क्र. 66) श्री चैतराम अटामी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-दन्तेवाड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत गैर सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ) को कार्य आबंटन की प्रक्रिया क्या है ? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक गैर सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ) को कितनी राशि का भुगतान, किस-किस कार्य के लिए किया गया है ? कृपया बतावें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक गैर सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) को भुगतान नहीं किया गया है। शेषांश का प्रश्न ही नहीं उठता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं गेल (इंडिया) लिमिटेड के मध्य एमओयू

[वाणिज्य एवं उद्योग]

6. (क्र. 74) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या गेल (इंडिया) लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के साथ राज्य में ग्रीनफील्ड गैस-आधारित उर्वरक परियोजना हेतु एमओयू किया है? यदि हाँ, तो क्या इस परियोजना हेतु मंत्री-परिषद की स्वीकृति प्राप्त की गई है? यदि हाँ, तो कब ? **(ख)** उक्त परियोजना को किन-किन शर्तों के अधीन सैद्धांतिक/प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा उन शर्तों के पालन की वर्तमान स्थिति क्या है? **(ग)** उक्त परियोजना से स्थानीय निवासियों को कितने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होंगे तथा क्या इसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने का कोई बाध्यकारी प्रावधान किया गया है? **(घ)** उक्त परियोजना की निर्धारित समय-सीमा क्या है और समय-सीमा में पूर्ण न होने की स्थिति में क्या कंपनी पर दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान

है? **(ड)** इस परियोजना से राज्य को वार्षिक कितने करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व लाभ प्राप्त होने का अनुमान है? (च) इस परियोजना के लिए जिला बिलासपुर अंतर्गत किन-किन स्थानों पर भूमि का चयन किया गया है? परियोजना के लिए पाइपलाइन कहाँ-कहाँ बिछाई जाएगी? परियोजना के अंतर्गत क्या-क्या अतिरिक्त संरचनात्मक कार्य (जैसे निर्माण, भंडारण या अन्य निर्माण गतिविधियाँ) किए जाने की योजना है? विवरण देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हॉ, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार गेल (इंडिया) लिमिटेड के राज्य में ग्रीनफील्ड गैस-आधारित उर्वरक परियोजना हेतु प्रस्तुत प्रारंभिक निवेश प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा दिनांक 23.12.2025 को एमओयू निष्पादित किया गया है। जी नहीं, परियोजना हेतु मंत्री-परिषद की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है, अपितु दिनांक 22.12.2025 को प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त किया गया है। एमओयू की शर्तों के अनुसार परियोजना के क्रियान्वयन के पूर्व निवेशक से विस्तृत व्यवहार्यता मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जावेगी। **(ख)** उक्त परियोजना को एमओयू में उल्लेखित शर्तों के अधीन प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना प्रारंभिक चरण में है। **(ग)** निवेशक द्वारा परियोजना में लगभग 35000 व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना प्रस्तावित किया गया है। गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत सरकार का सर्वाजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। अतः रोजगार संबंधी प्रावधान तदनुसार लागू होंगे। **(घ)** परियोजना की स्थापना हेतु समय-सीमा निर्धारित नहीं है, अपितु निष्पादित एमओयू की वैधता अवधि एमओयू निष्पादन दिनांक से 5 वर्ष तक है। अवधि पूर्ण होने पर आपसी सहमति से एमओयू की वैधता बढ़ायी जा सकती है। (ड.) चूंकि निवेशक द्वारा विस्तृत व्यवहार्यता मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की जा रही है, अतः वार्षिक राजस्व का आंकलन किया जाना संभव नहीं है। (च) परियोजना के लिए जिला बिलासपुर का चयन नहीं किया गया है।यह परियोजना मुम्बई-नागपुर-झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाईप लाईन के समीपस्थ प्रस्तावित है। निवेशक द्वारा विस्तृत व्यवहार्यता मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अतः परियोजना अंतर्गत अतिरिक्त संरचनात्मक कार्य की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।

<u>जिला बिलासपुर अंतर्गत मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन</u>

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

7. (क्र. 77) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि जिला बिलासपुर अंतर्गत संचालित समस्त मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का अद्यतन विवरण विभागीय अभिलेखों में संधारित है? **(ख)** क्या यह भी सत्य है कि कुछ मदिरा दुकानों में बिना पुलिस सत्यापन, बिना पहचान पत्र अथवा नियमों के विपरीत कर्मचारी कार्यरत पाए गए हैं? यदि हाँ, तो ऐसे मामलों की संख्या एवं विवरण देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हाँ। **(ख)** यह सत्य नहीं है कि जिला बिलासपुर के मदिरा दुकानों में बिना पुलिस सत्यापन, बिना पहचान पत्र अथवा नियमों के विपरीत कोई भी कर्मचारी कार्यरत है।

<u>धमतरी जिले में ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाएं</u>

[ग्रामोद्योग]

8. (क्र. 88) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-धमतरी जिले के अन्तर्गत ग्रामोंद्योग विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं ? वर्ष 2023-24 से जनवरी,2026 तक इन योजनाओं से कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है ? वर्षवार योजनावार जानकारी देवें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : धमतरी जिले के अंतर्गत ग्रामोद्योग विभाग द्वारा समग्र हाथकरघा विकास योजना, बुनकर वर्कशेड सह बुनकर आवास योजना, रिवाल्विंग फण्ड योजना, हाथकरघा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्य तथा राष्ट्रीय हाथकरघा विकास कार्यक्रम अंतर्गत लघु हाथकरघा क्लस्टर योजना (केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना), टसर रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम, पालित प्रजाति के कृमिपालको को टसर स्वस्थ डिम्ब.समूह, नैसर्गिक टसर कोसा उत्पादन विकास योजना, सिल्क समग्र-2 योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कारीगर प्रशिक्षण योजना, कुम्भकार टेराकोेटा योजना तथा हस्तशिल्प प्रशिक्षण योजना संचालित है। वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की वर्षवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा में कार्यरत उम्रदराज कर्मचारियों को प्रदत्त सुविधाएं

[श्रम]

9. (क्र. 96) श्री बालेश्वर साहू (श्री ब्यास कश्यप) : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत चांपा में संचालित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीआईएल) में 60 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के कितने-कितने कर्मचारी किस-किस पद पर कब से कार्यरत हैं? कृपया जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार कार्यरत कर्मचारियों को किस प्रकार से वित्तीय एवं अन्य सुरक्षा एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही है? कृपया जानकारी दें? **(ग)** क्या प्रश्नांक "ख" के अनुसार दी जा रही सुरक्षा एवं सुविधाएं श्रम अधिनियम के अनुसार हैं? यदि नहीं, तो क्या इसकी जांच कराकर कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जावेगी? कृपया जानकारी दें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जांजगीर-चांपा जिले के चांपा अंतर्गत संचालित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पी0आई0एल0) के प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार 60 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वाले कर्मचारियों की संख्या 112 है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पी0आई0एल0) के प्रबंधन से प्राप्त जानकारी प्रश्नांश "क" के अनुसार कार्यरत् कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ग)** प्रश्नांक "ख" के अनुसार 60 या 60 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को श्रम अधिनियम अंतर्गत सुरक्षा एवं अन्य सुविधाएं दी जा रही है। कारखानें में 60 या 60 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं के संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

आत्मानंद स्कूल में नर्सरी एवं के.जी की कक्षाएं बंद करने का निर्णय

[स्कूल शिक्षा]

10. (क्र. 105) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर जिले के कौन-कौन से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी एवं केजी की कक्षाएं चल रही हैं? **(ख)** क्या बिलासपुर जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी एवं केजी की कक्षाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया है? अगर हॉ तो कौन-कौन से स्कूलों में बंद किया जा रहा है और किन-किन कारणों से बंद किया जा रहा है? **(ग)** उक्त नर्सरी एवं केजी कक्षाओं में बच्चों की दर्ज संख्या कितनी है एवं कितने शिक्षक कार्यरत हैं? स्कूल बंद होने के बाद बच्चों के निरंतर अध्यापन के लिये क्या व्यवस्था की जा रही है? शिक्षकों का व्यवस्थापन कहां किया जायेगा?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र के कालम 3 अनुसार** है। **(ख)** वर्तमान में कक्षाएं संचालित हैं। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र के कालम 4, 5 और 6 अनुसार** है। स्कूल बंद नहीं किया जा रहा है, अतः शेषांश का प्रश्न नहीं उठता।

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

बिलासपुर जिले में बोर खनन एवं उसका भुगतान

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

11. (क्र. 110) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर में 2023 से 2025 तक कुल कितने बोर का खनन किया गया? कितने बोर खनन सफल हुये और कितने बोर खनन असफल हुये? विकासखंडवार जानकारी क्या है? **(ख)** बोर खनन हेतु कितने शासकीय एवं कितने निजी बोर मशीन का उपयोग किया जा रहा है? निजी बोर मशीन हेतु कौन सी एजेंसी एवं ठेकेदार को कितना भुगतान किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बिलासपुर जिले में 2023 से 2025 तक कुल 1173 नग बोर का खनन कार्य किया गया है। जिसमें से 1083 बोर सफल एवं 90 बोर असफल हुए। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है । **(ख)** बोर खनन हेतु 2 शासकीय एवं 10 निजी बोर मशीन का उपयोग किया गया है। निजी बोर मशीन हेतु एजेंसी एवं ठेकेदार को किये गये भुगतान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत खेल कूद एवं युवा कल्याण विकास हेतु कार्य

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

12. (क्र. 130) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत खेल कूद एवं युवा कल्याण विकास के लिए वर्ष 2023 से जनवरी, 2026 तक किये गये कार्यों की जानकारी देवें ? कौन-कौन सी गतिविधि के द्वारा खेलों के लिए प्रोत्साहित किया गया है? क्या खेल कूद एवं युवा कल्याण के लिए कोई भवन निर्माण किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों ? क्या क्षेत्र में खेलों के विकास हेतु कोई योजना बना है या नहीं ? **(ख)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खेल प्रश्नांकित अवधि कूद एवं युवा कल्याण विकास के लिए कोई राशि शासन से आबंटन हुआ है या नहीं ? यदि नहीं तो क्यों ? अगर हुआ है तो किस आधार पर खर्च किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी संलग्न **''प्रपत्र अ''** अनुसार। **(ख)** जानकारी संलग्न**''प्रपत्र ब''**अनुसार।

[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

धरसींवा विधानसभा अंतर्गत सी.एस.आर.मद से प्रदान की गई राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

13. (क्र. 134) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** माह अप्रैल, 2024 से जनवरी, 2026 तक विधानसभा क्षेत्र धरसींवा में संचालित किन-किन उद्योगों से कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर.मद से प्रदान की गई है?उद्योगवार एवं कार्यवार राशि का विवरण प्रदान करें ? **(ख)**

प्रश्न 'क' अनुसार इनमें से कितनी राशि धरसींवा विधानसभा अंतर्गत किन-किन ग्रामों में किन-किन कार्यो के लिये स्वीकृत की गई? स्वीकृत कार्यो में कितने कार्य पूर्ण एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय जिला पंचायत, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार माह अप्रैल, 2024 से जनवरी, 2026 तक विधान सभा क्षेत्र धरसींवा में संचालित कुल 05 उद्योगों से राशि133.00 लाख रुपये जिला प्रशासन, रायपुर के सीएसआर मद में प्रदान की गई है। उद्योगवार एवं कार्यवार राशि का **विवरण प्रपत्र में संलग्न है। (ख)** धरसींवा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला स्तर से कार्य स्वीकृत नहीं किये गये हैं। अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

उद्योगों द्वारा सार्वजनिक जल स्त्रोतों से पानी के अवैध दोहन पर कार्यवाही

[वाणिज्य एवं उद्योग]

14. (क्र. 136) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**धरसींवा विधान सभा अंतर्गत स्थापित किन-किन उद्योग/कारखानों को किन-किन नदियों/नहरों या अन्य सार्वजनिक जल स्त्रोत से पानी दिया जा रहा है?विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार इन उद्योगों/कारखानों को किस-किस आदेश के तहत किन-किन जल स्त्रोतों से कितना-कितना पानी प्रदान किया जाना निर्धारित किया गया है ? **(ग)** क्या निर्धारित मात्रा से अधिक एवं अवैध तरीके से पानी लिये जाने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या और इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार धरसींवा विधानसभा अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में स्थापित उद्योग/कारखानों को खारून नदी के मुरेठी एनीकट एवं औद्योगिक क्षेत्र तेंदुआ में स्थापित इकाईयों को नलकूप से पानी दिया जा रहा है। **विवरण संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** इसी प्रकार मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, अटल नगर, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार खारून/ मुरेठी एनीकट, कोल्हान नाला/ जरोदा स्टाप डेम, छोकरा नाला तथा महानदी से धरसींवा विधान सभा क्षेत्र में स्थापित उद्योगों को पानी दिया जा रहा है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ख)** उत्तरांश 'क' में उल्लेखित उद्योगों को अनुबंधित मात्रा अनुसार जल प्रदाय किया जा रहा है। पानी की मात्रा का **विवरण प्रपत्र-अ तथा ब** में उल्लेखित है। **(ग)** कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड, रायपुर तथा कार्यालय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग को निर्धारित मात्रा से अधिक एवं अवैध तरीके से पानी लिये जाने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़को के पेंचवर्क/ सुधार/मरम्मत कार्य

[लोक निर्माण]

15. (क्र. 141) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-(क) वित्तीय वर्ष 2024 - 25 से 31/01/2026 तक भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में कितनी सड़कों के पेंचवर्क सुधार / मरम्मत कार्यो के लिए कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गयी ? कार्यो के नाम सहित जानकारी देवें ? (ख) किन - किन सड़कों का किस - किस एजेंसी / फर्म के माध्यम से पेंचवर्क/ सुधार / मरम्मत किया गया है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

बीजापुर जिले में सी.एस.आर. से किए गए कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

16. (क्र. 165) श्री विक्रम मंडावी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला-बीजापुर में किन-किन जिलों में सी.एस.आर. मद से कितनी-कितनी राशि के कौन कौन से कार्य कराए गए ? कार्य का नाम व्यय राशि सहित वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार सी.एस.आर. मद से कराए जाने वाले कार्यो की मांग किसके द्वारा की गई थी? प्रस्ताव किसकी अनुशंसा में स्वीकृत हुआ ? कार्यो की वर्तमान वित्तीय एवं भौतिक स्थिति की जानकारी सहित सम्पूर्ण विवरण देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कार्यालय कलेक्टर, जिला बीजापुर से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला बीजापुर में राशि 1599.66 लाख रु. सीएसआर मद के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए गए हैं। कार्य का नाम व्यय राशि सहित वर्षवार, जिला अंतर्गत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार सीएसआर मद से कराए जाने वाले कार्यों की मांग, प्रस्ताव की अनुशंसा, कार्यों की वर्तमान वित्तीय एवं भौतिक स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

बिलासपुर नगर पालिका निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

17. (क्र. 203) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर नगर पालिका निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के संबंध में जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक कुल कितनी शिकायतें की गई हैं? इन शिकायतों के संबंध में क्या कार्यवाही की गई है? कितनी शिकायतें आंशिक या पूर्ण रूप से सही पाई गई व इनमें क्या कार्यवाही की गई? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार निगम में प्रशासन द्वारा शिकायत/स्वतः संज्ञान के आधार पर किन-किन अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई तथा इनके भू-स्वामी के नाम/फर्म क्या थे एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई तथा कार्यवाही के पूर्व इनके द्वारा कुल कितने अन्य भू-स्वामियों को कुल कितने प्लाट बेचे गए हैं? विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बिलासपुर नगर पालिका निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के संबंध में जनवरी 2024 से जनवरी 2026 तक 05 शिकायत प्राप्त हुई है। नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा 02 शिकायतो पर पत्र दिनांक 17.06.2025 एवं दिनांक 08.07.2025 द्वारा हल्का पटवारी मंगला को पत्र प्रेषित कर अवैध प्लाटिंग कर्ता के नाम, खसरा नं. एवं रकबा की जानकारी चाही गई है एवं अवैध प्लाटिंग में निर्मित कच्ची सड़क, नाली, बाऊण्ड्रीवाल को नगर पालिक निगम बिलासपुर एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हटाया गया। 01 शिकायत निराधार पायी गयी। 02 शिकायतो पर सीमांकन हेतु तहसीलदार बिलासपुर को पत्र प्रेषित किया गया एवं अवैध प्लाटिंग में निर्मित अस्थायी गेट, बाऊण्ड्रीवाल, को नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा हटाया गया। प्रश्नांश की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** राजस्व विभाग बिलासपुर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं स्वतः संज्ञान से प्राप्त जानकारी अनुसार अवैध प्लाटिंग/कॉलोनी के कुल 337 प्रकरण दर्ज किए गए है तथा अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी निम्नानुसार

है:- 1. अवैध प्लाटिंग के सभी कुल 337 प्रकरणों में अवैध बिल्डर द्वारा बनाई गई डब्ल्यू.बी.एम. सड़क/सी.सी. सड़क, नाली, विद्युत पोल, तथा सीमांकन हेतु लगाये गये पत्थर को हटाया गया है। 2. कुल 334 प्रकरणों उप-पंजीयक कार्यालय को अवैध प्लाटिंग में टुकड़ो पर पंजीयन नही करने एवं की गई रजिस्ट्रियों की छायाप्रति उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। 3. कुल 334 प्रकरणों में राजस्व विभाग को टुकड़ो पर बंटाकन नही करने, बी-1, पी-2 जारी नही करने एवं की गई बटाकंन की जानकारी हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। 4. कार्यवाही के पूर्व, भूमि स्वामी द्वारा कुल कितने अन्य भू-स्वामियों को कुल कितने प्लाट बेचने की जानकारी हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासुपर एवं तखतपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। 5. श्री शैलेन्द्र जायसवाल एवं अन्य के द्वारा ग्राम-तिफरा स्थित भूमि खसरा नं. 1367/9, 1369/2, 1370/2, 1357, 1369/3, 1355/7, 1371, 1372/2, 1356/1, 1356/2, 1366/1, 1355/4, 1355/6, 1388, 1369/5, 1370/5, 1367/10, 1368/2, 1355/8, 1367/11, 1368/3, 1367/13, 1368/5, 1075/1ख, 1075/1ग, 1355/10, 1355/5, 1367/12, 1368/4, 1369/4, 1370/4, 1372/1 कुल रकबा 19.35 एकड़ में अवैध प्लाटिंग करने की पूर्व में शिकायत पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-च 292-छ के अन्तर्गत अधिकार हक और हित के अधीन प्रबंधन अधिग्रहित करने की कार्यवाही प्रारंभ की गयी है। उक्त मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

18. (क्र. 323) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में कितनी नगर पंचायतें एवं नगरपालिका, नगर हैं ? वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना के अंतर्गत किन-किन नगर पंचायतें एवं नगर पालिकाओं में कितनी-कितनी लागत के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए है ? जिलेवार, नगर पंचायत एवं नगर पालिकावार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के वर्षो में स्वीकृत निर्माण में से कितने पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ है ? जानकारी जिलेवार, नगर पंचायत एवं नगर पालिकावार देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 124 नगर पंचायत, 56 नगर पालिका परिषद, 14 नगर पालिका निगम है। वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना के नाम से कोई योजना लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में संचालित नहीं है। लोक निर्माण विभाग में वर्ष 2025-26 में मद क्रमांक 7570 (बायपास एवं रिंग रोड निर्माण) में की गई स्वीकृति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

प्रदेश में शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूल

[स्कूल शिक्षा]

19. (क्र. 324) श्री भोलाराम साहू : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में 31.01.2026 की स्थिति में शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों की संख्या कितनी है ? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत कितने शिक्षक मूल शाला पदस्थापना एवं शैक्षणिक कार्यो को छोड़कर अन्यत्र कार्यालयों एवं विभागों में संलग्न होकर कार्यरत हैं ? जिलेवार पदवार पृथक-पृथक जानकारी देवें ? **(ग)** क्या राजनांदगांव जिले के सहायक ग्रेड-02 एवं सहायक ग्रेड -03 के कर्मचारी अन्य जिले के कार्यालयों में संलग्न हैं ? यदि हॉ तो इन्हें कब तक कार्यमुक्त किया जायेगा ? कृपया बताएं ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के अंतर्गत जानकारी निरंक है। **(ग)** जी हॉ। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

श्रम विभागांतर्गत प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद

[श्रम]

20. (क्र. 334) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** प्रदेश में श्रम विभागांतर्गत प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के कौन-कौन से कितने-कितने पद स्वीकृत, भरे व वर्तमान में रिक्त हैं ? कार्यालयवार, संवर्गवार जानकारी देवें ? भरे हुए पदों पर पदस्थ अधिकारियों के नाम, पदनाम क्या हैं ? जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार जनवरी, 2026 की स्थिति में किन-किन अधिकारियों के विरूद्व क्यों व कब से ईडी, एसीबी, ईओडब्ल्यू, लोक आयोग, विभागीय जांच व पुलिस विभाग में जॉच चल रही है तथा किन-किन अधिकारियों के विरूद्व जांच पूर्ण हो गई है तथा जांच अनुसार क्या-क्या कार्यवाही की जानी थी, क्या-क्या कार्यवाही की गई? अधिकारीवार जानकारी देवें? **(ग)** किन-किन प्रथम श्रेणी अधिकारियों के विरूद्व वर्ष 2022 से जनवरी, 2026 की स्थिति में कब, किसके द्वारा, क्यों, किसको शिकायत की गई तथा इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है और किन-किन शिकायतों पर कार्यवाही लंबित है? शिकायतवार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रमायुक्त संगठन, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें तथा छ०ग० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की कार्यालयवार एवं संवर्गवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' अनुसार** तथा पदस्थ अधिकारियों का नाम एवं पदनाम कार्यालयवार एवं श्रेणीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ब' अनुसार है।(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स' अनुसार है।(ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'द' अनुसार है।**

छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सामग्री आपूर्ति

[ग्रामोद्योग]

21. (क्र. 335) श्री धरमलाल कौशिक : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत 3 वित्तीय-वर्ष एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त सामग्री आपूर्ति आदेश के परिप्रेक्ष्य में बोर्ड अंतर्गत आने वाली ईकाईयों से तथा अन्य बाहरी व बोर्ड में पंजीकृत प्राईवेट आपूर्तिकर्ता फर्म/संस्था से कुल कितनी-कितनी राशि, मात्रा की क्या-क्या सामग्री आपूर्ति कराई गई? जानकारी देवें? **(ख)** क्या यह सही है कि बोर्ड द्वारा विभिन्न विभागों के लिये सामग्री आपूर्ति कार्य-आदेश बिना निविदा आमंत्रित किये जारी किए गए? यदि हाँ तो कितने कार्य-आदेश और कितनी राशि के जारी किये गए? वर्षवार जानकारी देवें ? कार्य-आदेशों में छत्तीसगढ़ वित्तीय नियम/भण्डार-क्रय नियमों में क्या-क्या छूट किनके द्वारा और क्यों दी गई? ई-प्रोक्योरमेंट/जेम पोर्टल का उपयोग क्यों नहीं किया गया? **(ग)** विगत 3 वित्तीय-वर्षवार कुल कितने आदेश, कितनी राशि एवं किन सामग्रियों हेतु बोर्ड में पंजीकृत किन-किन आपूर्तिकर्ता फर्म/संस्था को जारी किये गए हैं ? फर्मवार जानकारी देवें ? क्या सामग्री आपूर्ति बिना बाजार दर से तुलना के कराई गई है तथा आपूर्तिकर्ता फर्मो को भुगतान सामग्री के बिना गुणवत्ता परीक्षण/भौतिक सत्यापन के किया गया है? जानकारी देवें? **(घ)** विगत 03 वर्ष में बोर्ड ईकाईयों हेतु विक्रय योग्य सामग्री की उत्पादन क्षमता एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करने हेतु क्या-क्या कार्य किये गए हैं ? इसमें कितनी वृद्धि हुई? इकाईवार जानकारी देवें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** एवं **प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। बोर्ड द्वारा छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग अधिनियम 1978 एवं संचालक मंडल में पारित निर्णयों के परिपालन में बोर्ड में पंजीकृत इकाईयों से दर मंगाकर न्यूनतम दर के आधार पर पंजीकृत इकाईयों को कार्य आदेश प्रदान कर सामग्री आपूर्ति कराई गई है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। बोर्ड द्वारा सामग्री आपूर्ति बोर्ड अधिनियम के प्रावधानों अनुसार एवं संचालक मंडल में पारित निर्णय के परिपालन में पंजीकृत ईकाईयों से दर मंगाकर न्यूनतम दर के आधार पर की जाती है तथा संबंधित विभागों को सामग्री आपूर्ति कर विभागों से सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण/भौतिक सत्यापन होने की प्रमाणित पावती प्राप्त होने के उपरांत फर्म को भुगतान की गई है।**(घ)** विगत 03 वर्ष में खादी बोर्ड के उत्पादन इकाईयों की विक्रय योग्य सामग्री की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हेतु बोर्ड द्वारा 1465 व्यक्तियों को खादी उत्पादन केन्द्र में कताई कार्य, 234 व्यक्तियों को बुनाई कार्य तथा 112 व्यक्तियों को बांस शिल्प कार्य(अन्य कार्य) हेतु संलग्न किया गया है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करने हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 2108 इकाईयों की स्थापना एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांतर्गत 1411 इकाईयों की स्थापना की गई है। विगत 03 वर्षों में बोर्ड ईकाईयों में हुई उत्पादन वृद्धि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है।

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सड़कों के बीटी पेच रिपेयर कार्य की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

22. (क्र. 349) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक किन-किन सड़कों के बी.टी. पेच रिपेयर तथा नवीनीकरण के कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों में किन-किन ठेकेदारों द्वारा कार्य किया गया है ? कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता / गुणवत्ताहीन सामग्री के उपयोग की कितनी शिकायतें कहाँ-कहाँ से प्राप्त हुई? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

अर्जुन्दा एवं ग्राम-देवरी (सुरसुली) में नवीन विश्राम गृह भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

23. (क्र. 350) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या जिला बालोद अंतर्गत नगर अर्जुन्दा एवं ग्राम-देवरी (सुरसुली) में नवीन विश्राम गृह भवन निर्माण कार्य बजट में सम्मिलित है ? यदि हाँ तो क्या उक्त सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्राक्कलन विभाग को प्राप्त हुआ है? यदि हाँ तो प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान की जाएगी ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवन विहीन विद्यालय

[स्कूल शिक्षा]

24. (क्र. 356) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौन-कौन से शासकीय विद्यालय भवन विहीन हैं ? कृपया ग्रामवार भवनविहीन प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्च माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार चिह्नांकित विद्यालयों को कौन-कौन से वर्ष में प्रारम्भ किया गया था? **(ग)** कंडिका **(क)** अनुसार चिह्नांकित विद्यालयों की दर्ज संख्या कितनी है? **(घ)** भवन विहीन विद्यालयों के लिए भवन निर्माण कार्य कब तक स्वीकृत कर लिया जायेगा?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कालम नं. 07 के अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कालम नं. 08 के अनुसार है। **(घ)** निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

जिला दन्तेवाड़ा में श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

25. (क्र. 374) श्री चैतराम अटामी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला दंतेवाड़ा में असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों के कितने श्रमिक पंजीकृत हैं ? **(ख)** पंजीकृत श्रमिकों में से कितनों को विगत तीन वर्ष में श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिला है? **(ग)** दंतेवाड़ा जिले में निर्माण श्रमिक कल्याण मंडल के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कितनी राशि एवं श्रमिकों कें हित में व्यय, एकत्र की गई है ? **(घ)** श्रम कानूनों के उल्लंघन पर कितनी औद्योगिक इकाइयों पर कार्रवाई की गई है? **(ड)** विगत दो वर्षों में दंतेवाड़ा जिले में कार्यस्थल दुर्घटनाओं में कितने श्रमिकों की मृत्यु अथवा गंभीर चोट हुई है? पीड़ित श्रमिकों, परिजनों को मुआवजा एवं सहायता समय पर प्रदान की गई है या नहीं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला-दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 15,369 असंगठित कर्मकार एवं छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 31,701 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है।**(ख)** छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं के अंतर्गत विगत 03 वर्षों (वर्ष 2023, 2024 एवं 2025) में 1031 असंगठित कर्मकारों को लाभान्वित किया गया है।छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत विगत 03 वर्षों (वर्ष 2023, 2024 एवं 2025) में 21,887 निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है।**(ग)** दंतेवाड़ा जिला में छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत विगत 03 वर्षों (वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में रूपये 12,26,83,026/- उपकर संग्रहित किया है तथा मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से 21,887 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को रूपये 5,39,12,390/- से लाभान्वित किया गया है।**(घ)**कारखाना अधिनियम, 1948 एवं तथा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत विगत दो वर्षों (वर्ष 2024 एवं 2025) में 05 औद्योगिक इकाईयों में निरीक्षण किया गया है। अभियोजन की कार्यवाही निरंक है। **(ड)**दंतेवाड़ा जिले में विगत दो वर्षों में कार्यस्थल पर दुर्घटना से पंजीकृत 01 निर्माण श्रमिक के मृत्यु होने पर पीड़ित श्रमिक के परिजनों को मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के प्रावधानुसार राशि रुपये 5,00,000/- प्रदान किया गया। मेसर्स एम.बी. कंस्ट्रक्शन, किरन्दुल में निर्माण कार्य करते हुए अपंजीकृत निर्माण श्रमिक की मृत्यु पानी में डूबने से हुई थी। मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के प्रावधानुसार राशि रू. 1,00,000/- प्रदान किया गया।

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षों में स्वीकृत सड़क/निर्माण कार्य

[लोक निर्माण]

26. (क्र. 379) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रातर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा मुख्य बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2025-26 तक कितने सड़क/निर्माण कार्यों की कितनी राशिा की स्वीकृति प्रदान की गई है? वर्षवार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार प्रश्नाधीन अवधि में बजट में स्वीकृत सड़क/निर्माण कार्यों में से किन-किन कार्यों की कितनी राशिा की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है? कितने कार्य पूर्ण हुए हैं? कितने अपूर्ण हैं? कितने लंबित हैं? वर्षवार कार्यों एवं राशि की जानकारी दें? बजट में शामिल शेश कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक जारी की जायेगी? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नाधीन में बजट में शामिल कितने सड़क/निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी होना शेष हैं? वित्तीय बजट वर्ष 2026-27 में कितने सड़क/निर्माण कार्यों को मुख्य बजट में शामिल किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट पर अभी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

प्रदेश की शालाओं में कार्यरत अतिथि शिक्षक

[स्कूल शिक्षा]

27. (क्र. 403) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि प्रदेश में राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षकों (पूर्व नाम विद्यामितान) की योग्यता व्याख्याताओं के निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं, एवं इनकी सेवाएं वर्तमान में ली जा रही है? यदि हां तो इन शिक्षकों की संख्या वर्तमान में कितनी है, और कितने वषों से कार्य कर रहे हैं? जानकारी दे ? **(ख)** राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षकों को कितना वेतन प्रदान किया जाता है? वर्तमान में कार्यरत आत्मानंद के शिक्षकों और राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षक (विद्यामितानों) के वेतन मान में क्या अंतर है? यदि हां तो कितना क्यों ? **(ग)** क्या राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने हेतु केबिनेट में कुछ निर्णय लिया गया है? यदि हॉ तो क्या ? **(घ)** समस्त योग्यता रखने वाले तथा बी.एड. प्रशिक्षित होने वाले कितने राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षकों (विद्यामितान) को विभाग में संविलियन किया गया है? यदि नहीं तो कब तक किया जावेगा?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी हां। यह भी निर्णय लिया गया कि वर्तमान में कार्यरत विद्यामितान (अतिथि शिक्षक) के हितो का सरंक्षण किया जाए। छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 12-7/2014/20-2 अटल नगर रायपुर दिनांक 24.06.2019 के अनुसार राज्य के विद्यालयों में अध्यापन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही है। **(घ)** जी नहीं। प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की खस्ताहाल सडकें तथा पुल-पुलिया

[लोक निर्माण]

28. (क्र. 412) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र विगत दो वर्षो में कितने सड़क निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण

को बजट में सम्मिलित किया गया था? विकासखण्डवार कार्य का नाम, बजट राशि सहित बतावें? **(ख)** उक्त कार्यो में से कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई? कितने निर्माण कार्य पूर्ण हुए हैं? कितने प्रगतिरत हैं? जानकारी देवें? **(ग)** डौण्डीलोहारा ब्लॉक की क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निमाण/मरम्मत की कार्य योजना क्या है और इसे कब तक पूर्ण किया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी संलग्न **प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सूरजपुर एवं बीजापुर द्वारा व्यय की गई राशि

[स्कूल शिक्षा]

29. (क्र. 415) श्री विक्रम मंडावी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर एवं सूरजपुर तथा उसके अधीन कार्यालयों द्वारा किस-किस मद से किन-किन कार्यो हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? वर्षवार, मदवार, कार्यवार, जिलावार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' के कार्यालयों को उक्त अवधि में डी.एम.एफ. मद से भी व्यय हेतु राशि प्राप्त हुई है? यदि हां तो प्राप्त राशि को किस -किस प्रयोजन हेतु कितना-कितना व्यय किया गया है? वर्षवार, कार्यवार जिलावार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'ख' की प्राप्त राशि को निर्माण/मरम्मत कार्यो तथा सामग्री खरीदी हेतु व्यय किया गया है? यदि हां तो किन-किन कार्यो हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गई?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "अ"**अनुसार है। **(ख)** जी हाँ, जानकारी **संलग्न प्रपत्र-"ब"**अनुसार है। **(ग)** जी हाँ, जानकारी **संलग्न प्रपत्र-"स"**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्त्रोतविहीन स्थान

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

30. (क्र. 420) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला राजनांदगांव व केसीजी में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कितनी जगहों पर विकासखण्डवार बड़ी पानी टंकी व छोटी पानी टंकी का निर्माण किया गया व कितने पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण/अपूर्ण है? पूर्ण जानकारी देवें? पानी टंकी तक पानी पहुंचाने का स्त्रोत का माध्यम क्या है? जानकारी देवें? **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत दोनों जिलों मे कुल कितने ग्रामों के कितने घरों में नल कनेक्शन लगाने का लक्ष्य रखा गया है तथा लक्ष्य के अनुरूप कितने ग्रामों के, कितने घरों में नल कनेक्शन कार्य पूर्ण/अपूर्ण/प्रगतिरत/अप्रारंभ की स्थिति में हैं तथा निर्धारित समायावधि कब तक है? कितनी बार समय वृद्धि की गयी? कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और निर्धारित लक्ष्य से कितना कार्य पूर्ण /अपूर्ण है ? जानकारी देवें? **(ग)** उक्त योजनांतर्गत ऐसी कितनी जगहों पर पानी टंकी का निर्माण खराब व अपूर्ण हैं? विभाग द्वारा कब-कब इसकी जांच करायी गयी और जांच की प्रक्रिया क्या थी? इसमें कितने ठेकेदार, अधिकारी /कर्मचारी संलिप्त पाए गए और उन पर क्या कार्यवाही की गई? पूर्ण जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला राजनांदगांव व केसीजी में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 267 जगहों पर बड़ी व छोटी पानी टंकी का निर्माण किया गया व 190 पानी टंकी का निर्माण

कार्य पूर्ण तथा 77 का निर्माण कार्य अपूर्ण है। विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। 113 पानी टंकियो हेतु पानी पहुंचाने का स्त्रोत भूगर्भीय एवं 154 टंकियो हेतु सतही स्त्रोत है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत दोनों जिलों में कुल 273 ग्रामों के 53065 घरों में नल कनेक्शन लगाने का लक्ष्य रखा गया है तथा लक्ष्य के अनुरूप 273 ग्रामों के 46874 घरों में नल कनेक्शन कार्य पूर्ण, 146 ग्रामों के 6191 घरों में नल कनेक्शन का कार्य अपूर्ण/प्रगतिरत् की स्थिति में है। निर्धारित समयावधि वर्ष 2024-25 के केन्द्रीय बजट की घोषणा अनुसार एक बार समयावृद्धि कर वर्ष 2028 प्रस्तावित है। 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण। निर्धारित लक्ष्य से 12 प्रतिशत अपूर्ण है। **(ग)** उक्त योजनांतर्गत पानी टंकी का निर्माण खराब की जानकारी निरंक व पानी टंकी का निर्माण कार्य अपूर्ण की जानकारी जिला राजनांदगांव में 43 तथा जिला केसीजी में 34 हैं। विभाग के सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं इम्पेनल्ड टी.पी.आई. एजेंसी द्वारा नियमित निरीक्षण विभागीय प्रक्रिया अनुसार किया जाता है। खराब निर्माण से संबंधित जानकारी निरंक होने से कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आबंटित राशि

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

31. (क्र. 421) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक दुर्ग संभाग मेंे खेलकूद युवा कल्याण विभाग द्वारा कितनी राशि आबंटित की गयी है जिलेवार, विकासखण्डवार किन-किन संस्था/संघ द्वारा कार्यक्रम कहां-कहां पर आयोजित किये गये हैं और कितनी जगहों पर क्या-क्या सामग्री क्रय की गयी हैं? जानकारी देवें? **(ख)** विभाग द्वारा खेलों के संरक्षण ,संवर्धन एवं प्रशिक्षण हेतु जिले स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर क्या - क्या कार्यक्रम आयोजित कराए गए हैं? उक्त आयोजन में कितनी -कितनी राशि व्यय हुई है? वर्षवार बताएं? **(ग)** क्या राजनांदगांव एवं केसीजी में कबड्डी मैटस व अन्य खेल सामग्री की खरीदी की गई है? यदि हां तो टेन्डर की क्या प्रक्रिया रही? भंडार क्रय नियम का पालन किया गया क्या सामग्री को बाजार की दर से अधिक दर पर खरीदा गया? यदि हां तो क्यों? कारण सहित विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2023-24 में राशि 88003151 रूपये, वर्ष 2024-25 में राशि 49838047 रुपये एवं वर्ष 2025-26 में राशि 43498181 रूपये इस प्रकार कुल राशि 181339379 करोड़ आबंटित किया गया है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार । (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार । (ग)** जी हां, जिला राजनांदगांव में कबड्डी मैट एवं अन्य खेल सामग्री की खरीदी की गई है। भण्डार क्रय नियम का पालन करते हुए कबड्डी मैट एवं खेल सामग्री जेम के माध्यम से क्रय किया गया है। सामग्री को बाजार दर पर ही खरीदी की गई है।

जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में संचालित शालाएं

[स्कूल शिक्षा]

32. (क्र. 429) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत कितने प्राथमिक/माध्यमिक/हाई/हायर सेकेण्ड्री स्कूल संचालित हैं? **(ख)** कितने प्राथमिक/माध्यमिक/हाई/हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवनयुक्त एवं भवन विहीन हैं? जानकारी देवें? **(ग)** क्या सत्र 2025-26 में भवनविहीन शालाओं हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हां तो कौन-कौन से स्कूलो की स्वीकृति दी गई है? स्वीकृत भवनों का निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? जानकारी देवे?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जिला मोहेला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत 464 प्राथमिक, 148 माध्यमिक, 36 हाई, 51 हायर सेकेण्ड्री स्कूल संचालित है। **(ख)** भवन युक्त एवं भवन विहीन विद्यालयों की जानकारी निम्नानुसार हैः-

शाला का स्तर	भवन युक्त शालाओं की संख्या	भवन विहीन शालाओं की संख्या
प्राथमिक शाला	463	1
माध्यमिक शाला	148	0
हाई स्कूल	33	3
हायर सेकेण्डरी स्कूल	46	5

(ग) जी हां। सत्र 2025-26 में भवन विहीन शालाओं हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति निम्नानुसार विद्यालयों में दी गई हैः-

क्र	वि.ख.	शाला का नाम
1	मोहला	शा.प्रा.शा. बोधीटोला
2	मोहला	शा.प्रा.शा. नवाटोला
3	मोहला	शा.प्रा.शा. अमलीडीह
4	मोहला	शा.पू.मा.शा. जोबटोला
5	मानपुर	शा.पू.मा.शा. तोलूम
6	मानपुर	शा.पू.मा.शा. हुरेली
7	मानपुर	कारेकट्टा

समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।

<u>विधान सभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अन्तर्गत हैण्डपंप खनन</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

33. (क्र. 433) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधान सभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अन्तर्गत जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक कुल कितने ग्रामों में हैण्डपंप खनन किया गया है? वर्तमान में कितने हैण्डपंप बंद एवं चालू हैं? विकासखंडवार ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्त अवधि में कितने पुराने हैण्डपंपों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है? विकासखंडवार ग्रामवार जानकारी देवें? **(ग)** जिन ग्रामों में हैंडपंप नही हैं, उन ग्रामों में ग्रीष्मकाल के लिये पेयजल की क्या सुविधा प्रदान की गई है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधान सभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अंतर्गत जनवरी 2024 से जनवरी 2026 तक कुल 420 ग्रामों में 362 नलकूप खनन कार्य किया गया है। वर्तमान में 3782 हैंडपंप चालू एवं 26 हैंडपंप बंद है। विकासखंडवार, ग्रामवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** माह जनवरी 2024 से जनवरी 2026 तक 3808 पुराने हैंडपंपों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु राशि रू. 55,14,968.00 खर्च हुई है। विकासखंडवार एवं ग्रामवार व्यय की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** जिले के विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अंतर्गत के समस्त ग्रामों में पेयजल हेतु हैंडपंप की सुविधा है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।

<u>विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में विद्यालयों की संख्या एवं उनकी स्थिति</u>

[स्कूल शिक्षा]

34. (क्र. 438) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में कुल कितने हायर सेकेंड्री, हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला

संचालित हैं? विधानसभा में कितने ऐसे विद्यालय हैं जो भवनविहिन, जर्जर एवं तोड़ने लायक हैं? **(ख)** क्या वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में कुल कितने भवन/ अतिरिक्त भवन एवं नये भवन की स्वीकृति कब-कब कहां-कहां प्रदान की गई? जानकारी देवें? यदि नहीं तो क्यों? कब तक की जावेगी? समयावधि बतावें? **(ग)** विधानसभाक्षेत्र मुंगेली में कुल कितने हायर सेकेंड्री, हाईस्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला हैं तथा उनमें कुल कितने पद स्वीकृत हैं के विरुध्द कितने कार्यरत हैं? एवं कितने रिक्त हैं? रिक्तता की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी? समयावधि बतावें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में 15 हायर सेकेण्डरी स्कूल, 27 हाई स्कूल, 106 पूर्व माध्यमिक शाला एवं 275 प्राथमिक शाला सहित कुल 437 विद्यालय संचालित है। विधानसभा में 18 विद्यालय भवन विहीन तथा 71 विद्यालय भवन जर्जर एवं तोड़ने लायक है। **(ख)** जी हां, जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में 15 हायर सेकेण्डरी स्कूल, 27 हाई स्कूल, 106 पूर्व माध्यमिक शाला एवं 275 प्राथमिक शाला सहित कुल 437 विद्यालय संचालित है। उनमें 2443 पद स्वीकृत है, के विरूद्ध 1746 कार्यरत हैं, एवं 697 पद रिक्त है। भर्ती एक सतत् प्रक्रिया है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

कैमिकल फैक्ट्रियों की स्वीकृति में नियमों के उल्लंघन की प्राप्त शिकायतें

[वाणिज्य एवं उद्योग]

35. (क्र. 447) श्री देवेन्द्र यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या दुर्ग जिले में एक ही पते पर अलग-अलग कैमिकल फैक्ट्रियां खोले जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? **(ख)** क्या कैमिकल फैक्ट्रियों की स्वीकृति में शासन के नियमों के उल्लघंन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां तो क्या जांच समिति का गठन किया गया है? यदि हां, तो जांच समिति द्वारा जांच रिपोर्ट में क्या जानकारी प्राप्त हुई है? **(ग)** प्रश्न ख में शिकायत अनुसार कौन-कौन सी फैक्ट्रियों की शिकायत प्राप्त हुई है तथा उनका नाम, पता एवं स्वामित्व किनका है? **(घ)** क्या इसकी शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ई.ओ.डब्लू) में की गयी है? यदि हां, तो विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) दुर्ग जिले में एक ही पते पर अलग-अलग कैमिकल फैक्ट्रियां खोले जाने की कोई शिकायत वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को प्राप्त नहीं हुई है। **(ख)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) के तहत् पर्यावरणीय स्वीकृति लिए बिना छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दुर्ग जिले के कोलतार प्रोसेसिंग आधारित उद्योगों को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के तहत् सम्मति जारी किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उक्त संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 24.02.2025 को 4-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा दुर्ग जिले के अंतर्गत कुल 16 कोलतार प्रोसेसिंग आधारित उद्योगों की जांच/निरीक्षण किया गया, जांच समिति द्वारा इनमें से 08 उद्योगों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति में उल्लिखित कोलतार डिस्टीलेशन आधारित उत्पादों की उत्पादन क्षमता दिनांक 25.06.2014 के पूर्व की स्थिति में सीमित करने हेतु संशोधित सम्मति जारी करने की अनुशंसा की गई। इसके अतिरिक्त उद्योग संचालनालय, रायपुर को केमिकल फैक्ट्रियों की स्वीकृति में शासन के नियमों के उल्लंघन संबंधी दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रथम शिकायत "गलत व गुमराह जानकारी देकर उद्योगों द्वारा गलत तरीके से केन्द्रीय

पर्यावरण स्वीकृत लेने" विषयक दिनांक 24.06.2025 को प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत के संबंध में जांच समिति का गठन नहीं किया गया है। शिकायत की विषयवस्तु पर्यावरण से संबंधित होने के कारण आवश्यक कार्यवाही हेतु सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को पत्र क्रमांक 8879 दिनांक 07.07.2025 द्वारा प्रेषित की गयी है। द्वितीय शिकायत "बड़े उद्योग के द्वारा जैसे हिमाद्री स्पेशलिटि केमिकल स्थित कोरबा छ०ग० द्वारा मोनोपॉली बनाने वाले कंपनियों के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही करने" विषयक दिनांक 21.08.2025 को प्राप्त हुई है। शिकायत की विषयवस्तु का निकटतम संबंध गृह विभाग से होने के कारण महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर, छ०ग० को उद्योग संचालनालय के पत्र दिनांक 05.11.2025 द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। **(ग)** उत्तरांश ख में कार्यालयवार प्राप्त शिकायत अनुसार फैक्ट्रियों का नाम, पता एवं स्वामित्व का विवरण **संलग्न प्रपत्र अ** अनुसार है। **(घ)** मुख्यालय, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो(ई.ओ.डब्लू) से प्राप्त जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता श्री राकेश कुमार मिश्रा, भिलाई द्वारा ईओडब्लू में शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत क्रमांक 02/2025 पंजीबद्ध किया गया है। ब्यूरो द्वारा शिकायत में उल्लिखित तथ्यों की जानकारी हेतु तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्राप्त करने शासन/विभाग को पत्राचार किया गया है। कार्यवाही प्रक्रियाधीनहै।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

प्रदेश में बाल वाटिका संचालन की स्वीकृति

[स्कूल शिक्षा]

36. (क्र. 468) डॉ. चरण दास महंत : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कितनी बाल-वाटिका संचालन की स्वीकृति कब प्रदान की गई है? किस शिक्षण सत्र से संचालन किए जाने का लक्ष्य है? कि योजना के अंतर्गत संचालित किया जाना है? जिलेवार बाल-वाटिका का नाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार अब तक इस हेतु कितना-कितना बजट प्रावधान किया गया है? क्या इस हेतु केन्द्र सरकार से भी सहायता प्राप्त हुई है? यदि हां तो कब-कब, कितनी, वर्षवार बतावें? **(ग)** इस हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की व्यवस्था की गई? कितनी राशि कब-कब व्यय हुई? सम्पूर्ण जानकारी देवें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) प्रदेश में कुल 10491 बालवाटिका (बालवाड़ी) का संचालन हो रहा है जिसकी स्वीकृति वर्ष 2022 में प्रदान की गई है।

क्र.	सत्र	स्वीकृत	संचालन
1	2022-23	5173	5120
2	2023-24	4318	9438
3	2024-25	1000	10491
4	2025-26	0	10491

- 2022-23 शिक्षण सत्र से प्रदेश में बालवाटिका (बालवाड़ी) का संचालन हो रहा है।
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।
- जिलेवार स्वीकृत बालवाटिका (बालवाड़ी) का नाम सहित सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्रनुसार** संलग्न है।

(ख) प्रश्नांश 'क' के अनुसार अब तक इस हेतु बजट प्रावधान किया गया है। हां, बालवाड़ी केंद्र की एक योजना है, इस हेतु केन्द्र सरकार से भी सहायता प्राप्त होती है। जो निम्नानुसार हैः-

पीएबी के अनुसार ईसीसी का जिलावार आवंटन								
स.क्र.	**जिला**	2022-23	2023-24			2024-25		
		बाला फीचर्स	बाला फीचर्स	**पूर्व - प्राथमिक स्तर पर सहायता**	**टीएलएम**	बाला फीचर्स	**पूर्व-प्राथमिक स्तर पर सहायता**	**टीएलएम**
1	बालोद	9.75	3.6	13.35	1.89	1.5	51.975	2.625
2	बलौदाबाजार	24.75	8.85	33.45	8.215	2.55	126	11.145
3	बलरामपुर	28.05	39.6	67.65	7.19	4.95	254.1	15.82
4	बस्तर	18.3	25.2	43.5	4.36	6.3	174.3	4.04
5	बेमेतरा	25.95	23.4	49.05	7.6	2.7	181.125	13.475
6	बीजापुर	3.9	13.8	17.7	0.59	1.35	66.675	2.855
7	बिलासपुर	27.9	37.05	64.95	9.185	9.9	261.975	19.705
8	दंतेवाड़ा	1.8	9.6	11.4	0.36	4.05	54.075	2.035
9	धमतरी	19.2	9.45	28.2	4.06	1.8	105	2.34
10	दुर्ग	9.15	5.85	15	2.535	1.8	58.8	3.355
11	गरियाबंद	17.85	15.75	33.6	3.935	6	138.6	6.51
12	जी.पी.एम.	20.25	16.2	34.95	3.17	3.3	133.875	9.53
13	जांजगीर-चांपा	15.9	12.6	28.35	3.61	4.95	116.55	3.975
14	जशपुर	65.7	43.35	109.05	11.65	12.75	426.3	15.725
15	कांकेर	16.2	10.8	26.85	3.2	5.25	112.35	8.95
16	कवर्धा	25.65	39.75	65.4	5.835	5.4	247.8	15.51
17	के.सी.जी.	10.35	12.45	22.8	1.12	2.7	89.25	5.195
18	कोंडागांव	10.65	9.6	20.25	5.125	3.15	81.9	4.08
19	कोरबा	63.6	36.3	97.5	14.285	7.2	366.45	26.75
20	कोरिया	13.2	13.8	26.85	2.645	4.95	111.3	4.25
21	महासमुंद	46.8	29.55	75.75	9.92	2.85	275.1	16.14
22	एमण्सीण्बीण्	13.35	16.05	29.4	1.32	4.35	118.125	5.65
23	एम.एम.सी.	16.65	15.3	31.95	3.75	2.85	121.8	5.645
24	मुंगेली	32.1	16.65	48.75	12.605	7.2	195.825	19.77
25	नारायणपुर	2.25	3.9	6.15	0.33	2.25	29.4	0.5
26	रायगढ़	76.65	44.1	120.75	12.99	7.65	449.4	17.755
27	रायपुर	20.7	12.75	33.45	5.775	4.2	131.775	8.95
28	राजनांदगांव	17.4	18.75	36.15	2.31	3.9	140.175	8.19
29	सक्ती	24	14.4	36.75	5.385	5.55	148.05	5.17
30	एस.बी.	37.2	26.1	63.15	6.835	2.1	228.375	11.125
31	सुकमा	4.05	7.5	11.55	0.725	3.75	53.55	2.9
32	सूरजपुर	32.85	32.7	65.25	7.15	6.75	252	17.57
33	सरगुजा	23.85	22.95	46.8	5.5	4.05	177.975	10.925
कुल		775.95	647.7	1415.7	175.155	150	5479.95	308.16

(ग) राज्य में स्वीकृत समस्त बालवाड़ी का संचालन प्राथमिक शालाओं के अतिरिक्त कक्ष में हो रहा है एवं बालवाड़ी में प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से प्रतिदिन 2 घंटे अध्यापन कार्य कराया जाता

है, जिस हेतु 500 रूपये प्रति शिक्षक के मान से मानदेय प्रदाय किया जाता है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	सत्र	शिक्षकों की संख्या	कुल मानदेय राशि (लाख में)
1	2022-23	5119	255.95
2	2023-24	9438	471.90
3	2024-25	10438	521.90
4	2025-26	10365	518.25

निर्माण कार्यो हेतु बजट स्वीकृति उपरांत प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही

[लोक निर्माण]

37. (क्र. 469) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले में 2023-24 से 2025-26 तक किन-किन कार्यो के लिए कितना-कितना बजट प्रावधान किया गया था? उनमें से किन-किन कार्यो की कितनी प्रशासकीय स्वीकृति कब-कब जारी की गई है? शेष कार्यो की कब तक जारी की जाएगी? वर्षवार, विधानसभावार, कार्यवार जानकारी देवें? **(ख)** बजट में स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्यो को प्रारंभ करने हेतु कार्य मेनुवल क्या है? तकनीकी विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है? **(ग)** प्रश्नांश 'क' की प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत किन-किन कार्यो के लिए कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई व कितनी-कितनी राशि कब जारी की गई व कितनी राशि जारी किया जाना शेष है? कार्यवार, वर्षवार, विधानसभावार जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश 'क' अवधि में विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यो की वर्तमान भौतिक एवं वित्तीय अद्यतन स्थिति बतावें? कारण सहित बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** बजट में स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर निविदा की कार्यवाही पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाता है। **(ग)** एवं **(घ)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

रायगढ़ जिले में विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

38. (क्र. 486) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिले के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में बजट में प्रावधानित कार्यो की जानकारी तथा प्रशासकीय स्वीकृति जारी किए गए कार्यो की जानकारी वर्षवार विधानसभावार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार जानकारी कार्य को नाम, स्वीकृत राशि सहित प्रारंभ/अप्रारंभ, वित्तीय एवं भौतिक विवरण सहित वर्षवार विधानसभावार बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

थरगांव-सराईपाली मार्ग लंबाई 5.70 कि.मी. के लिए अर्जित निजी भूमि का लंबित मुआवजा

[लोक निर्माण]

39. (क्र. 489) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या लोक निर्माण विभाग रायपुर परिक्षेत्र, रायपुर अन्तर्गत थरगांव से सराईपाली मार्ग लम्बाई 5.70 कि.मी. का निर्माण 2017 में पूर्ण हो चुका है किंतु अनेक भूमि स्वामियों को आज तक मुआवजा का भुगतान नहीं किया जा सका है? यदि हां तो लम्बित मुआवजा राशि तथा भूमि स्वामियों के नाम बताएं? **(ख)** मुआवजा भुगतान में असाधारण विलम्ब के कारण क्या हैं? इसके लिए कौन उत्तरदायी हैं? उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है? **(ग)** मुआवजा भुगतान में विलम्ब होने के कारण राज्य सरकार पर कितना अधिक आर्थिक भार आएगा? मुआवजा भुगतान कब तक किये जाने की संभावना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉं, जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** मुआवजा राशि प्राक्कलन में सम्मिलित नहीं था। त्रुटिपूर्ण प्राक्कलन तैयार करने के लिए तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपअभियंता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रक्रियाधीन। **(ग)** मुआवजा भुगतान के कारण राज्य सरकार पर अतिरिक्त राशि रु. 410.087 लाख का आर्थिक भार आएगा। मुआवजा भुगतान के लिए निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुनसरी आदिवासी पारा के प्राथमिक शाला हेतु भवन निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

40. (क्र. 493) श्री धर्मजीत सिंह : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुनसरी के आदिवासी पारा में प्राथमिक शाला अवस्थित है? यदि हां तो कब से और कितने छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं? **(ख)** क्या कंडिका "क" के विद्यालय के भवन की स्थिति बहुत ही जर्जर छत गिरने की स्थिति के कारण वहां पढ़ाई कराना संभव नहीं है? **(ग)** क्या कंडिका "क" के प्राथमिक शाला भवन जर्जर होने के कारण विद्यालय विगत 06 माह से गांव के ही निजी भवन में संचालित हो रही है? क्या प्राथमिक शाला भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन के पास लंबित है? यदि हां तो कब तक स्वीकृत हो जाएगा? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी. हां, यह सत्य है तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुनसरी के आदिवासी पारा में प्राथमिक शाला अवस्थित है। वर्ष 2003 से शाला संचालित है, स्कूल में 69 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। **(ख)** जी हां। **(ग)** जी हां, जी नहीं। जनवरी 2026 में नवीन शाला भवन की स्वीकृति हो गई है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

नगर निगम बिलासपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के निर्माण हेतु जारी टेंडर

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

41. (क्र. 494) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** क्या यह सत्य है कि बिलासपुर नगर निगम अंतर्गत विगत वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिनीमाता बस्ती में आवास बनाने हेतु शासन द्वारा टेंडर जारी किया गया है? यदि हां तो कब और कितने आवास बनाए जाने हेतु, कितनी राशि का टेंडर जारी किया गया है? **(ख)** क्या कंडिका "क" के अंतर्गत मिनीमाता बस्ती के 162 निवासियों को नगर निगम, बिलासपुर एवं मिनीमाता बस्ती के लोगों से सहमति लेकर अस्थाई रूप से मधुबन, दयालबंद, बिलासपुर में रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया गया है? **(ग)** कंडिका "क" के आवासों

की अद्यतन स्थिति क्या है और कब तक आवास पूर्ण कर मिनीमाता बस्ती के निवासियों को आवास उपलब्ध कराया जा सकता है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास निर्माण (एएचपी) घटक अंतर्गत भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त स्वीकृति के अनुक्रम में 37 स्थलों पर 5758 आवासों के निर्माण हेतु दिनांक 25.12.2018 को राशि रू. 25497.98 लाख की निविदा जारी की गई, जिसमें मिनीमाता बस्ती में 725 आवासों का निर्माण सम्मिलित था। **(ख)** मिनीमाता बस्ती के 174 निवासरत निवासियों को उनकी सहमति से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत मधुबन में अस्थाई रूप से आवास आबंटित किया गया है। **(ग)** कंडिका ''क'' अनुसार नगर पालिक निगम बिलासपुर में 5758 आवासों के निर्माण हेतु दिनांक 07.03.2019 को राशि रू. 26211.92 लाख का कार्यादेश चयनित निविदाकर्ता मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को जारी किया गया है, जिसमें मिनीमाता बस्ती में 725 आवासो का निर्माण कार्य सम्मिलित था। नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा मिनीमाता बस्ती में प्रस्तावित 725 आवासो का कटौती प्रस्ताव दिनांक 25.06.2024 को प्राप्त हुआ, जिसके अनुक्रम में भारत सरकार की सीएसएमसी बैंठक से प्राप्त अनुमोदन उपरान्त उक्त कटौती प्रस्ताव का अनुमोदन नगर पालिक निगम बिलासपुर को दिनांक 22.05.2025 में जारी किया गया है। दिनांक 01 सितम्बर 2024 से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 लागू है। योजनांतर्गत मिनीमाता बस्ती के निवासरत पात्र हितग्राहियों हेतु योजना के भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक अंतर्गत 725 आवासो की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को दिनांक 19.01.2026 को प्रेषित किया गया है।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत / उन्नयन कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

42. (क्र. 501) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक नगरीय क्षेत्रों में गड्ढा मुक्त सड़क योजना के अंतर्गत कितने सड़कों की मरम्मत / उन्नयन किया गया ? वर्षवार सड़कों के नाम एवं स्वीकृत राशि सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के कार्यों में अनियमतता / भ्रष्टाचार की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों पर क्या -क्या कार्यवाही हुई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बेलतरा विधानसभा अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक नगरीय क्षेत्रों में विभागीय प्रचलित मदों से सड़कों की मरम्मत/उन्नयन कार्यो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है** एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा वार्षिक संधारण मद से सड़कों की मरम्मत/उन्नयन कार्यो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ख)** कार्यो में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

बिलासपुर जिले में संचालित मदिरा दुकाने

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

43. (क्र. 502) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत कितनी विदेशी / देशी मदिरा दुकानें कहाँ-कहाँ संचालित हैं ? कितनी नई मदिरा दुकानें कहाँ-कहाँ खोला जाना प्रस्तावित है ? विकासखंडवार, दुकान के नाम पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" की संचालित दुकानों में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति के क्या प्रावधान हैं

? कर्मचारियों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ? कार्यरत कर्मचारियों को कितना-कितना वेतन प्रतिमाह दिया जाता है ? श्रेणीवार पदनाम सहित बतावें? क्या प्रदेश की मदिरा दुकानों में कार्यरत समान श्रेणी के समस्त कर्मचारियों को एक समान वेतन प्रदान किया जाता है ? यदि नहीं तो क्यों ? कारण बतावें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत 14 देशी मदिरा दुकान, 14 विदेशी मदिरा दुकान, 36 कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं 02 प्रीमियम मदिरा दुकान, इस प्रकार कुल 66 मदिरा दुकानें संचालित हैं। बिल्हा विकासखण्ड क्षेत्रान्तर्गत 02 नवीन प्रीमियम मदिरा दुकानें खोला जाना प्रस्तावित है। विकासखंडवार, दुकान के नाम एवं पता सहित जानकारी संलग्न **प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश "क" की संचालित दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का नियोजन प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से निर्धारित अर्हताओं के आधार पर पदवार की जाती है। निर्धारित अर्हताओं की जानकारी संलग्न **प्रपत्र-ब** अनुसार है। कर्मचारियों का नियोजन आऊटसोर्सिंग के माध्यम से प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा किया जाता है। कार्यरत कर्मचारियों को प्रतिमाह देय वेतन की पदनाम सहित जानकारी संलग्न **प्रपत्र-स** अनुसार है। प्रदेश की मदिरा दुकानों में कार्यरत समान श्रेणी के समस्त कर्मचारियों को एक समान वेतन प्रदान किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

नगरपालिका परिषद-अकलतरा एवं नगर पंचायत-बलौदा में निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

44. (क्र. 509) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्त वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में विभिन्न मदों से नगरपालिका परिषद-अकलतरा व नगर पंचायत-बलौदा अंतर्गत कुल कितने निर्माण कार्य स्वीकृत हुए? स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं व कितने कार्य अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यों के कारण सहित वर्षवार, निकायवार सूची उपलब्ध करावें? **(ख)** उक्त अवधि में निर्मित किन-किन कार्यों का निर्माण पूर्णता पश्चात् कितनी-कितनी राशि भुगतान हेतु शेष है? उसके क्या कारण हैं? कार्यवार, निकायवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका अकलतरा (प्रपत्र)

क्र	वर्ष	मद का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि लाख में	पूर्ण कार्यो की संख्या	अपूर्ण कार्यो की संख्या	अप्रारंभ कार्यो की संख्या
1	2024-25	अधोसरंचना	23	333.20	16	6	1
2		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0	0	0
3		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0	0	0
4		केन्द्र (15 वित्त)	22	375.49	17	3	2
5		स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0)	0	0.00	0	0	0
6		जलप्रदाय योजना	0	0.00	0	0	0
	योग		**45**	**708.69**	**33**	**9**	**3**
1	2025-26	अधोसरंचना	0	0.00	0	0	0
2		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0	0	0
3		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0	0	0
4		केन्द्र (15 वित्त)	8	79.11	8	0	8
5		स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0)	2	666.51	0	0	2
6		जलप्रदाय योजना	1	2395.57	0	0	1
	योग		**11**	**3141.19**	**8**	**0**	**11**

नगर पंचायत बलौदा (प्रपत्र)

क्र	वर्ष	मद का नाम	स्वीकृत कार्य संख्या	स्वीकृत राशि लाख में	पूर्ण कार्यो की संख्या	अपूर्ण कार्यो की संख्या	अप्रारंभ कार्यो की संख्या
1	2024-25	अधोसरंचना	10	184.82	6	2	2
2		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0	0	0
3		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0	0	0
4		केन्द्र (15 वित्त)	28	239.67	25	3	0
5		स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0)	1	16.92	0	0	1
6		जलप्रदाय योजना	0	0.00	0	0	0
	योग		**39**	**441.41**	**31**	**5**	**3**
1	2025-26	अधोसरंचना	0	0.00	0	0	0
2		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0	0	0
3		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0	0	0
4		केन्द्र (15 वित्त)	0	0.00	0	0	0
5		स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0)	1	501.77	0	0	1
6		जलप्रदाय योजना	0	0.00	0	0	0
	योग		**1**	**501.77**	**0**	**0**	**0**

जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख) प्रश्नांश ''ख'' की **जानकारी पुस्ताकालय में रखे प्रपत्र में समाहित है।**

ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों की संस्था

[ग्रामोद्योग]

45. (क्र. 510) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ग्रामोद्योग विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं? अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के कितने हितग्राहियों को उक्त संचालित योजनाओं के अंतर्गत विगत दो वर्षों में अनुदान राशि एवं सामग्री प्रदान की गई? हितग्राहियों के नाम, पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या माटीकला बोर्ड के द्वारा कुम्भकारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक का वितरण किया जाता है? यदि हां तो अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल पंजीकृत कुम्भकारों में से कितने कुम्भकार को सामग्री प्रदान की गई है? सामग्री हेतु कितने आवदेन लंबित हैं? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) ग्रामोद्योग विभाग द्वारा समग्र हाथकरघा विकास योजना, बुनकर वर्कशेड सह बुनकर आवास योजना, रिवाल्विंग फण्ड योजना, हाथकरघा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्य, हाथकरघा उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु सहायता, बाजार अध्ययन, हाथकरघा बुनकर पुरस्कार योजना, हाथकरघा क्षेत्र में पुरस्कृत बुनकरों को मासिक आर्थिक सहायता, कम्बल प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना तथा राष्ट्रीय हाथकरघा विकास कार्यक्रम अंतर्गत लघु हाथकरघा क्लस्टर योजना (केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना), टसर रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम, पालित प्रजाति के कृमिपालको को टसर स्वस्थ डिम्ब समूह सहायता योजना, उत्प्रेरण विकास कार्यक्रम, मलबरी रेशम विकास एवं विस्तार योजना, नैसर्गिक टसर कोसा उत्पादन विकास योजना, सिल्क समग्र योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कुम्भकार टेराकोटा योजना संचालित है। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत दो वर्षों से उक्त योजनाओं से कुल 1007 हितग्राहियों को अनुदान राशि एवं सामग्री प्रदान की गई। हितग्राहियों के नाम पता सहित

जानकारी **पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हां। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंजीकृत कुल 35 कुम्भकारों में से वर्ष 2023-24 में 02 कुम्भकार, वर्ष 2024-25 में 01 कुम्भकार तथा वर्ष 2025-26 में 19 कुम्भकारों को निशुल्क विद्युत चाक प्रदान किया गया है। विद्युत चाक हेतु कोई भी आवेदन लंबित नहीं है।

सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के विलम्ब के कारण

[स्कूल शिक्षा]

46. (क्र. 525) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह सत्य है कि वर्ष 2023 की सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है? यदि हाँ तो कृपया बताएं कि जनवरी, 2026 तक कितने पदों पर नियुक्ति दी गई है? कितने पद रिक्त हैं? भर्ती प्रक्रिया लंबित रहने के कारण क्या हैं और इस भर्ती को पूर्ण करने की संभावित तिथि क्या है? जानकारी दें।

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : जी नहीं। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

महासमुंद जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्राप्त राशि

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

47. (क्र. 526) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक महासमुंद जिले में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कब-कब कितनी-कितनी राशि जारी की गई है ? उक्त राशि को कब-कब किन-किन कार्यों के लिए खर्च की गई है ? कार्य का नाम, स्वीकृत दिनांक, स्वीकृत राशि, व्यय राशि की जानकारी विकासखंडवार बताएं? **(ख)** उपरोक्त अवधि के दौरान किन-किन कार्यों में अनियमतता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? प्राप्त शिकायतों पर कब-कब क्या कार्रवाई की गई है ? शिकायतकर्ता के नाम सहित की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी विकासखंडवार दें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार है। (ख) जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

नया रायपुर एवं रायपुर के अन्य भागों में उद्योगों को प्रदत्त भूमि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

48. (क्र. 533) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के नया रायपुर तथा रायपुर के अन्य भागों में वर्ष 2023, 2024 एवं वर्ष 2025 के दौरान उद्योगों हेतु कितनी भूमि आबंटित की गई तथा किस-किस उद्योग को किस दर पर भूमि प्रदान की गई? जानकारी वर्षवार, उद्योगवार बतायें? **(ख)** क्या उक्त उद्योगों के भूमि आबंटन में निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन किया गया? जिन उद्योगों द्वारा नियम-शर्तों का पालन नहीं किया गया, उनका नाम उद्योगवार बतायें ?साथ ही, उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है? यदि कार्यवाही नहीं की गई है, तो कब तक कार्यवाही की जाएगी ? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लिखित उद्योगों हेतु भूमि आबंटन में अनियमितता से संबंधित उक्त अवधि में कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? उक्त शिकायतों की उद्योगवार जानकारी तथा उन पर की गई कार्यवाही का विवरण बतायें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, सीएसआईडीसी एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश केनवारायपुर तथा

रायपुर के अन्य भागों में वर्ष 2023 में 37 उद्योगों को, वर्ष 2024 में 35 उद्योगों को एवं वर्ष 2025 में 85 उद्योगों को अर्थात् कुल 157 उद्योगों को कुल रकबा 190.707 हेक्टेयर भूमि आबंटित की गई है। आबंटित भूमि की वर्षवार, उद्योगवार, रकबा, खसरा नंबर, दर सहित **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** नवा रायपुर, अटल नगर विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार जिन उद्योगों द्वारा शर्तों का पालन नहीं किया गया है, उनकी **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। उक्त संबंधित इकाईयों के विरूद्ध लीज अनुबंध निष्पादन में विलंब एवं निर्धारित तिथि में भवन अनुज्ञा प्राप्त नहीं किए जाने पर अधिभार के भुगतान हेतु नोटिस जारी किया गया है। **(ग)** उत्तरांश **(क)** में उल्लिखित उद्योगों हेतु भूमि आबंटन में अनियमितता की शिकायत प्राप्त नहीं है, किन्तु वर्ष 2024 में दिनांक 06.12.2024 को श्री राकेश यादव, सदस्य, जिला पंचायत, रायपुर द्वारा मेसर्स श्री नाकोड़ा पाईप इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के विरूद्ध "बिना ग्राम पंचायत अनुमति के उद्योगों के विस्तारीकरण के विषय में शिकायत दर्ज की गई थी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त शिकायत के संबंध में संबंधित औद्योगिक संस्थान द्वारा पत्र दिनांक 12.12.2024 द्वारा यह जानकारी दी गई है कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर में भारत सरकार की ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत दिनांक 20.09.2021 को दैनिक समाचार पत्र नवभारत एवं पंजाब केसरी में कंपनी के प्रस्तावित विस्तार के संबंध में "सर्वसंबंधित को सूचना" का प्रकाशन कराया गया था, जिसकी लोक सुनवाई तत्कालीन अपर कलेक्टर, रायपुर की अध्यक्षता में दिनांक 21.10.2021 को ग्राम खम्हरिया, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर में आयोजित की गई थी। लोक सुनवाई में जिला पंचायत, रायपुर, जनपद पंचायत, तिल्दा, ग्राम पंचायत, गैतरा, खपरी, मोहगांव, छपोरा तथा ग्राम पंचायत मढ़ी में भी उद्योग स्थापना के संबंध में अपना समर्थन पत्र प्रदान किया गया है।

<u>प्रदेश में शिक्षकों हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता</u>

[स्कूल शिक्षा]

49. (क्र. 534) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में शासन द्वारा नियुक्त एवं वर्तमान में कार्यरत ऐसे शिक्षकों की कुल संख्या, जिन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) को नियम एवं शर्तों के अनुसार उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, उनकी जिलावार संख्या बतायें? **(ख)** प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से संबंधित नियम एवं शर्तों के संबंध में क्या शासन द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष कोई पक्ष प्रस्तुत किया गया है? यदि हाँ, तो उसका संक्षिप्त विवरण दिया जाए? यदि नहीं, तो शासन द्वारा इस विषय पर क्या विचार अथवा कार्यवाही प्रस्तावित है ? **(ग)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा का प्रारंभ वर्ष 2011 होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के संबंध में शासन की क्या निर्देशिका अथवा नीति है? क्या वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता एवं पदोन्नति से संबंधित नियमों में किसी प्रकार की शिथिलता का निर्णय लिया गया है? यदि हाँ तो क्या ? **(घ)** क्या छत्तीसगढ़ शासन के अन्य विभागों में नियुक्ति पश्चात किसी प्रकार की योग्यता परीक्षा अनिवार्य की गयी है? यदि हां तो किन-किन विभागों में? यदि नही तो क्यों?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** जी नहीं। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। जी नहीं **(ग)** जानकारी निरंक है। जी नहीं। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** जानकारी निरंक।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास एवं स्थानीय रोजगार सृजन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

50. (क्र. 543) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कुल कितने लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योग पंजीकृत एवं संचालित हैं? (ग्रामवार/वार्डवार सूची उपलब्ध कराएं)? **(ख)** क्या बिलाईगढ़ क्षेत्र में 'एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट' या 'राइस मिल क्लस्टर' स्थापित करने की कोई योजना प्रस्तावित है, जानकारी दे? **(ग)** क्या शासन द्वारा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कोई 'इंडस्ट्रियल पार्क' या लघु औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु भूमि चिन्हित की गई है? यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? **(घ)** विगत तीन वर्षों में 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के तहत बिलाईगढ़ क्षेत्र के कितने युवाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण एवं अनुदान प्रदान किया गया है? (वर्षवार विवरण देवें)?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कुल 15 सूक्ष्म एवं 45 लघु कुल 60 उद्योग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार-भाटापारा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ में पंजीकृत एवं संचालित हैं। ग्रामवार सूची **प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** बिलाईगढ़ क्षेत्र में ''एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट'' या ''राइस मिल क्लस्टर'' स्थापित करने की कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। **(ग)** जी, हाँ बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत 02 स्थानों पर इण्डस्ट्रियल पार्क विकसित करने हेतु शासकीय भूमि चयनित की गई है एवं 03 स्थानों पर भूमि का चिन्हांकन कर संयुक्त स्थल निरीक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विहित **जानकारी प्रपत्र-ब अनुसार है।(घ)** विगत तीन वर्षों में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत बिलाईगढ़ क्षेत्र के लाभान्वित युवाओं की संख्या निरंक है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

नगर पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं की स्वीकृति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

51. (क्र. 545) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायतों (बिलाईगढ़ एवं भटगांव) को विगत दो वर्षों में विभिन्न मदों (जैसे- 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद) के तहत कितनी राशि आबंटित की गई है और उसमें से कितनी राशि व्यय हुई है? (कार्यवार विवरण देवें)? **(ख)** क्या प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कई पात्र हितग्राहियों की अंतिम किस्त लंबे समय से लंबित है, जिससे उनके मकान अधूरे पड़े हैं? यदि हाँ, तो इन हितग्राहियों को भुगतान कब तक सुनिश्चित किया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।

नगर पंचायत बिलाईगढ़ (प्रपत्र)

क्रं.	वर्ष	मद	स्वीकृत कार्यो की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख में)	आबंटित राशि (लाख में)	व्यय राशि (लाख में)
1	2023-24	अधोसरंचना	19	155.50	116.40	56.00
		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (14 वित्त)	3	23.58	23.58	9.58
		केन्द्र (15 वित्त)	8	129.30	129.30	77.31

	योग		**30**	**308.38**	**269.28**	**142.89**
2	2024-25	अधोसरंचना	22	222.27	42.00	42.00
		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (15 वित्त)	1	28.50	24.10	0.00
	योग		**23**	**250.77**	**66.10**	**42.00**

नगर पंचायत भटगांव (प्रपत्र)

क्रं.	वर्ष	मद	स्वीकृत कार्यो की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख में)	आबंटित राशि (लाख में)	व्यय राशि (लाख में)
1	2023-24	अधोसरंचना	8	243.48	243.48	241.50
		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (15 वित्त)	6	106.99	106.99	102.47
	योग		**14**	**350.47**	**350.47**	**343.97**
2	2024-25	अधोसरंचना	21	164.71	155.95	145.77
		रा.प्र.वि.यो.	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (14 वित्त)	0	0.00	0.00	0.00
		केन्द्र (15 वित्त)	9	59.18	59.18	56.55
	योग		**30**	**223.89**	**215.13**	**202.32**

(ख) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत हितग्राहियों को आवास पूर्णता के जियो-टेग उपरान्त अंतिम किश्त की राशि जारी किये जाने का प्रावधान है। अतएव अंतिम किश्त राशि के अभाव में किसी भी आवास का कार्य अधूरा नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पंचायत बिलाईगढ़ एवं भटगांव में कुल 1426 आवास पूर्ण है। जिसमें 1394 आवासों हेतु हितग्राहियों को अंतिम किश्त राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं 32 आवासों के किश्तो के भुगतान हेतु प्रकरण ई-कोष / एसएनए-स्पर्श पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है, जिसके माध्यम से हितग्राहियों को किश्त की राशि शीध्र प्राप्त होगी।

<u>जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं रायपुर में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल परियोजना</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

52. (क्र. 549) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवम रायपुर में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में जल जीवन मिशन के तहत कितने गाँवों/नगरों में पेयजल परियोजनाएं संचालित की गईं? **(ख)** इनमें से किन-किन गॉवों/नगरों में पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो रही है और किस कारण से? ग्रामों/नगरों का नाम जिलेवार व विकासखंवार बतावें? अव्यवस्था के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 51 तथा वर्ष 2024-25 में 119 पेयजल परियोजनाएं एवं रायपुर जिला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 85 तथा वर्ष 2024-25 में 102 पेयजल परियोजनाएं संचालित की गई। जल

जीवन मिशन के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में पेयजल परियोजनाओं की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांश-क के गाँवों में जहाँ पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो रही है, की कारणवार, ग्रामवार, विकासखण्डवार एवं जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जिम्मेदारों के खिलाफ की गई कार्यवाही की जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं रायपुर में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के दर्ज प्रकरण

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

53. (क्र. 550) श्री संदीप साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवम रायपुर में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के कितने प्रकरण दर्ज किए गए? इनमें से कितने मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं की गई? कार्रवाई में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों पर क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं रायपुर में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के दर्ज प्रकरण की जानकारी निम्नानुसार है:-

(1) आबकारी विभाग द्वारा दर्ज प्रकरणों की जानकारी :-

क्र.	जिला का नाम	वर्ष 2023-24 में दर्ज प्रकरणों की संख्या			वर्ष 2024-25 में दर्ज प्रकरणों की संख्या			वर्ष 2025-26 (दिनांक 31.01.2026 तक) में दर्ज प्रकरणों की संख्या		
		अवैध शराब निर्माण	अवैध शराब भंडारण	अवैध शराब बिक्री	अवैध शराब निर्माण	अवैध शराब भंडारण	अवैध शराब बिक्री	अवैध शराब निर्माण	अवैध शराब भंडारण	अवैध शराब बिक्री
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	बलौदाबाजार - भाटापारा	28	128	64	29	174	59	29	147	19
2	रायपुर	13	203	207	26	118	73	3	112	100

(2) पुलिस विभाग द्वारा दर्ज प्रकरणों की जानकारी :-

क्र.	जिला का नाम	वर्ष 2023-24 में दर्ज प्रकरणों की संख्या			वर्ष 2024-25 में दर्ज प्रकरणों की संख्या			वर्ष 2025-26 (दिनांक 31.01.2026 तक) में दर्ज प्रकरणों की संख्या		
		अवैध शराब निर्माण	अवैध शराब भंडारण	अवैध शराब बिक्री	अवैध शराब निर्माण	अवैध शराब भंडारण	अवैध शराब बिक्री	अवैध शराब निर्माण	अवैध शराब भंडारण	अवैध शराब बिक्री
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	बलौदाबाजार - भाटापारा	1	0	1396	1	1	676	0	0	396
2	रायपुर	0	0	1261	1	0	730	0	0	583

उपरोक्त दर्ज प्रकरणों में समय सीमा पर कार्यवाही की गई है। अतः किसी भी अधिकारियों/कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के बजट में सम्मिलित कार्य

[लोक निर्माण]

54. (क्र. 555) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 एवं 2025-26 में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के बजट में मेरे प्रस्ताव पर कुल कितने कार्यों को बजट में शामिल किया गया था तथा प्राथमिकता क्रम में कितने कार्यों को मुख्य बजट में शामिल किया गया है तथा कितने कार्यो के निर्माण कार्य हेतु निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ किया गया है ? विस्तृत जानकारी दें ? **(ख)** बजट में सम्मिलित कितने निर्माण कार्यों के डी.पी.आर. तैयार कर लोक निर्माण विभाग को भेजी गई है तथा वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 एवं 2025-26 में विभाग द्वारा कितने कार्यों के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किये गये हैं? वर्षवार निर्माण कार्यों की जानकारी दें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल की उपलब्धता

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

55. (क्र. 558) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत जनवरी, 2026 तक कुल कितने ग्रामों हेतु योजना स्वीकृत हुई है ? कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ है ? विकासखण्डवार ग्रामों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करायें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार कितने ग्रामों में योजनांतर्गत पानी टंकी का निर्माण तथा घर-घर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? कितने कार्य अपूर्ण हैं व कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी दें ? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' अनुसार कितने ग्रामों में पानी टंकी एवं पाइपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी जल स्त्रोत की उपलब्धता नहीं होने के कारण जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं की जा सकी है ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी उपलब्ध करायें? जिन ग्रामों में अभी तक योजनांतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है ऐसा ग्रामों में गर्मी के समय में पेयजल पहुंचाने हेतु क्या व्यवस्था की गई है ? **(घ)** योजनांतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए जल उपलब्धता के क्या-क्या मापदंड निर्धारित हैं? निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्य नहीं करने हेतु जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरूद्ध कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत जनवरी, 2026 तक कुल 170 ग्रामों हेतु योजना स्वीकृत हुई है। 90 कार्य पूर्ण, 80 अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्य निरंक है। विकासखण्डवार ग्रामों के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार योजनांतर्गत 83 ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण तथा 107 ग्रामों में घर-घर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अपूर्ण कार्य व कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे, की विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** पानी टंकी एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी जल स्त्रोत की उपलब्धता नहीं होने के कारण जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं की जानकारी निरंक है। विकासखंडवार, ग्रामवार जानकारी का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। जिन ग्रामों में कार्य अपूर्ण है एवं अभी तक योजनांतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है, ऐसे ग्रामों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति हेतु पर्याप्त संख्या में हैण्डपंप उपलब्ध है, जिन्हें ग्रीष्म ऋतु में सतत् चालू रखने हेतु विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। **(घ)** योजनांतर्गत

पेयजल आपूर्ति के लिए जल उपलब्धता हेतु प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर गुणवत्तायुक्त पेयजल आपूर्ति का मापदंड निर्धारित है। निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्य नहीं करने हेतु जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

रायपुर ग्रामीण विधासभा क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों में शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूल

[स्कूल शिक्षा]

56. (क्र. 564) श्री मोतीलाल साहू : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों की संख्या कितनी है? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक क अंतर्गत कितने शिक्षक मूल शाला पदस्थापना एवं शैक्षणिक कार्यों को छोड़कर अन्यत्र कार्यालयों एवं विभागों में संलग्न होकर कार्यरत हैं? जानकारी देवें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों की संख्या निरंक है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत कितने शिक्षक मूल शाला पदस्थापना एवं शैक्षणिक कार्यो को छोड़कर अन्यत्र कार्यालयों एवं विभागों में संलग्न होकर कार्यरत रहने वाले शिक्षकों की जानकारी निरंक है।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट से उपचार

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

57. (क्र. 566) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चलित चिकित्सालय (मोबाईल मेडिकल यूनिट) से जनवरी, 2023 से जनवरी, 2026 तक कितने स्थानों पर शिविर लगाये गये हैं? उक्त शिविरों में कितने मरीजों का उपचार किया गया ? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चलित चिकित्सालय (मोबाईल मेडिकल यूनिट) से जनवरी, 2023 से जनवरी, 2026 तक 133 स्थानों में कुल 3214 शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें 205308 मरीजों का उपचार किया गया है।

प्रदेश में शिक्षक भर्ती की घोषणा

[स्कूल शिक्षा]

58. (क्र. 574) श्री अजय चंद्राकर : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में कितने प्राईमरी/माध्यमिक/हायर सेकेन्ड्री स्कूल संचालित हैं? छात्रों की दर्ज संख्या कितनी है? कितने शाला त्यागी छात्र हैं व प्रतिवर्ष दर क्या है? स्कूलों में कितने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद रिक्त एवं भरे हुयें हैं? तथा दर्ज संख्या के आधार पर कितने शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पद होने चाहिये? **(ख)** क्या प्रश्नांक **(क)** राज्य सरकार द्वारा रिक्त भर्ती के सबंध में घोषणा की गयी है? यदि हां तो कब और कौन-कौन से, कितने पदों पर भर्ती करने की घोषणा की गयी है? अब तक क्या कार्ययोजना बनायी गयी? समायावधि क्या तय की गयी है? कब तक भर्ती कर ली जायेगी?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** जी हों। सहायक

शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के कुल 5000 पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रचलन में है। भर्ती हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत फंड का डायवर्जन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

59. (क्र. 581) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है कि दिसंबर, 2025 की CAG रिपोर्ट ने छत्तीसगढ़ के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में ₹1,600 करोड़ से अधिक की राशि के उपयोग पर गंभीर वित्तीय अनियमितता की टिप्पणी की है? क्या विभाग ने इस "परफॉरमेंस ऑडिट" के आधार पर दोषियों पर कोई दंडात्मक कार्यवाही की गई है? **(ख)** क्या रायपुर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 'सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' और शास्त्री बाजार जैसे क्षेत्रों में फंड का उपयोग उन कार्यों के लिए किया गया है जो विभागीय बजट (PWD/Municipal) का हिस्सा थे? क्या यह 'फंड डायवर्जन' केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है? यदि हां तो इस हेतु कौन जिम्मेदार है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) CAG की दिसम्बर 2025 की रिपोर्ट का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। **(ख)** रायपुर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कार्यों का स्मार्ट सिटी मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन के संबंध में CAG रिपोर्ट का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

छत्तीसगढ़ में लंबित राज्य खेल पुरस्कार

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

60. (क्र. 582) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है कि रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को 30 वर्षों के लिए एक निजी संघ (CSCS) को सौंपने का निर्णय लिया गया है? क्या इस MoU में ऐसी कोई शर्त शामिल है जो राज्य के गरीब और ग्रामीण खिलाड़ियों को इस विश्वस्तरीय मैदान पर निःशुल्क अभ्यास का अधिकार देती है? **(ख)** सांसद खेल महोत्सव, 2025 के नाम पर सरकारी मशीनरी और फंड का जो उपयोग हुआ, क्या उससे वास्तविक ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर कोई मंच मिला? रायपुर में आयोजित फाइनल मैचों में चयनित कितने खिलाड़ियों को विभाग द्वारा 'स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग' के लिए भेजा गया है? **(ग)** क्या यह सत्य है कि शहीद राजीव पांडे और गुंडाधुर जैसे राज्य खेल पुरस्कारों की घोषणा और राशि का वितरण विगत दो वर्षों से लंबित है? **(घ)** प्रदेश में संचालित तीरंदाजी, फुटबॉल और हॉकी अकादमियों (विशेषकर बस्तर और सरगुजा संभाग में) में वर्तमान में कितने नियमित प्रशिक्षक पदस्थ हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जीहां। जी नहीं **(ख)** विभाग से संबंधित नहीं है। **(ग)** गुण्डाधुर पुरस्कार की घोषणा एवं राशि का वितरण लंबित नहीं है। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(घ)** प्रदेश में संचालित अकादमी में से फुटबॉल विधा में 01, हॉकी विधा में 02 नियमित वरिष्ठ प्रशिक्षक पदस्थ है।(बस्तर और सरगुजा संभाग में प्रश्नाधीन खेलों की अकादमी संचालित नहीं है।

कबीरधाम जिले में संचालित उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

61. (क्र. 589) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** कबीरधाम जिले में जनवरी, 2026 तक में कितने लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योग स्थापित एवं संचालित हैं? विधानसभावार एवं ब्लॉकवार जानकारी देवें ? **(ख)** इन लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य सरकार द्वारा कौन–कौन से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता कार्यक्रम लागू किए गए हैं? **(ग)** इन योजनाओं के तहत कितने उद्योगों को लाभ प्राप्त हुआ है? कृपया योजना का नाम, वर्ष तथा लाभार्थी उद्योगों की संख्या सहित विवरण प्रस्तुत करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कबीरधाम से प्राप्त जानकारी अनुसार कबीरधाम जिले में जनवरी, 2026 तक कुल 102 लघु एवं 01 मध्यम उद्योग पंजीकृत हैं तथा कोई भी बड़ा उद्योग विभाग में पंजीकृत नहीं है। विधानसभावार एवं ब्लॉकवार **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** इन लघु एवं मध्यम उद्योगों को औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु शासन द्वारा समय समय पर औद्योगिक नीति लागू की जाती है, वर्तमान में सम्पूर्ण प्रदेश में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है। नीति अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माण उद्योगों हेतु प्रावधानित औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की **जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** इन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त उद्योगों की जानकारी, योजना का नाम, वर्ष तथा लाभार्थी उद्योगवार**जानकारीपुस्तकालय रखे प्रपत्र-स अनुसार है।**

महिला श्रमिकों से संबंधित शिकायतों का निराकरण

[श्रम]

62. (क्र. 590) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राज्य में महिला श्रमिकों के वेतन, भत्ते, सुरक्षा, यौन उत्पीड़न आदि से जुड़ी कितनी शिकायतें विगत 2 वर्षों में प्राप्त हुईं हैं ? कृपया जिलेवार विवरण दें? **(ख)** प्राप्त शिकायतों में से कितनी शिकायतों का निराकरण किया गया है एवं क्या महिला श्रमिकों के लिए विशेष हेल्पलाइन या ऑनलाइन शिकायत पोर्टल उपलब्ध है? **(ग)** महिला श्रमिकों के मातृत्व अवकाश या अन्य संबंधित अधिकारों का उल्लंघन होने पर विभाग ने अब तक क्या कार्रवाई की है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग को छत्तीसगढ़ राज्य में महिला श्रमिकों के वेतन, भत्ते, सुरक्षा, यौन उत्पीड़न आदि से जुड़ी 289 शिकायतें विगत 2 वर्षों (2024 एवं 2025) में प्राप्त हुई हैं। महिला श्रमिकों के वेतन, भत्ते, सुरक्षा, यौन उत्पीड़न आदि से जुड़ी शिकायतों की जिलेवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** विभाग को प्राप्त शिकायतों में से 250 शिकायतों का निराकरण किया गया है।महिला श्रमिकों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर या ऑनलाइन शिकायत पोर्टल नहीं है।**(ग)**महिला श्रमिकों के मातृत्व अवकाश या अन्य संबंधित अधिकारों का उल्लंघन होने पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

वृहत पुल पुलिया निर्माण के सबंध में

[लोक निर्माण]

63. (क्र. 597) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-क्या विधानसभा के प्रश्न क्रं.28 (क्रं.459) दिनांक 27 फरवरी 2025 वृहत पुल पुलिया निर्माण के सबंध में

दिये गये उत्तर में निर्माण एजेंसियों से रॉल्यटी चुकता प्रमाण पत्र विभाग को अप्राप्त एवं देयक से रायल्टी हेतु राशि की कटौती की गयी है, की जानकारी दी गयी है? उपरोक्त उत्तर के परिशिष्ट सत्ताईस के कॉलम 5 में प्रयुक्त सामग्री की मात्रा दर्शित है, उन सामग्रियों को किन-किन खदानों से कितने घनमीटर सामग्री प्रयोग की गयी है? निविदा की शर्तो अनुसार क्या प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच कराई गयी है? कार्यवार, एजेंसीवार, राशिवार, सामग्रीवार, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। विधानसभा के प्रश्न क्र-28 (क्रं-459) दिनांक 27 फरवरी 2025 वृहद पुल पुलिया निर्माण के संबंध में निर्माण एजेंसीयों से रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र विभाग को अप्राप्त होने के कारण देयकों से रायल्टी हेतु राशि रु. 154.00 लाख की कटौती की गई है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की व्यवस्था अनुबंधक द्वारा किया जाता है एवं रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र अप्राप्त होने के कारण खदान का नाम एवं मात्रा बताया जाना संभव नहीं है। जी हॉ। विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

राजनांदगांव के नगर पंचायत डोंगरगांव में प्रेसीडेंट इन काउंसलिंग/सलाहकार समिति का गठन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

64. (क्र. 598) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-क्या राजनांदगांव के नगर पंचायत डोंगरगांव में प्रेसीडेंट इन काउंसलिंग/सलाहकार समिति का गठन हुआ है? यदि हां तो कौन से अधिनियम की किस धारा के तहत एवं कौन से दिनांक तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति गठित करने के लिए पत्र कब प्रेषित किया गया? गठित समिति का दिनांकवार एवं नगर पंचायत के अधिनियम की धारावार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हां। नगर पंचायत डोंगरगांव मेंछ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 के प्रावधान अंतर्गत पी.आई.सी. तथा धारा 71 के प्रावधान अंतर्गत सलाहकार समिति का गठन दिनांक 20.03.2025 को किया गया है। अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा समिति गठित करने के लिए दिनांक 17.03.2025 को पत्र प्रस्तुत किया गया है।

नगर पालिका कोंडागांव में खाद/वर्मी कम्पोस्ट की आपूर्ति का भुगतान

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

65. (क्र. 609) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कोंडागांव नगर पालिका अंतर्गत श्रद्धा सिटी लेवल फेडरेशन कोंडागांव महिला गौठान समूह के द्वारा लैंप्स समिति कोंडागांव को वर्ष 2021-22 से जनवरी, 2026 तक कितनी मात्रा में खाद/वर्मी कम्पोस्ट की सप्लाई की गयी है तथा उन्हें कितनी राशि का भुगतान प्राप्त हुआ है? क्या उन्हें राशि का भुगतान होना शेष है? यदि हां, तो उन्हें उक्त राशि का भुगतान कब तक किया जाएगा? क्या वर्तमान में उल्लेखित गोठान समूह के माध्यम से खाद/वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य करवाया जा रहा है? **(ख)** कोंडागांव नगर पालिका परिषद अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लान हेतु क्या कोई योजना प्रस्तावित है? या उस हेतु शासन को कोई आवेदन दिया गया है? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका परिषद कोण्डागांव अंतर्गत श्रद्धा सिटी लेवल फेडरेशन कोण्डागांव महिला गौठान समूह के लैंप्स समिति कोण्डागांव को वर्ष 2021-22 से 04 दिसम्बर 2023 तक 377590 कि.ग्रा. वर्मी खाद सप्लाई की गई है। जिसकी कुल राशि रू. 1,15,75,840/- है।

जिसमें से राशि रू. 1,02,08,840/- का भुगतान महिला गौठान समुह संस्था/समुह को किया गया तथा खाद खरीदी के उपरांत कृषि विभाग द्वारा गौधन न्याय योजना के ऑनलाईन पोर्टल में शेष राशि रू. 13,67,000/- के भुगतान हेतु फाईल प्रदर्शित (रन) नहीं की गई है, जिसके कारण संस्था/समूह को वर्मी खाद की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। समूह द्वारा उनकी लाभांश राशि 13,67,000/- के भुगतान हेतु कृषि विभाग द्वारा पोर्टल क्रियाशील नहीं होने के कारण राशि उपलब्धता के स्तर की जानकारी कलेक्टर से चाही गयी है। वर्तमान में उक्त गौठान समूह के माध्यम से खाद/वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। **(ख)** जी हां। नगर पालिका परिषद कोण्डागांव में स्वच्छ भारत मिशन -शहरी 2.0 के अनुपचारित जल प्रबंधन घटक अंतर्गत एस.टी.पी. निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार की जा रही है।

कोण्डागांव जिले की शालाओं एवं आंगनबाड़ियों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

66. (क्र. 610) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कोंडागांव जिले अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्या स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में शुद्ध पेयजल प्रदान करने हेतु शासन की योजना या दायित्व है? यदि है तो विगत 3 वर्षों में शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें? **(ख)** कोंडागांव जिले में सभी पंचायतों में कब तक जल प्रदाय योजना पूर्ण होना प्रस्तावित है एवं क्या शासन द्वारा पेय जल स्रोतों के संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग हेतु कोई योजना प्रस्तावित है? **(ग)** क्या जिले अंतर्गत विभाग के द्वारा जोबा घोड़ागांव क्षेत्र अंतर्गत शासन को शुद्ध पेय जल प्रदान करने हेतु कोई योजना प्राप्त है उस पर की गई कार्यवाही से अवगत करावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हाँ। विगत तीन वर्षों में 266 शालाओं एवं 274 आंगनबाड़ियो में पेयजल प्रदाय की सुविधा की गई है। **(ख)** कोण्डागांव जिले में सभी पंचायतों में जलप्रदाय योजना वर्ष 2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। जी हाँ। **(ग)** जी हाँ। कोण्डागांव जिला अंतर्गत 39 ग्रामों के लिये सतही जल स्त्रोत आधारित जोबा घोडागाँव समूह जल प्रदाय योजना को राज्य के बजट में सम्मिलित करने की कार्यवाही की जा रही है।

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं तथा आश्रम शालाओं के भवनों की स्थिति

[स्कूल शिक्षा]

67. (क्र. 612) श्री बघेल लखेश्वर : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं तथा आश्रम शालाओं में भवनविहीन, जर्जर भवन के साथ ही शौचालयों की स्थिति (बालक-बालिका पृथक-पृथक अथवा जहां शौचालय नहीं है/शौचालय उपयोग योग्य नहीं है) की जानकारी स्तरवार (प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल) पृथक-पृथक बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में विभाग के द्वारा इन समस्याओं के निराकरण के लिए क्या किया गया, किया जा रहा अथवा प्रस्तावित कार्य के संबंध में बतावें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) बस्तर संभाग अन्तर्गत संचालित शैक्षणिक संस्थाओं तथा आश्रम शालाओं के भवनों की स्थिति निम्नानुसार हैः-

शाला का स्तर	भवन विहीन	जर्जर /अति जर्जर शाला भवन	शौचालय विहीन	उपयोग योग्य शौचालय नही की संख्या	बालक-बालिका शौचालय पृथक-पृथक नही की संख्या
प्राथमिक शाला	235	746	627	1952	1155
पूर्व माध्यमिक शाला	48	350	191	713	344
हाई स्कूल	24	11	19	92	23
हायर सेे केण्डरी	11	15	9	97	25
योग	318	1122	846	2854	1547

(ख) माह फरवरी 2025 को नवीन शौचालय/मरम्मत एवं भवन मरम्मत हेतु राशि जारी किया गया है। बजट उपलब्धता के आधार पर राशि स्वीकृत की जाती है।

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में आयोजित जिला एवं संभाग स्तरीय ओलंपिक खेलकूद

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

68. (क्र. 613) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में जिला एवं संभाग स्तरीय ओलंपिक खेलकूद हेतु प्राप्त आबंटन राशि एवं व्यय की स्थिति मदवार बतावें ? **(ख)** ओलंपिक खेलकूद हेतु खेलकूद से संबंधित सामग्रियों के क्रय, भोजन, नाश्ता एवं ठहरने की व्यवस्था हेतु विभाग के जारी दिशा-निर्देश एवं प्रावधानित नियम स्पष्ट करें ? **(ख)** ओलंपिक खेलकूद हेतु खेलकूद से संबंधित सामग्रियों के क्रय व एजेंसियों का चयन के लिए अपनाई गई पूरी प्रक्रिया की स्थिति स्पष्ट करें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी संलग्न **''प्रपत्र''** अनुसार। **(ख)** बस्तर ओलंपिक हेतु विभाग द्वारा दिनांक 22.09.2025 को दिशा-निर्देश जारी किया गया है। **(ग)** खेल सामग्रियों के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया। सामग्री जेम पोर्टल में उपलब्ध न होने पर पोर्टल से जारी अनुपलब्धता प्रामण पत्र के आाधार पर भंडार क्रय नियमों का पालन करते हुए क्रय किया गया। **[संलग्न "परिशिष्ट - छियासी"]**

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्रांतर्गत विभागीय बजट में सम्मिलिति कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

69. (क्र. 628) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण कार्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के विभागीय बजट में सम्मिलित कर कितनी-कितनी राशि का प्रावधान किया गया है? वर्षवार, कार्यवार जानकारी देवें ? **(ख)** दिनांक 02 फरवरी, 2026 की स्थिति में कण्डिका 'क' के किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी जा चुकी है एवं किन-किन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत किया जाना किन कारणों से लंबित है? जानकारी देवें ? **(ग)** कण्डिका 'ख' में प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कौन-कौन से कार्य प्रगतिरत हैं ? कौन-कौन से कार्य निविदा पश्चात् अप्रारंभ हैं एवं किन-किन कार्यों की निविदा की प्रक्रिया प्रचलन में है ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी"]**

शिक्षकों से कराये जा रहे ऑनलाईन कार्य

[स्कूल शिक्षा]

70. (क्र. 629) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में संचालित शासकीय शालाओं के शिक्षक वर्तमान में अध्यापन के अलावा उच्च कार्यालयों के निर्देशानुसार कौन-कौन से विभागीय/शासकीय ऑनलाईन कार्य संपादित कर रहें हैं? विगत 02 वर्षों में इन्हें विभागीय/शासकीय कार्यों के संपादन हेतु इनके निजी मोबाईल फोन पर कौन-कौन से मोबाईल एप्लीकेशन्स इंस्टाल करने हेतु निर्देशित किये गये हैं ? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या विभाग प्रमुख के हस्ताक्षरयुक्त विभागीय पत्र के बिना मात्र व्हाटसएप एवं अन्य मैसेंजिंग एप के माध्यम से प्राप्त विभागीय आदशों/निर्देशों संबंधी सूचना मान्य है? क्या इस संबंध में कोई दिशा-निर्देश जारी किया गया है? यदि हॉ तो पत्र की प्रति प्रदान करें ?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम क्र. 2 एवं 3 अनुसार है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम क्र. 4 अनुसार है। **(ख)** भारत सरकार अथवा राज्य शासन से अतिआवश्यक जानकारियों हेतु ई-मेल, व्हाट्सअप पर निर्देश दिए जाते हैं जिसे समयानुसार लिखित आदेश में परिवर्तित कर दिया जाता है। जी नहीं, शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी"]

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों में अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतें

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

71. (क्र. 634) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जिला जशपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नल कनेक्शन प्रदान करने, पाईलाइन बिछाने तथा सामग्री क्रय (पाइप, मोटर, टंकी, फिटिंग आदि) के कार्यों में अनियमितताओं एवं शिकायतों की जानकारी प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों में कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं ? उनमें से कितनी की जाँच कराई गई तथा कितनी शिकायतें सही पाई गईं? **(ख)** नल कनेक्शन अधूरे होने, पाईलाइन क्षतिग्रस्त होने, घटिया गुणवत्ता की सामग्री उपयोग किए जाने, कार्य में देरी तथा भुगतान में अनियमितता से संबंधित मामलों में दोषी ठेकेदारों/अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान में कौन-कौन से निगरानी एवं गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र लागू हैं तथा भविष्य में ऐसी अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) जी हाँ, विगत तीन वर्षो में एक शिकायत प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायत की जांच करायी गई, जिसमे शिकायत पूर्णतः निराधार पायी गई। **(ख)** नल कनेक्शन अधूरे होने, पाइप लाईन क्षतिग्रस्त होने, घटिया गुणवत्ता की सामग्री उपयोग किए जाने तथा भुगतान में अनियमितता से संबंधित किसी भी मामले में कोई भी ठेकेदार या अधिकारी दोषी नहीं की जानकारी निरंक है। कार्य में देरी से संबंधित कुल 373 प्रकरणों पर दोषी ठेकेदारों के विरूद्ध राशि रू.1.579 करोड़ अधिरोपित की गई है। **(ग)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी (टी.पी.आई.) नियुक्त किया गया है। योजना में लगने वाली सामग्रियों का प्रि-डिलीवरी एवं पोस्ट डिलीवरी निरीक्षण तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी जैसे-सीपेट, एसजीएस, आईआर क्लास इत्यादि के द्वारा किया जाता है। साथ ही निर्माण स्थल में प्राप्त सामग्रीयों का मैदानी अभियंताओं द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है। वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों एवं भारत शासन के अधिकारियों/एजेंसियों द्वारा समय-समय पर गुणवत्ता नियंत्रण हेतु कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।

खेल विभाग द्वारा राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

72. (क्र. 638) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या राज्य में विगत अनेक वर्षों से "उत्कृष्ट खिलाड़ी" घोषित किए जाने की प्रक्रिया लंबित है? यदि हाँ, तो वर्ष-वार कितने खिलाड़ी आवश्यक पात्रता पूर्ण करने के बावजूद अब तक उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित नहीं किए गए हैं? **(ख)** क्या उक्त विलंब के कारण अनेक पात्र खिलाड़ियों की आयु सीमा समाप्त होने के कारण वे शासकीय सेवा, खेल कोटा तथा अन्य रोजगार अवसरों से वंचित हो रहे हैं? इस हेतु कौन जिम्मेदार है? **(ग)** राज्य के कितने जिलों में वर्तमान में पूर्णकालिक खेल अधिकारी पदस्थ नहीं हैं तथा किन जिलों में जिला प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से खेल गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं? **(घ)** राज्य के कितने खेल परिसरों एवं अकादमियों में प्रशिक्षकों के पद रिक्त हैं तथा उन्हें भरने हेतु शासन द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2009 से वर्ष 2014 तक 181 उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं वर्ष 2018 में 01 उत्कृष्ट खिलाड़ी इस प्रकार कुल 182 उत्कृष्ट खिलाड़ी की घोषणा शासन स्तर से की जा चुकी है। राज्य में 2018-19 एवं 2019-20 में जारी विज्ञापन अनुवर्तन में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ख)** पात्र खिलाड़ियो को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया है शासकीय सेवाखेल कोटा तथा अन्य रोजगार अवसरो से वंचित नहीं हो रहे है। **(ग)** वर्तमान में राज्य के 14 जिलों में पूर्णकालिक खेल अधिकारी पदस्थ नही है। जिला जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, कोरिया, जॉजगीर-चॉपा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, गरियाबंद, धमतरी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही, सांरगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं सक्ति जिला में जिला प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से खेल गतिविधियॉ संचालित की जा रही है। शेष जिलों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग में पूर्णकालिक सहायक संचालक/वरिष्ठ खेल अधिकारी/खेल अधिकारी पदस्थ है। **(घ)**राज्य के 05 अकादमियों में प्रशिक्षकों के पद रिक्त है तथा उन्हें भरने हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल को प्रशिक्षकों की सीधी भर्ती की कार्यवाही हेतु दिनांक 07.11.2025 को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के द्वारा दवा खरीदी

[श्रम]

73. (क्र. 639) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंजीकृत श्रमिकों के इलाज के लिए संचालक, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं, रायपुर के द्वारा जो दवाई की खरीदी की जाती है क्या वह राज्य सरकार के बजट से खरीदी जाती है ?यदि हां, तो क्या इस हेतु छ0ग0 भंडार क्रय नियमों का पालन किया जा रहा है? **(ख)** दवाई खरीदी में भ्रष्टाचार की शिकायत पर विभागीय मंत्री के द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1346/त्/मंत्री वणिज्य उद्योग/सा./आ0/श्र0, दिनांक 06/11/2025 वर्ष 2025-26 के औषधियों के क्रय आदेश को निरस्त करने का पालन हुआ कि नहीं ? जानकारी देवें? **(ग)** क्या जिन अधिकारियों पर दवा खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, उन्हीं से भ्रष्टाचार की जांच कराई गई? जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत संचालित औषधालयों के उपयोग हेतु जो दवाई की खरीदी की जाती है वह राज्य सरकार के बजट से नहीं खरीदी जाती है। अपितु कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत औषधियों के क्रय सहित होने वाले समस्त व्यय का वहन कर्मचारी राज्य बीमा निगम जो कि भारत का सरकार का उपक्रम है, के द्वारा किया जाता है।**(ख)** दवाई खरीदी

में भ्रष्टाचार की शिकायत पर विभागीय मंत्री के द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1346 /त्/मंत्री/वाणिज्य/उद्योग/सा.उ./आबकारी/श्रम, दिनांक 06.11.2025 वर्ष 2025-26 के औषधियों के क्रय आदेश को निरस्त करने के परिपालन में संचालनालय, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें द्वारा समस्त औषधालय के प्रभारियों को पत्र दिनांक 07.11.2025 लिखा जाकर निर्देशित किया गया कि आगामी आदेश तक वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न औषधि निर्माता संस्थानों द्वारा केन्द्रों को भेजी गई औषधियों को प्राप्त न करें। तदोपरांत इस संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें छ.ग. द्वारा मुख्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम से रेट कॉन्ट्रेक्ट सूची में उल्लेखित औषधियों के जेनेरिक होने अथवा न होने के संबंध में मार्गदर्शन चाहा गया था। जिसके उत्तर में मुख्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अपने पत्र दिनांक 18.11.2025 द्वारा रेट कॉन्ट्रेक्ट सूची में उल्लेखित दवाईयों के जेनेरिक सॉल्ट के आधार पर ही सम्मिलित होने की जानकारी दी है। तत्पश्चात् श्रम विभाग के स्तर पर परीक्षण कर यह पाया गया कि किया गया औषधि क्रय राज्य शासन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा जारी नियम-निर्देशों के तहत् ही किया गया है। अतः छ.ग.शासन, श्रम विभाग के पत्र दिनांक 11.12.2025 के द्वारा पूर्व में जारी किये गये औषधि क्रय निरस्तीकरण आदेश को समाप्त किया गया है।**(ग)** जी नहीं। दवा खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप के संबंध में छ.ग.शासन, श्रम विभाग द्वारा संचालनालय से प्रतिवेदन प्राप्त कर शासन स्तर पर परीक्षण किया गया एवं औषधि क्रय नियमानुसार होना पाया गया।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला कोरबा में संचालित योजनाएं

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

74. (क्र. 642) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कोरबा जिला अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्तमान में युवाओं के प्रोत्साहन के उद्देश्य से कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं ? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार वर्ष 2023 से जनवरी, 2026 तक कौन-कौन से मद से किस-किस योजना हेतु कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है ? विवरण देवें ? **(ग)** उक्त आबंटित राशि को किन-किन मदों में व्यय किया गया है ? मदवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)जानकारी संलग्न **''प्रपत्र अ''** अनुसार। **(ख)**जानकारी संलग्न **''प्रपत्र ब''** अनुसार। **(ग)**जानकारी संलग्न **''प्रपत्र ब''** अनुसार।
[संलग्न "परिशिष्ट - नवासी"]

जिला सक्ती अंतर्गत शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं एवं चिकित्सालयों में स्थापित हैण्डपम्प एवं नलकूप

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

75. (क्र. 647) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अप्रेल, 2024 की स्थिति में सक्ती जिलें में स्थापित शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं एवं चिकित्सालयों में स्थापित हैण्डपम्प एवं नलकूपों में से ऐसे कितने हैण्डपम्प एवं नलकूप हैं, जो बंद, खराब हैं अथवा जिनसे दूषित पानी निकल रहा है ? विधानसभावार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या उक्त संस्थानों में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सहित ऐसे स्थलों में पेयजल की जांच विभाग द्वारा की जा रही है ? यदि हां तो विवरण देवें तथा नहीं तो क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) अप्रैल, 2024 की स्थिति में सक्ती जिले में स्थापित शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं एवं चिकित्सालयों में 1383 स्थापित हैंडपंपों/नलकूपों में से 25 हैंडपंप/नलकूप बंद हैं। इनमें से किसी भी हैंडपंपों/नलकूपों में दूषित पानी नहीं निकल रहा है। विधानसभावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। पेयजल स्त्रोतो की जांच विभाग के जल परीक्षण प्रयोगशालाओं में नियमित रूप से की जा रही है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है।**[संलग्न "परिशिष्ट - नब्बे"]**

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

76. (क्र. 648) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक विभाग द्वारा कहां-कहां पर, कितनी सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है ? इनमें कितनी पूर्ण हो गई हैं एवं कितनी अपूर्ण हैं ? स्थान व नामवार स्वीकृत राशि सहित जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है एवं कितने की प्रशासकीय स्वीकृति किया जाना शेष है ? शेष कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान कर दी जाएगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इनक्यानबे"]

महासमुंद जिले में ए.पी.एस. के संबंध में आर्थिक अनियमितता

[लोक निर्माण]

77. (क्र. 652) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक महासमुंद जिले में मरम्मत रंगाई-पोताई कार्यों में ए.पी.एस. (बिलों की राशि) के सम्बन्ध में आर्थिक अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो इन शिकायतों की किस स्तर पर और क्या जांच हुई है? जांच में किन-किन अधिकारी और ठेकेदारों को दोषी पाया गया है एवं किन-किन पर कार्यवाही की गई है? अगर नहीं की गई है तो कार्यवाही कब से लंबित है और क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी नहीं।

विधानसभा क्षेत्र बसना अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

78. (क्र. 653) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र बसना, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत वर्ष 2023 से जनवरी, 2025 तक किन-किन सड़कों की स्वीकृति हुई? किन-किन सड़कों को वित्त विभाग से स्वीकृति मिल चुकी है ? **(ख)** प्रश्नाश "क" अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ है? किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य आज पर्यंत प्रारंभ नहीं हुआ है? इसके क्या कारण हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण या प्रगति पर है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयानबे"]

विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में श्रमिकों का पंजीयन

[श्रम]

79. (क्र. 667) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिले में विगत दो वर्षों में छ.ग.भवन सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए?

प्राप्त आवेदनाे ं में कितनों श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण किया जा चुका है एवं कितने लंबित हैं? वर्षवार, विकासखण्डवार, जानकारी देवें? **(ख)** उक्तवधि में पंजीकृत कितने श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिया गया है? उक्तावधि में श्रमिकों के प्रशिक्षण हेतु जिले को कितनी आबंटन राशि प्राप्त हुई है? कितने श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया गया? प्राप्त आबंटन राशि का कितना व्यय किया गया व कितनी राशि शेष है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) मुंगेली जिला में विगत 02 वर्षों (2024 एवं 2025) में छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन, पंजीयन एवं नवीनीकरण तथा लंबित आवेदनों की वर्षवार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार है।**छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में असंगठित कर्मकार के पंजीयन का नवीनीकरण का प्रावधान नहीं है। मंडल अंतर्गत असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु प्राप्त आवेदन, पंजीयन एवं लंबित आवेदनों की वर्षवार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है।(ख)** उक्त अवधि में छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना अंतर्गत 27,214 निर्माण श्रमिकों को निःशुल्क पंजीयन कर तथा मंडल अंतर्गत संचालित अन्य योजनाओं में 1265 निर्माण श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों को लाभांवित किया गया है। छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं से पंजीकृत 99 असंगठित कर्मकार एवं उनके परिवार के सदस्यों को लाभांवित किया गया है। प्रश्नांकित अवधि में छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु आबंटन राशि, श्रमिकों के प्रशिक्षण, व्यय एवं शेष राशि की जानकारी निरंक है तथा छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु राशि जिलों को आबंटित नहीं की जाती है। उक्त अवधि में श्रमिकों के प्रशिक्षण की जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरानबे"]

समग्र शिक्षा योजना के तहत व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती

[स्कूल शिक्षा]

80. (क्र. 673) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षकों की भर्ती की गई है ? यदि हां, तो कब -कब एवं किनके माध्यम से ? वर्ष 2022-2023 से जनवरी, 2026 तक का विवरण उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या भर्ती में गड़बड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई ? यदि हां, तो क्या उसकी जांच कराई गई ? जांचकर्ता अधिकारी का नाम बतावें ? **(ग)** क्या जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन ने संबंधित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये हैं ? यदि हां, तो संबंधित दोषी अधिकारी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है ? विस्तृत विवरण दें?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जी हाँ, प्रदेश में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की भर्ती की गई है। समग्र शिक्षा अंतर्गत 2015-16, 2016-17, 2018-19 तथा 2021-22 में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन में पंजीकृत व्यावसायिक ट्रेनिंग प्रदाताओं के माध्यम से की गई तथा 2025-26 में जेम पोर्टल द्वारा चयनित व्यावसायिक ट्रेनिंग प्रदाता के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षकों की भर्ती की गई। वर्ष 2022-23 से जनवरी, 2026 तक व्यावसायिक प्रशिक्षकों के भर्ती का विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	वर्ष	व्यावसायिक ट्रेनिंगप्रदाता का नाम	भर्ती की गई व्यावसायिक प्रशिक्षकों की संख्या
1	2022-23	निरंक	निरंक
2	2023-24	निरंक	निरंक

3	2024-25	निरंक	निरंक
4	2025-26	लर्नेट स्किल लिमिटेड	254
		ग्राम तरंग एम्प्लोयाब्लिलिटी ट्रनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	106
		इंडस एदुटेन प्राइवेट लिमिटेड	172
		स्किल ट्री कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड	173
		आईसेक्ट लिमिटेड	92
		निटकॉन	90
		कुल	887

(ख) जी हाँ, भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हुई है। जी हां, प्राप्त शिकायत की जांच के लिए 03 सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराई गई। प्रारंभिक जांच समिति में (1) श्री डी. के. कौशिक, उप संचालक, समग्र शिक्षा अध्यक्ष, (2) श्री ए. के. सारस्वत, उप संचालक, समग्र शिक्षा सदस्य (3) श्री ब्रजेश वाजपेई, उप संचालक, समग्र शिक्षा- सदस्य थे। **(ग)** जी हाँ, पुलिस जांच प्रक्रियाधीन है।

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की वेतनवृद्धि

[श्रम]

81. (क्र. 674) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित पावर प्लांटों एवं वृहद उद्योगों में जनवरी, 2026 तक कुल कितने कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल कर्मचारी कार्यरत हैं? उनमें से स्थानीय कर्मचारियों की संख्या बतावें? **(ख)** प्रश्न 'क' के अनुसार उन कर्मचारियों को किस नियम से वेतन दिया जा रहा है? वेतन की गाइडलाईन का विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** प्रश्न 'ख' के अनुसार उन कर्मचारियों के वेतन में विगत 02 वर्षो में कब-कब वृद्धि की गयी है ? विवरण देवें? **(घ)** यदि उन कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि नहीं की गयी है तो क्यों ? इस स्थिति में शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ? बतावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार उद्योग केन्द्र महासमुंद से प्राप्त जानकारी अनुसार महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित पावर प्लांटों एवं उद्योगों में जनवरी, 2026 की स्थिति में 2023 अकुशल, 1213 कुशल एवं 496 प्रबंधकीय वर्ग के कर्मचारी कार्यरत है। इनमें से 2006 अकुशल, 1099 कुशल एवं 450 प्रबंधकीय वर्ग के कर्मचारी स्थानीय है।**(ख)** प्रश्नांस 'क' के अनुसार कार्यरत कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रेणीवार निर्धारित न्यूनतम वेत न भुगतान किए जाने का प्रावधान है।दिनांक 01.04.2024 से दिनांक 31.03.2026 तक प्रभावशील न्यूनतम वेतन दर की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं ब अनुसार है।(ग)** न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा घोषित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर प्रत्येक छः माह में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते में परिवर्तन कर न्यूनतम वेतन की दरें जारी की जाती है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ एवं ब अनुसार है।(घ)** न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 अंतर्गत प्रत्येक छः माह में घोषित न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किए जाने के संबंध में कर्मचारियों से विभाग को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरानबे"]

भवन निर्माण उपकर (1 प्रतिशत) की वसूली, उपयोग तथा उपकर वसूली

[श्रम]

82. (क्र. 682) श्री ओंकार साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि : **(क)** वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक जिला धमतरी व कांकेर अंतर्गत संकलित भवन निर्माण उपकर राशि में से श्रम भवनों के निर्माण, संधारण (मरम्मत) तथा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत कितनी राशि व्यय की गई है? **(ख)** क्या धमतरी एवं कांकेर जिलों में विगत तीन वर्षों (वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक) में भवन निर्माण उपकर देय संस्थानों/एजेंसियों/निर्माणकर्ताओं द्वारा उपकर राशि जमा न किए जाने के प्रकरण संज्ञान में आए हैं? यदि हाँ, तो उक्त अवधि में दोनों जिलों में उपकर अदायगी हेतु जारी नोटिसों की कुल संख्या, नोटिसित संस्थानों में से उपकर राशि जमा करने वाले संस्थानों की संख्या तथा वसूल की गई कुल राशि का विवरण दें? **(ग)** उपरोक्त अवधि में धमतरी एवं कांकेर जिलों में भवन निर्माण उपकर की वसूली हेतु लंबित प्रकरणों की संख्या कितनी है तथा वसूली सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा की गई वैधानिक/दंडात्मक कार्रवाई का विवरण दें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक जिला धमतरी व कांकेर से भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 अंतर्गत संकलित उपकर राशि में से श्रम भवनों के निर्माण, संधारण (मरम्मत) व्यय नहीं किया गया है अपितु प्राप्त उपकर राशि का व्यय मंडल द्वारा संचालित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया गया है।जिला धमतरी एवं कांकेर में उक्त अवधि में मण्डल अंतर्गत संचालित योजनाओं पर राशि 83,34,43,248/- रूपये व्यय की गई है।**(ख)** जी हां। धमतरी जिले में वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के प्रावधानानुसार निर्माण संबंधी कार्यो पर उपकर जमा नही किए जाने के 26 प्रकरण संज्ञान में आये है, जिसके संबंध में सभी संस्थानों/एंजेसियों/निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी किया जाकर 24 संस्थानों/ एंजेसियों/निर्माणकर्ताओं से राशि 26,75,152/- रूपये उपकर की वसूली की गई है। वसूल की गयी राशि की विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**जिला-कांकेर अंतर्गत उपकर राशि जमा नहीं करने संबंधी कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं आई है।**(ग)** प्रश्नांकित अवधि में जारी किए गए नोटिस के विरूद्ध जिला धमतरी में भवन निर्माण उपकर वसूली हेतु 02 प्रकरण पर कार्यवाही निरंतरित है। जिला कांकेर अंतर्गत उपकर वसूली हेतु लंबित प्रकरणों की जानकारी निरंक है। उपकर राशि वसूली सुनिश्चित किये जाने हेतु उपकर निर्धारण अधिकारी के द्वारा भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के प्रावधानानुसार कार्यवाही की जाती है।उक्त अधिनियम की धारा-08 के अनुसार विलम्ब से उपकर जमा करने पर वर्ष 2023-24 में जिला धमतरी के द्वारा राशि 4,24,888/- रूपये ब्याज राशि की वसूली की गई है, जिसकी विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पंचानबे"]

नगरीय निकायों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

83. (क्र. 685) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कांकेर गरियाबंद, महासमुंद एवं धमतरी जिलों के नगरीय निकायों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) के निर्माण हेतु कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई है? कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि क्या थी तथा वर्तमान में प्रत्येक प्लांट की अद्यतन निर्माण स्थिति क्या है? **(ख)** उक्त STP का निर्माण किस ठेकेदार/एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है तथा अब तक ठेकेदार को कुल कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है? क्या कहीं निर्माण कार्य पूर्ण होकर प्लांट का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है? यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं? **(ग)** समय-सीमा में

कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा भविष्य में परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) कांकेर गरियाबंद, महासमुंद एवं धमतरी जिलों के नगरीय निकायों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) के निर्माण हेतु कुल राशि रू. 10767.52 लाख स्वीकृत की गई है। निकायों में एस.टी.पी. निर्माण कार्य को पूर्ण करने निर्धारित तिथि एवं अद्यतन स्थिति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** निकायों में एस.टी.पी. निर्माण कार्य किये जाने वाले एजेंसियों/ठेकेदारों का नाम निम्नानुसार है:-

क्र.	निकाय	एजेसीं/ठेकेदार का नाम
1	नगर पालिका कांकेर	में.सुधाकर इन्फ्राटेक प्रा.लि. हैदराबाद।
2	नगर पंचायत राजिम	में.एड्रोयट एसो. प्रा.लि. 75-76 सेक्टर-ए, साईनाथ कालोनी इंदौर, म.प्र.।
3	नगर निगम धमतरी	मे. तेजस कंस्ट्रक्शन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. पूणे महाराष्ट्र।
4	नगर पालिका महासमुंद	में.एड्रोयट एसो. प्रा.लि. 75-76 सेक्टर-ए, साईनाथ कालोनी इंदौर, म.प्र.।

शेष **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ग)** 1. नगर पालिका कांकेर की सीवरेज योजना हेतु दिनांक 19.02.2021 को कार्यादेश जारी किया गया। कार्य को पूर्ण करने की समयावधि 18 माह निर्धारित थी। कोरोना महमारी, निर्माण कार्य क्षेत्र में विद्युत पोल के होने से, वृक्षों की कटाई नहीं होने से, वर्षा ऋतु में पाईप लाईन बिछाने एवं नाला निर्माण कार्य में विलंब हुआ। इस हेतु ठेकेदार को दिनांक 15.10.2024 तक अतिरिक्त समयावधि दिया गया। कार्य में विलंब किये जाने से ठेकेदार को 1.00 लाख की पेनाल्टी अधिरोपित की गई है। 2. नगर पंचायत राजिम की सीवरेज योजना हेतु दिनांक 19.01.2021 को कार्यादेश जारी किया गया। कार्य को पूर्ण करने की समयावधि 15 माह निर्धारित थी। कोरोना महमारी एवं भूमि आबंटन में विलंब होने से निर्माण कार्य में विलंब हुआ। इस हेतु ठेकेदार को दिनांक 17.08.2023 तक अतिरिक्त समयावधि दिया गया।3. नगर निगम धमतरी की सीवरेज योजना हेतु दिनांक 13.05.2021 को कार्यादेश जारी किया गया। कार्य को पूर्ण करने की समयावधि 18 माह निर्धारित थी। कोरोना महमारी, भूमि आबंटन प्रक्रिया एवं विद्युत कनेक्शन प्राप्त होने से विलंब हुआ। इस हेतु ठेकेदार को दिनांक 31.07.2024 तक अतिरिक्त समयावधि दिया गया।उपरोक्तानुसार तीनों शहरों में नियमानुसार समयावृद्धि प्रदान करते हुए योजना को पूर्ण किया गया। ठेकेदारों एवं अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है। भविष्य में परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्तरों में कार्यो की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियानबे"]

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय शालाओं में अहाता निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

84. (क्र. 693) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला,हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों मे अहाता निर्माण हुआ है और कहां-कहा पर नहीं हुआ है? विद्यालयवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका 'क' के अंतर्गत जिन-जिन स्कूलों में अहाता निर्माण नहीं हुआ है, वहां अहाता निर्माण कब तक किया जाएगा?

स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री गजेन्द्र यादव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नही है।

उद्योगों को दिया जाने वाला अनुदान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

85. (क्र. 730) श्री किरण देव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित उद्योगों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान दिया जाता है? **(ख)** वर्ष 2021 से जनवरी, 2026 तक बस्तर संभागान्तर्गत स्थापित किन-किन उद्योगों को कितना-कितना अनुदान दिया गया ? वर्षवार, जिलेवार, इकाईवार जानकारी उपलब्ध करावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) हाँ, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित उद्योगों को प्रचलित औद्योगिक नीति के तहत पात्र श्रेणी के उद्योगों को अनुदान प्रदान किया जाता है। **(ख)** वर्ष 2021 से जनवरी 2026 तक बस्तर संभाग अंतर्गत स्थापित उद्योगों को प्रदान किये गए अनुदान का वर्षवार, जिलेवार, एवं इकाईवार**जानकारी पुस्तकालय रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।**

रायपुर के एक्सप्रेस-वे से लगे आवासीय परिसरों/भवनों का कामर्शियल उपयोग

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

86. (क्र. 803) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** क्या रायपुर नगर पालिका निगम क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे से लगे आवासीय परिसरों, शंकरनगर, तेलीबांधा व देवेन्द्र नगर मुख्य मार्गों के निर्मित भवनों को कॉमर्शियल किया गया है? यदि हां तो अद्यतन जानकारी देवें? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित क्षेत्रों के निर्मित आवासीय परिसर व अन्य भवनों में कॉमर्शियल उपयोग हो रहा है? यदि हां, तो अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के कुल 28 निर्मित भवनों में से 17 भवनों का नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 के तहत नियमितीकरण किया गया है एवं 01 भवन का छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308 ''क'' के तहत राजीनामा किया गया है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** जी हां। प्रश्नांश ''क'' में उल्लेखित क्षेत्रों में निर्मित आवासीय परिसर व अन्य भवनों में कॉमर्शियल उपयोग हो रहा है। जिस पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308 ''क'' के तहत 01 भवन का राजीनामा किया गया एवं छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितीकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 के तहत 17 भवनों का नियमितीकरण किया गया तथा शेष 10 भवनों को छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा के तहत नोटिस की कार्यवाही की गई।

[संलग्न "परिशिष्ट - सन्तानबे"]

प्रदेश के शहरों में नालंदा परिसर/लाइब्रेरी का निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

87. (क्र. 804) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में राज्य के किन-किन शहरों में नालंदा परिसरों/लाईब्रेरी भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है? निर्मित/निर्माणाधीन भवनों का क्षेत्रफल, लागत राशि व ठेकेदारों के नाम सहित विवरण देवें? **(ख)** क्या निर्मित/निर्माणाधीन भवनों की निविदा दरों पर विसंगति अथवा भिन्नता है? यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार

है।(ख) नालंदा परिसर हेतु पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित की गई है ऑनलाईन निविदा के माध्यम से दरे प्राप्त हुई है। निविदा में प्राप्त दरें संलग्न **प्रपत्र-ब अनुसार है।** निविदाओं में दरें अधिक प्राप्त होने पर सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर निगोशियेशन कियाजाकर दर अनुमोदित किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अन्ठानबे"]

बालोद जिले में निर्माणधीन फूडपार्क

[वाणिज्य एवं उद्योग]

88. (क्र. 886) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अद्यपर्यन्त कितने फूडपार्क कहां-कहां, कितने क्षेत्रफल में कितने लागत से स्थापित किये गये? बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया था? किन-किन फूडपार्क की प्रशासकीय स्वीकृति कब-कब प्राप्त हुई है? फूडपार्क निर्माण का कार्य किन-किन ऐजेंसी को दिया गया है? **(ख)** कौन-कौन से फूडपार्क का निर्माण पूर्ण हो चुका है, कौन सा निर्माणाधीन है एवं शेष का निर्माण कब तक पूर्ण हो जावेगा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सीएसआईडीसी लिमिटेड से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अद्यपर्यन्त 11 फूडपार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन औद्योगिक क्षेत्र हेतु राज्य के विभिन्न स्थानों में स्थापित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 500.00 लाख रुपये तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रुपये 43.41 लाख का बजट प्रावधान किया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति, निर्माण करने वाली एजेंसी तथा लागत संबंधी जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। **(ख)** सीएसआईडीसी लिमिटेड से प्राप्त जानकारी अनुसार फूडपार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन हेतु कुल 11 स्थानों पर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 02 फूडपार्क ग्राम-पाकेला, विकासखंड-कोंटा तथा ग्राम-फंदीगुड़ा, विकासखंड-कोंटा, जिला सुकमा निर्माणाधीन है। फूडपार्क के निर्माण पूर्ण होने की संभावित अवधि संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - निन्यानबे"]

बिलाईगढ़ विधानसभा के क्षेत्र अंतर्गत नगरीय निकायों में आवास निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

89. (क्र. 923) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अब तक कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और कितने स्वीकृत किए गए हैं? **(ख)** क्या बजट की कमी या तकनीकी कारणों से कई आवासों की किश्तें रुकी हुई हैं? यदि हाँ, तो लंबित किश्तों का विवरण क्या है और इनका भुगतान कब तक किया जाएगा? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में इस क्षेत्र के लिए कितने नए आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 05 नगर पंचायतों में कुल 3747 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें पात्र पाये गए 456 हितग्राहियों के आवासों की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हुई है तथा 240 पात्र हितग्राहियों हेतु आवासों की स्वीकृति का प्रस्ताव भारत सरकार की ओर स्वीकृति हेतु प्रेषित है। **(ख)** जी नहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत राज्य में बजट एवं किसी भी प्रकार की तकनीकी कारणों से आवासों की किश्तें नही रूकी हैं। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 एक मांग आधारित योजना है, जिसमें संबंधित नगरीय निकायों से योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों के आवासों की स्वीकृति हेतु

प्राप्त प्रस्तावों का भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त की जाती है। योजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा क्षेत्रवार/वर्षवार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

प्रपत्र

क्र	वर्ष	इकाई का नाम	कार्य का नाम	एजेंसी का नाम	स्वीकृत राशि (रू.)	व्यय राशि (रू.)
1	2	3	4	5	6	7
1	2023-24	छ.ग. पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर	जिला जांजगीर–चांपा के ई–गर्वनेंस कार्यों को बढ़ावा देने हेतु वेबसाईट का निर्माण	प्रभारी अधिकारी, ई–गर्वनेंस सोसायटी, जिला कार्यालय, जांजगीर–चांपा	199370.00	199370.00
2	2023-24		स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय, भैंसो तथा महात्मा ज्योतिबा राव फूले उत्कृष्ट विद्यालय, डोंगाकोहरौद के पुस्तक एवं फर्नीचर सामग्री क्रय कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, पामगढ़, जिला जांजगीर–चांपा	1182886.00	1182886.00
3	2023-24		स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय, भैंसो में शौचालय निर्माण कार्य तथा महात्मा ज्योतिबा राव फूले उत्कृष्ट विद्यालय, डोंगाकोहरौद में अहाता तथा शौचालय निर्माण कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, पामगढ़, जिला जांजगीर–चांपा	1104000.00	882000.00
4	2023-24		भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चांपा के भवन मरम्मत कार्य	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चांपा संभाग चांपा	3000000.00	2326869.00
5	2023-24	राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री प्रवास के दौरान प्राप्त राशि	ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप, 2023 में भाग लेने हेतु जिला जांजगीर–चांपा के कराटे खिलाड़ियों का आर्थिक सहयोग हेतु	जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला जांजगीर–चांपा	110000.00	110000.00
6	2023-24	राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री प्रवास के दौरान प्राप्त राशि	जिले के कराटे खिलाड़ियों को खेल सामग्री प्रदाय करने बाबत्	जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला जांजगीर–चांपा	150000.00	150000.00
7	2023-24	राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री प्रवास के दौरान प्राप्त राशि	रक्षित केन्द्र जांजगीर स्थित हेलीपेड, वेटिंग रूम एवं गेट का मरम्मत	रक्षित निरीक्षक, रक्षित आरक्षी केन्द्र, पुलिस लाईन, जांजगीर	510000.00	510000.00
8	2023-24	जांजगीर शाखा बैंक खाता के ब्याज की राशि मद से	जिला जांजगीर–चांपा के कराटे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप हैदराबाद में भाग लेने आर्थिक सहयोग हेतु	जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला जांजगीर–चांपा	55000.00	55000.00
9	2023-24		सेना भर्ती रैली 2023–24 हेतु स्टेशनरी एवं रिफ्रेशमेंट सामग्री का क्रय एवं भुगतान	प्रभारी अधिकारी, वित्त शाखा, कार्यालय कलेक्टर, जिला जांजगीर–चांपा	93155.00	93155.00
10	2023-24		पंचायत निरीक्षण हेतु बनाये गये मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेबसाईट के देयक का भुगतान	प्रभारी अधिकारी, ई–गर्वनेंस सोसायटी, जिला कार्यालय, जांजगीर–चांपा	70800.00	70800.00
11	2023-24		अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के दौरान लगाये गये सी. सी.टी.व्ही. कैमरा, नेटवर्किंग, इंटरनेट एवं लैन केबल के देयकों का भुगतान	प्रभारी अधिकारी, ई–गर्वनेंस सोसायटी, जिला कार्यालय, जांजगीर–चांपा	194796.00	194796.00

अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

12	2023-24		नगर पालिका जांजगीर–नैला अंतर्गत नेताजी चौक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापना	मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद जांजगीर–नैला	495000.00	495000.00
13	2023-24		कार्यालय कलेक्टर, जिला जांजगीर–चांपा में छत्तीसगढ़ी महतारी की आदमकद प्रतिमा स्थापना	मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद जांजगीर–नैला	1030000.00	412000.00
14	2023-24	चांपा शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा खाता के ब्याज की राशि मद से	सैनिक भर्ती रैली 2023–24 के आयोजन हेतु अस्थाई टेंट व्यवस्था कार्य का देयक भुगतान	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चांपा संभाग चांपा	1209046.00	1209046.00
15	2023-24	चांपा शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा खाता के ब्याज की राशि मद से	सैनिक भर्ती रैली 2023–24 के आयोजन हेतु अस्थाई विद्युत व्यवस्था कार्य का देयक भुगतान	अनुविभागीय अधिकारी, लो.नि.वि. वि./यां. जांजगीर	500074.00	500074.00
16	2023-24		जिला जांजगीर–चांपा में आयोजित अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के दौरान प्रयुक्त वाहन एवं पी.ओ.एल. देयक का भुगतान	प्रभारी अधिकारी, वाहन शाखा, कार्यालय कलेक्टर, जिला जांजगीर–चांपा, छ.ग.	820146.00	820146.00
17	2023-24		अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग./के विद्यार्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र छपाई के लिये सी.एस.आर. मद से प्रशासकीय स्वीकृत करने बाबत्।	सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला जांजगीर–चांपा	600000.00	552960.00
18	2023-24		रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलिटेक्निक जांजगीर हेतु 01 नग फ्लोर क्लिनिंग मशीन प्रदाय करने बाबत्।	मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद जांजगीर–नैला	200000.00	200000.00
19	2023-24		ग्राम पंचायत कुदरी में स्व सहायता समूह के आजीविका संवर्धन हेतु शेड निर्माण कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बलौदा, जिला जांजगीर–चांपा	610000.00	610000.00
20	2023-24		ग्राम पंचायत कुदरी में पर्यटन प्रोत्साहन हेतु गार्डनिंग कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बलौदा, जिला जांजगीर–चांपा	235000.00	235000.00
21	2023-24		गरीबी रेखा में आने वाले युवाओं के शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने अग्निवीर वायुसेना के पंजीयन शुल्क का भुगतान	जिला रोजगार अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा, छ.ग.	51920.00	51920.00

अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

22	2023-24		अकांक्षा आवासीय विद्यालय हेतु हाई स्पीड डॉक्यूमेंट स्कैनर उपलब्ध कराने हेतु	प्रभारी अधिकारी, आकांक्षा, आवासीय विद्यालय, जांजगीर	84476.00	84476.00
23	2023-24	के.एस.के. महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, नरियरा	ग्राम रोगदा में माध्य./पूर्व माध्य. शाला में अहाता निर्माण	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, अकलतरा, जिला जांजगीर–चांपा	1000000.00	999000.00
24	2023-24		ग्राम रोगदा लक्ष्मनीया तालाब में पिचिंग पचरीवाल निर्माण कार्य		1000000.00	999000.00
25	2023-24		ग्राम अमोरा उप स्वा.केन्द्र में शेड निर्माण	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, अकलतरा, जिला जांजगीर–चांपा	1000000.00	999900.00
26	2023-24		ग्राम अमोरा प्रा./माध्य. शाला लोडर में अहाता निर्माण कार्य		1000000.00	999500.00
योग					**16505669.00**	**14942898.00**
27	2024-25	रेडियंट क्रोल बेनीफिकेशन, हिन्द मल्टी सर्विसेस बिरगहनी एवं महावीर कोलवाशरी, बलौदा	युवाओं के कौशल विकास हेतु सी–मार्ट भवन में कंटेंट क्रिएशन लैब की स्थापना कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नवागढ़, जिला जांजगीर–चांपा	1996000.00	798400.00
28	2024-25	एम.व्ही.के. इंडस्ट्रीज प्रा. लि. अमरताल, जिला जांजगीर–चांपा	कलेक्टोरेट परिसर, जांजगीर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा स्थापना कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नवागढ़, जिला जांजगीर–चांपा	299000.00	299000.00
29	2024-25	के.एस.के. महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, नरियरा	बनारी चौक में प्रवेश द्वार निर्माण तथा अन्य कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नवागढ़, जिला जांजगीर–चांपा	4998000.00	1999200.00
30	2024-25	गेल इंडिया लिमिटेड, रायपुर	पुलिस लाईन, ग्राम पंचायत खोखरा, वार्ड क्र. 20, वि.खं. नवागढ के खेल मैदान में पाईप लाईन कार्य	कार्यापालन अभियंता, लो. स्वा. यांत्रिकी, जिला जांजगीर–चांपा	1677000.00	151000.00
31	2024-25	गेल इंडिया लिमिटेड, रायपुर	जिला जांजगीर–चांपा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा आवश्यक मेडिकल उपकरण क्रय कार्य	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा, छ.ग.	47200000	47196000
32	2024-25	एन.टी.पी.सी. लिमिटेड, रायपुर	जिला जांजगीर–चांपा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा आवश्यक मेडिकल उपकरण क्रय कार्य	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा, छ.ग.	10192000.00	10164360.00
33	2024-25	उप महाप्रबंधक एन.टी.पी.सी. लिमिटेड, सीपत, बिलासपुर	ग्राम पंचायत हरदीविशाल, बलौदा के आंगनबाड़ी केन्द्र 28 हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बलौदा, जिला जांजगीर–चांपा	1031000.00	824800.00
योग					**67393000.00**	**61432760.00**
34	2025-26	छ.ग. पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर	कु. अमिता श्रीवास (पर्वतारोही) को माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई हेतु आर्थिक सहायता	जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जांजगीर, जिला जांजगीर–चांपा	3800000.00	3600000.00
35	2025-26		सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा के नवीन भवन निर्माण कार्य	कार्यपालन अभियंता, हाउसिंग बोर्ड, संभाग सक्ती	31000000.00	12400000.00

अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

36	2025-26		कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बरगांव में पुस्तकालय की स्थापना कार्य	जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जिला जांजगीर–चांपा	506000.00	0.00
37	2025-26		कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हरदी में पुस्तकालय की स्थापना कार्य		506000.00	0.00
38	2025-26		कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, ससहा में पुस्तकालय की स्थापना कार्य		506000.00	0.00
39	2025-26		कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पहरिया में पुस्तकालय की स्थापना कार्य		506000.00	0.00
40	2025-26		कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा, में पुस्तकालय की स्थापना कार्य		506000.00	0.00
41	2025-26		नगर पालिका परिषद, चांपा क्षेत्रांतर्गत हनुमानधारा में विभिन्न विकास कार्य	मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, चांपा	29830000.00	11932000.00
42	2025-26		कु. शालू डहरिया को अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आर्थिक सहायता	जिला प्रशासन	170000.00	170000.00
43	2025-26		जिला जांजगीर–चांपा के चिन्हित 07 पर्यटन स्थलों जियो टैगिंग एवं ऑनलाईन प्रचार प्रसार	नोडल अधिकारी, पुरातत्व एवं पर्यटन शाखा, जिला कार्यालय जांजगीर–चांपा	150000.00	0.00
44	2025-26	ब्याज की राशि से	आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जांजगीर में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के जे.ई.ई. मेंस/नीट काऊंसलिंग फीस के भुगतान कार्य	नोडल अधिकारी, आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)	180000.00	180000.00
45	2025-26		ग्राम पंचायत कर्रा, वि.खं. नवागढ़ में मुख्य मार्ग से फिरत राम कश्यप घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नवागढ़, जिला जांजगीर–चांपा	500000.00	200000.00
46	2025-26		ग्राम पंचायत नेगुरडीह, वि.खं. नवागढ़ में मुख्य मार्ग से रामस्वरूप कश्यप के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य		500000.00	200000.00
47	2025-26	ब्याज की राशि से	ग्राम पंचायत बरबसपुर, वि.खं. नवागढ़ में रथराम घर से भर्रीखार की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य		1000000.00	400000.00
योग					**69660000.00**	**29082000.00**
महायोग					**153558669.00**	**105457658.00**

अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

परिशिष्ट - दो

तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 467) की जानकारी

प्रपत्र–"अ"

प्रदेश में पूर्ण एवं संचालित एसटीपी का विवरण

क्र.	निकाय का नाम	मद का नाम	संचालित एसटीपी का स्थल	एसटीपी के संचालन प्रारंभ होने की तिथि	एसटीपी की स्थापित क्षमता (एमएलडी में)	वर्तमान में एसटीपी की उपयोगित क्षमता (एमएलडी में)
1	2	3	4	5	6	7
1	न.नि. रायपुर	मिशन अमृत	कारा	8/1/2022	35.0	35.00
2			निमोरा	8/1/2022	90.0	90.00
3			चंदनडीह	9/30/2023	75.0	51.00
4		पर्यावरण विभाग से प्राप्त राशि से	भाठागांव	8/20/2021	6.0	6.00
5	न.नि. जगदलपुर	मिशन अमृत	बालीकोंटा	4/1/2022	25.0	13.80
6	न.नि. रायगढ	मिशन अमृत	बांझीनपाली	2/9/2022	25.0	24.25
7			अतरमुड़ा		7.0	6.23
8	न.नि. राजनांदगांव	मिशन अमृत	मोहड़	7/31/2021	6.2	3.20
9	बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड	स्मार्ट सिटी मद	कोनी	6/30/2025	6.00	2.36
10			मंगला–1 (6 एमएलडी)	2/28/2026	6.00	वर्तमान में ट्रायल एवं रन प्रगतिरत
11			पचरी घाट	3/31/2025	1.00	1.0
12	रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड	स्मार्ट सिटी मद	तेलीबांधा तालाब	12/26/2018	1.50	1.5
13	न.नि. धमतरी	राज्य बजट	ग्राम – मुजगहन, धमतरी	11/1/2024	19.60	5.0
14	न.पा. कांकेर	राज्य बजट	वार्ड क्रमांक 14 अन्नपूर्णापारा	10/1/2024	7.70	3.0
15	न.पा. गोबरानवापारा	राज्य बजट	वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास गोबरा नवापारा	9/6/2023	7.60	2.9
16	न.पा. चांपा	राज्य बजट	वार्ड न. 13 घोघरानाला चाम्पा	6/25/2025	5.30	0.75
17	न.पा. सिमगा	राज्य बजट	वार्ड क्रमांक 01 भवानी नगर सिमगा	11/15/2025	2.80	0.7
18	न.पं. राजिम	राज्य बजट	वार्ड क्रमांक 01 देवार पारा राजिम	10/28/2023	2.80	1.0
योग					**329.50**	**247.69**

अनुभाग अधिकारी
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
नया मंत्रालय, महानदी भवन
रायपुर (छ.ग.)

प्रदेश में निर्माणाधीन एसटीपी की जानकारी

(राशि रू. लाख में)

क्र.	निकाय का नाम	मद का नाम	स्वीकृत STP की संख्या	स्वीकृत STP की क्षमता (MLD में)	स्वीकृत एसटीपी के निर्माण स्थल का नाम	प्रशासकीय स्वीकृति राशि	कार्यादेश दिनांक	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि	अनुबंधित कार्य हेतु स्वीकृत राशि	अनुबंधित ठेकेदार / एजेंसी को भुगतान की गई राशि	शेष राशि	कार्य की वर्तमान भौतिक स्थिति			निर्माण की भौतिक स्थिति (प्रतिशत में)	यदि निर्माण कार्य में विलंब हुआ है तो उसका कारण
												पूर्ण	अपूर्ण / प्रगतिरत	अप्रारंभ		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1	न.नि. भिलाई	मिशन अमृत 2.0	1	150	ग्राम कचांदूर (समोधा नाला)	27415.91	7/10/2025	10/9/2027	18957.00	725.10	18231.90	-	प्रगतिरत्	-	2%	–
2	न.नि. राजनांदगांव		2	15	ग्राम कन्हारपुरी, वार्ड क्र. 29 (परी नाला)	14758.10	7/31/2025	10/30/2027	10750.00	357.50	10392.50	-	प्रगतिरत्	–	4%	–
				26	ग्राम मोहरा, वार्ड क्र. 50 (सिंगदाई नाला)											
3	न.नि. कोरबा		1	33	प्रगति नगर	16895.37	8/5/2025	11/4/2027	9940.00	442.00	9498.00	-	प्रगतिरत्	–	3%	–
4	न.नि. दुर्ग		2	30	पुलगांव वार्ड क्र. 1 (पुलगांव नाला)	18873.60	12/4/2025	3/3/2028	12950.00	201.00	12749.00	-	प्रगतिरत्	–	1%	–
				47	ग्राम उरला वार्ड क्र. 57, 58 (शंकर नाला)											
5	न.नि. अंबिकापुर		3	2	सरगंवा (वाटर पार्क) नाला	12373.13	7/23/2025	10/22/2027	9940.00	302.00	9638.00	-	प्रगतिरत्	–	4%	–
				14	लक्ष्मीपुर, वार्ड क्र. 46 (चम्पा नाला)											
				16	बांकी नाला (शंकर घाट)											
6	न.पा.परि. मनेन्द्रगढ़	स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0	2	2.50	वार्ड क्र. 22 के पास	1059.65	1/30/2026	4/30/2027	887.00	0	887.00	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	अनुबंधित एजेंसी द्वारा सर्वे कार्य एवं डिजाइन –ड्राइंग तैयार किया जा रहा है।
				0.50	पीजी कॉलेज के पास											
7	न.पा.परि. महासमुन्द		3	1.50	परसकोल के पास	1275.62	1/19/2026	4/19/2027	1226.76	0	1226.76	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग	
				2.00	बंधुआ तालाब के पास											

(राशि रू. लाख में)

क्र.	निकाय का नाम	मद का नाम	स्वीकृत STP की संख्या	स्वीकृत STP की क्षमता (MLD में)	स्वीकृत एसटीपी के निर्माण स्थल का नाम	प्रशासकीय स्वीकृति राशि	कार्यादेश दिनांक	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि	अनुबंधित कार्य हेतु स्वीकृत राशि	अनुबंधित ठेकेदार / एजेंसी को भुगतान की गई राशि	शेष राशि	कार्य की वर्तमान भौतिक स्थिति			निर्माण की भौतिक स्थिति (प्रतिशत में)	यदि निर्माण कार्य में विलंब हुआ है तो उसका कारण
												पूर्ण	अपूर्ण/ प्रगतिरत	अप्रारंभ		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
				2.00	खरोरा के पास										तथा ड्राइंग प्रगतिरत)	
8	न.पा.परि. तिल्दानेवरा		2	1.00	वार्ड क्र. 09 खम्हार कुआ रोड् के पास	872.42	0 2-02-2026	0 2-05-2027	828.19	0	828.19	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	
				2.00	वार्ड क्र. 22 मुक्तिधाम के पास											
9	न.पं. पथरिया	स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0	2	1.00	वार्ड नं. 09 एस. एल. आर.एम. के पास	472.98	10/7/2025	1/7/2027	392.55	-	392.55	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	अनुबंधित एजेंसी द्वारा सर्वे कार्य एवं डिजाइन –ड्राइंग तैयार किया जा रहा है।
				0.50	वार्ड नं. 05 मंजली तालाब के पास											
10	न.पं. सरगांव		2	1.00	वार्ड क्र 02 डबरी तालाब के पास	537.31	10/7/2025	1/7/2027	497.90	0	497.90	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	
				0.50	वार्ड क्र 13 सहसील कार्यालय के पास											
11	न.पं. पुसौर		4	0.20	बोरा डीपा टार तालाब के पास	159.93	1/30/2026	4/30/2027	151.90	0	151.90	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	
				0.20	छिंच रोड मुक्तिधाम के पास											
				0.20	तेली टार तालाब के पास											
				0.20	गोसाई खाई तालाब के पास											
12	न.पं. पाली		1	1.00	वार्ड क्र. 15 में नगर पंचायत कार्यालय के पीछे	250.60	10/15/2025	1/15/2027	199.50	0	199.50	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	

(राशि रू. लाख में)

क्र.	निकाय का नाम	मद का नाम	स्वीकृत STP की संख्या	स्वीकृत STP की क्षमता (MLD में)	स्वीकृत एसटीपी के निर्माण स्थल का नाम	प्रशासकीय स्वीकृति राशि	कार्यादेश दिनांक	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि	अनुबंधित कार्य हेतु स्वीकृत राशि	अनुबंधित ठेकेदार / एजेंसी को भुगतान की गई राशि	शेष राशि	कार्य की वर्तमान भौतिक स्थिति			निर्माण की भौतिक स्थिति (प्रतिशत में)	यदि निर्माण कार्य में विलंब हुआ है तो उसका कारण
												पूर्ण	अपूर्ण/ प्रगतिरत	अप्रारंभ		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
13	न.पं. बाड्रफनगर	स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0	2	0.50 0.50	वार्ड क्र. 03 मुख्य मार्ग पर घुरैला नाला के पास वार्ड क्र. 11में माखपोखर के पास	580.19	11/3/2025	2/3/2027	423.51	0	423.51	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	अनुबंधित एजेंसी द्वारा सर्वे कार्य एवं डिजाइन –ड्राइंग तैयार किया जा रहा है।
14	न.पं. नईलेदरी		2	1.00 0.20	वार्ड क्र. 05 वार्ड क्र. 08	465.85	10/7/2025	1/7/2027	343.43	0	343.43	-	-	अप्रारंभ	0% (सर्वेक्षण कार्य एवं, डिजाईन तथा ड्रॉईंग प्रगतिरत)	
